

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- बंगाल से सिंडिकेट और गुंडाराज का अंत करेगी भाजपा -12



पश्चिम एशिया के हालात और कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा -12



शीर्ष आठ शहरों में 23 प्रतिशत घटी सस्ते घरों की बिक्री -12



साई सुदर्शन की शानदार पारी से गुजरात ने चेन्नई को रौंद दिया -14

आज का मौसम
37.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.34 | सूर्यास्त 06.45


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

हल्द्वानी

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी 06:16 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 27 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 61, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## नहीं रहे तस्वीरों के जादूगर रघु राय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विविध रूपों को अपने कैमरे में कैद करने वाले पद्मश्री अवार्डी एवं प्रख्यात छायाकार रघु राय का रविवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। रघु के बेटे एवं छायाकार नितिन राय ने कहा, पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया। हाल में यह मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी थीं।

पंजाब प्रांत के झांग शहर में (अब पाकिस्तान में) 18 दिसंबर 1942 को जन्मे राय ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी, लेकिन 23 साल की उम्र में उन्होंने कैमरा थाम लिया और 1966 में 'द स्टेट्समैन' अखबार के मुख्य छायाकार बन गए। उसके बाद के छह दशक तक हर पल कैमरे में दर्ज होते रहे। रघु का कैमरा सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल का मूक गवाह बनता रहा। मशहूर फ्रांसीसी फोटोग्राफर हेनरी कार्टियर-ब्रेसन के शागिर्द रहे रघु ने भारतीय इतिहास के कुछ सबसे मर्मस्पर्शी पलों को अपने कैमरे में कैद किया, फिर चाहे वह 1972 का बांग्लादेश शरणार्थी संकट हो या 1984 की भोपाल गैस त्रासदी।



प्रख्यात छायाकार ने 83 की उम्र में ली अंतिम सांस कैंसर से थे पीड़ित

1972 का बांग्लादेश संकट हो या 1984 की गैस त्रासदी हर मर्मस्पर्शी पल किए कैद

अलविदा : 1942-2026

(संबंधित समग्री पेज 13 पर)

### तस्वीरों से हस्तियों के अनछुए पहलु दर्शाए

राय ने इंदिरा गांधी, दलाई लामा, मदर टेरेसा, सत्यजीत रे, हरिप्रसाद चौरसिया और बिस्मिल्ला खां जैसी प्रमुख हस्तियों की तस्वीरों के माध्यम से भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक रंगों को इस तरह कैद किया जिसने उनके जीवन को एक बिल्कुल नए स्वरूप में पेश किया और उनके अनछुए पहलुओं को दर्शाया। रोजमर्रा की सुर्खियों से कहीं आगे, राय के कैमरे ने आम आदमी और साधारण जीवन को उतनी ही, बल्कि उससे अधिक संजीदगी के साथ दर्ज किया।

## एनजीटी का ग्लेशियर के खतरे को लेकर केंद्र को नोटिस

- मध्य हिमालय की पर्वतीय ढलानों में लटके हुए ग्लेशियरों से उत्पन्न खतरे के संबंध में जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मध्य हिमालय की पर्वतीय ढलानों में लटके हुए ग्लेशियरों से उत्पन्न खतरे के संबंध में केंद्र और अन्य से जवाब मांगा है। एनजीटी एक स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने मीडिया रिपोर्ट पर गौर किया, जिसमें एक अध्ययन का हवाला देते हुए पर्यावरणीय चिंताओं को उजागर किया गया था।

एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने 24 अप्रैल को दिए एक आदेश में कहा कि, यह रिपोर्ट मध्य हिमालय में पर्वतीय ढलानों पर लटके हुए ग्लेशियर से उत्पन्न खतरे से संबंधित है, जहां पर्वतीय ढलानों पर लटके हुए अस्थिर ग्लेशियर विनाशकारी हिमस्खलन और निचले इलाकों में आपदाओं का कारण बन सकते हैं। पीठ ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय विज्ञान संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, चंडीगढ़ के चार शोधकर्ताओं ने उत्तराखंड के अलकनंदा बेसिन में ऐसे ग्लेशियरों का आकलन किया था, जो गंगा का एक प्रमुख उद्गम क्षेत्र है।



पीठ ने कहा कि, उनके निष्कर्षों से बढ़ते हुए लेकिन काफी हद तक अनदेखे खतरे के पैमाने और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तेजी से विकास के कारण मानव जोखिम में तीव्र वृद्धि का पता चला है। पीठ ने यह भी बताया कि उपग्रह छवियों और ''एलिवेशन मॉडल'' का उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने हिमस्खलन के दायरे में आने वाली अधिकतम संभावित दूरी और उनके संभावित प्रभाव का आकलन किया था और निष्कर्ष निकाला कि सबसे खराब स्थिति में प्रवाह उत्तराखंड में माना, बद्रीनाथ और हनुमान चट्टी सहित प्रमुख इलाकों तक पहुंच सकते हैं। एनजीटी ने आधिकारिक तौर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन, उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड और राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान को कार्यवाही में प्रतिवादी के रूप में शामिल किया है।

### ब्रीफ न्यूज

#### ट्रंप ने ईरान का नया शांति प्रस्ताव किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान ने एक नया शांति प्रस्ताव भेजा, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि जब मैंने इसे खारिज कर दिया तो 10 मिनट के अंदर हमें दूसरा प्रस्ताव मिला, जो काफी बेहतर है। राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि ताजा प्रस्ताव में क्या है। उन्होंने बस यही कहा कि ईरान ने काफी पेशकश की हैं। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उनकी एक शर्त यह है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका टेलीफोन के जरिये समझौता करेगा।

#### 23 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के कपाट

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड की उच्च हिमाच्छादित पर्वत कंदराओं में स्थित सिखों के पवित्र तीर्थस्थल गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 23 मई को विधि विधान से खोले जाएंगे। इसके लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था 20 मई को समारोह पूर्वक रवाना होगा। मुख्यमंत्री धामी से रविवार को उनके आवास में गुरुद्वारा प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने भेंटकर आगामी यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराने के साथ ही 20 मई के लिए यात्रा के पहले जत्थे के विदाई समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। (विस्तृत पेज-2)

## व्हाइट हाउस में ट्रंप के रात्रिभोज में गोलीबारी, बाल-बाल बचे राष्ट्रपति

### हमलावर ने 7 राउंड फायर किए, सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप को तुरंत बाहर निकाला

- जेडी वेंस, पीट हेगसेथ और मार्को रुबियो समेत कई नेता थे मंच पर
- हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में संवाददाताओं के लिए आयोजित एक हाई-प्रोफाइल रात्रिभोज के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बंदूक व चाकुओं से लैस हमलावर ने कई राउंड फायरिंग कर दी। हमले में राष्ट्रपति ट्रंप और कई वरिष्ठ अमेरिकी बाल-बाल बच गए। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत हमलावर को घेरकर हिरासत में ले लिया। गनीमत यह रही कि ट्रंप सुरक्षित रहे और उन्हें तुरंत वहां से बाहर ले जाया गया।

घटना के दौरान वहां मौजूद मेहमान अपनी जान बचाने के लिए मेजों के नीचे छिप गए। कई लोगों ने बताया कि भूमिगत विशाल बॉलरूम के बाहर गोली चलने जैसी आवाजें सुनाई दीं। फायरिंग के दौरान एक गोली एक अधिकारी को लगी लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण वह सुरक्षित रहा। दो कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है, जो कैलिफोर्निया के टॉरेंस का निवासी है। अंतरिम पुलिस प्रमुख कैरोल ने कहा कि वह इस समय यह नहीं कह सकते कि हमलावर का मकसद क्या था और यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी कि संदिग्ध का गोलीबारी में किसे निशाना बनाने का इरादा था। वाशिंगटन डीसी के अंतरिम पुलिस प्रमुख ने बताया कि संदिग्ध के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। कार्यक्रम में ट्रंप, उपराष्ट्रपति वेंस, रक्षामंत्री पीट हेगसेथ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो समेत कई नेता मौजूद थे।



प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की जानकारी देते ट्रंप व दबोचा गया हमलावर।

### ट्रंप बोले- पहले उन्हें लगा जैसे कोई 'ट्रे' गिर गई

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि पहले उन्हें लगा जैसे कोई 'ट्रे' गिर गई हो, लेकिन कई पत्रकारों ने पांच से आठ गोलियां चलने जैसी आवाजें सुनीं। राष्ट्रपति के निवास 'व्हाइट हाउस' में शनिवार रात को संवाददाताओं के रात्रिभोज के दौरान हुई गोलीबारी की घटना के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि संदिग्ध के पास कई घातक हथियार थे।

### होटल के बाहर कुछ प्रदर्शनकारी थे मौजूद

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका ईरान के साथ युद्ध जैसी स्थिति में है। कार्यक्रम से पहले होटल के बाहर कुछ प्रदर्शनकारी भी मौजूद थे। एक व्यक्ति जेल की वर्दी पहनकर पीट हेगसेथ का मुखौटा लगाए खड़ा था, जबकि दूसरे के हाथ में तख्ती थी, जिस पर लिखा था पत्रकारिता मर चुकी है। यह 2024 के बाद से तीसरी बार है जब ट्रंप की मौजूदगी में हमला हुआ है। इससे पहले पेंसिल्वेनिया में जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें घायल हुए थे।

### मोदी बोले- राहत मिली कि राष्ट्रपति ट्रंप ठीक हैं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें यह जानकर राहत मिली कि गोलीबारी की घटना के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सुरक्षित हैं और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए।

## आज भारत का युवा जॉब क्रिएटर के रूप में उभर रहा : धामी

- मुख्यमंत्री धामी ने गुरुग्राम में 'विजय पर्व' कार्यक्रम को संबोधित किया
- डायरेक्ट सेलिंग मॉडल को बताया आत्मनिर्भर भारत का सशक्त माध्यम

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज भारत का युवा केवल जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर के रूप में उभर रहा है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए देश में निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं जो भारत को नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने रविवार को गुरुग्राम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ विजय पर्व कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वर्ष 2021 में केंद्र सरकार द्वारा डायरेक्ट सेलिंग क्षेत्र के लिए उपभोक्ता संरक्षण एवं स्पष्ट नियम लागू किए गए, जिससे इस क्षेत्र में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। इन नियमों से डायरेक्ट सेलर्स के अधिकार मजबूत हुए हैं तथा पूरे सेक्टर को एक संगठित एवं भरोसेमंद ढांचा प्राप्त हुआ है। वर्तमान में डायरेक्ट सेलिंग इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे देश में निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए हैं।



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री धामी व हरियाणा के सीएम नायब सैनी।

### 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2023 में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के अंतर्गत 3.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते हुए, जिनमें से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था निरंतर सशक्त हो रही है, जिसमें जीएसडीपी में 7.23% की वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में लगभग 41% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य का वार्षिक बजट 60 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं तथा स्टार्टअप्स की संख्या 700 से बढ़कर 1750 से अधिक हो गई है। साथ ही हेलीपोर्ट और हेलीपैड की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

## दिल्ली में टेकऑफ के दौरान स्विस विमान का इंजन फेल, लगी आग

- छह घायल, चार नवजात समेत 232 लोग सवार थे विमान में
- ज्यूरिख के लिए उड़ान भरने के दौरान आई तकनीकी खराबी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हवाई अड्डे से ज्यूरिख जाने के लिए निर्धारित 'स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन' के एक विमान को उड़ान भरने के दौरान आई तकनीकी खराबी के कारण इंजन में आग लग गई। जिसके बाद पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर रनवे पर ही यात्रियों को विमान से उतारना पड़ा। एक सूत्र ने बताया कि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि विमानन कंपनी का कहना है कि छह यात्रियों को चिकित्सीय सहायता दी जा रही है। यात्रियों को चोट कैसे लगी, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

पंजीकरण संख्या एचबी-जेएचके वाले ए330-300 विमान में संचालित एलएक्स147 उड़ान को रात करीब एक बजे रवाना होना था, जिसमें चार शिशु समेत 232 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। सूत्रों के अनुसार, विमान के मुख्य पहिये की बाईं ओर से धुआं उठता देखा गया। 'लैंडिंग गियर' से धुआं निकलने की जानकारी सामने आई थी। दिल्ली हवाई अड्डा का संचालन संभालने वाली कंपनी 'डीआईएएल' ने कहा कि इस घटना से हवाई अड्डे का संचालन प्रभावित नहीं हुआ। प्रवक्ता ने कहा, भारतीय समयानुसार शनिवार रात एक बजे के आसपास उड़ान भरने के दौरान इंजन में समस्या आई। सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) से पूर्ण आपातकाल और टायर फटने की सूचना मिली थी। स्विट्जरलैंड के तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम विमान की जांच के लिए दिल्ली आएगी, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति सभी के लिए तनावपूर्ण होती है। हमारी स्थानीय टीम यात्रियों से सीधे संपर्क में हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।



## बुलंदशहर में विवाद के बाद तीन युवकों की गोली मारकर हत्या, दो लोग गिरफ्तार

- जिम में किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद दिया वारदात को अंजाम

**बुलंदशहर।** जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में वाद-विवाद के दौरान तीन युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन ने बताया कि शनिवार देर रात खुर्जा नगर क्षेत्र के सुभाष रोड स्थित एक स्कूल के पास आपसी कहासुनी में तीन लोगों को गोली मार दी गई।

सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अमरदीप (30), मनीष (28) और आकाश (18) के रूप में हुई है। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि लोगों की शिकायतों और बताए गए घटनाक्रम के अनुसार कुछ युवकों का जिम में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद यह घटना हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जन्मदिन पार्टी के दौरान आपसी कहासुनी होने पर दोस्तों के बीच विवाद हुआ था।

## विवाद के बाद मंत्री खजान दास ने बेटे की शादी आरटीआर से बाहर की स्थानांतरित

- बिना मंजूरी आयोजन के समिति के विरुद्ध हुआ मुकदमा

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राजाजी बाघ अभयारण्य (आरटीआर) के अंदर भव्य आयोजन को लेकर वन विभाग द्वारा आपत्ति जताने के बाद कैबिनेट मंत्री खजान दास ने बेटे का विवाह बेहद सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न कराया। अभयारण्य के कार्यवाहक निदेशक राजीव धीमान ने कहा कि बिना मंजूरी लिए एक बड़ा आयोजन करवाने को लेकर सुरेश्वरी मंदिर समिति के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कहा कि हरिद्वार रेंज के कर्मियों से भी स्पष्टीकरण तलब किया गया है कि कैसे वन क्षेत्र में सामान अंदर तक पहुंच गया।

प्रदेश के वन विभाग के प्रमुख (हॉफ) रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि विभाग ने मंत्री से अनुरोध किया था कि वह विवाह का मांगलिक कार्य अभयारण्य की सीमा से बाहर आयोजित कर लें। हालांकि मंत्री ने इस मामले में सहयोगी रुख अपनाया जिसके बाद शनिवार रात वहां लगे शामियाने और अन्य सामान हटवा दिए गए। मंत्री ने कहा कि वह और उनका परिवार इस प्राचीन मंदिर में 11 वर्षों से भी अधिक समय से आते रहे हैं और आस्था के कारण उन्होंने अपने बेटे का विवाह यहां संपन्न कराने के बारे में सोचा। हमने मंदिर समिति और विभागीय अधिकारियों से बात करने के बाद मंदिर परिसर को सजाया था। अगर कोई समस्या थी तो वे हमें पहले ही बता सकते थे।

**मन की बात** | प्रधानमंत्री ने कहा- जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी, बोले- बीटिंग रिट्रीट का संगीत 'वेव्स ओटीटी' पर उपलब्ध

## जनगणना 2027 में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत अहम : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वर्तमान में जारी जनगणना केवल सरकार का काम नहीं है बल्कि यह सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है तथा इसमें सभी की भागीदारी अहम है। मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी।

उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में भाग लेने और जनगणना 2027 को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, साथियो, देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। मोदी ने कहा कि घर-घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल एप है और वे हर किसी से बात करके वहीं पर उसी मोबाइल एप में जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, साथियो, इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, आप खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले आपके लिए सुविधा शुरू होगी। आप अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने पर आपको एक विशेष आईडी मिलती है और ये आईडी आपके मोबाइल या ईमेल पर आती है। वहीं, कहा कि 'बीटिंग रिट्रीट' का संगीत 'वेव्स ओटीटी' पर उपलब्ध है। इस वर्ष का 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह यादगार रहा क्योंकि वायुसेना, सेना, नौसेना और सीएपीएफ के बैंड ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति दी



### भारतीय चीज की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ी, डेरी क्षेत्र में हो रहा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने भारतीय चीज की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए रविवार को कहा कि देश का डेरी क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। भारत का स्वाद अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों की थाली तक पहुंच रहा है और भारतीय पारंपरिक स्वादों को नयी पहचान देने में डेरी क्षेत्र की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो चीज ब्रांड को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि की सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा हुई

### कल्पक्कम में 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के 'क्रिटिकैलिटी' हासिल करना ऐतिहासिक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने रविवार को 'कल्पक्कम फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के क्रांतिकता (क्रिटिकैलिटी) हासिल करने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि भारतीय परमाणु वैज्ञानिकों ने देश को गौरवान्वित किया है। कहा कि भारतीय वैज्ञानिक असैन्य परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं और उनके प्रयास राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि 'क्रिटिकैलिटी' वह चरण है, जिसमें रिएक्टर पहली बार स्वतः परमाणु श्रृंखला अभिक्रिया में सफलता हासिल करता है। इस चरण का मतलब है रिएक्टर का संचालन चरण में पहुंचना।

आईएमए देहरादून का हुआ भव्य अधिवेशन, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, मुख्यमंत्री धामी ने दी आईएमए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# पेशेवर हितों की रक्षा करने के साथ ही मानव सेवा का सशक्त मंच है आईएमए

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



अधिवेशन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. महेश कुड़ियाल।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के डॉक्टरों का हौसला बढ़ाते हुए उनसे उत्तराखंड राज्य को चिकित्सा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने की उम्मीद जतायी है।

मुख्यमंत्री ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) देहरादून शाखा द्वारा रविवार को देहरादून में आयोजित शपथ ग्रहण अधिवेशन को वर्चुअल संबोधित करते हुए नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. महेश कुड़ियाल और सचिव डॉ. अंकित पाराशर समेत सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देने के साथ आईएमए को डॉक्टरों के पेशेवर हितों की रक्षा करने व मानव सेवा करने का एक सशक्त मंच करार दिया। सीएम धामी ने अपने संदेश में कहा कि जिस समर्पण भाव से डॉक्टर्स अपने पेशे को अंजाम देते हैं वह प्रशंसनीय है, खासकर बीते दिनों चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी चिकित्सकों ने साहस, समर्पण और पूरे सामर्थ्य के साथ जो मरीजों की सेवा की वह गर्व का विषय है। इतना ही नहीं, जनसामान्य को जागरूक करने, नयी चिकित्सा पद्धति अपनाने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने में भी उनका अहम योगदान है। सीएम धामी ने विश्वास प्रकट किया कि नयी कार्यकारिणी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ करेगी।

इससे पूर्व आईएमए देहरादून शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने-अपने पद एवं दायित्वों का विधिवत शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नए पदाधिकारियों पर संगठन को नई दिशा देने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, आधुनिक तकनीकों, स्वास्थ्य



सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सा नैतिकता तथा समाज के प्रति चिकित्सकों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि जनस्वास्थ्य जागरूकता, रोग निवारण एवं समाज के समग्र स्वास्थ्य संवर्धन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्तमान समय में चिकित्सा पेशे की चुनौतियों का सामना करते हुए सेवा, समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करना अत्यंत आवश्यक है। अधिवेशन के दौरान संगठन की गतिविधियों, सदस्य हितों, चिकित्सा पेशे की गरिमा, चिकित्सकों की सुरक्षा तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

साथ ही, नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. महेश कुड़ियाल, सचिव डॉ. अंकित पाराशर, कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल अवस्थी, संयुक्त सचिव डॉ. सिद्धांत खन्ना ने संगठन की गरिमा, एकता एवं सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का संकल्प लिया। तथा आगामी वर्ष 2027 में अध्यक्ष पद के लिए डॉ. प्रवीण जिंदल का नाम चयनित किया गया।भारतीय चिकित्सा संघ, देहरादून शाखा के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, अतिथियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन भविष्य में भी चिकित्सा समुदाय एवं समाज के हित में इसी प्रकार कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखंड डॉ. सुनीता टम्टा, कुलपति दून यूनिवर्सिटी डॉ. सुरेखा डंगवाल, डॉ. आर के जैन, डॉ गीता खन्ना, पुनीत मित्तल, डॉ. संजय जैन, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

## स्टेट ब्रीफ

### महिलाओं में जमकर मारपीट, पांच गिरफ्तार

**हरिद्वार:** रविवार को सार्वजनिक स्थान पर दो पक्षों की महिलाओं में मारपीट हो गई। पुलिस ने पांच महिलाओं को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, शिवमूर्ति चौक-रेलवे गेट क्षेत्र में पुलिस टीम गश्त पर थी तो तो वहां महिलाएं आपस में गाली-गलौज और मारपीट करते मिलीं। एसआई अनीता शर्मा की टीम ने पूछताछ की तो पता चला कि, लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ, जो बाद में झगड़े में बदल गया।

### आग से छह डेरे भस्म

**देहरादून:** सहसपुर क्षेत्र में रविवार को एक रसोई से उठी चिंगरी से छह डेरे भस्म हो गए। ये डेरे कच्ची मिट्टी और घास फूस से बने थे। पुलिस ने बताया कि इंद्रा कालोनी मेदनीपुर में स्थित गुर्जरों के डेरों में आग लग गई। सेलाकुई और विकासनगर से पहुंची दमकल तथा पुलिस जवानों ने आग पर काबू पा लिया।

### समस्या का हल निकालने की तैयारी

**देहरादून:** केदारनाथ यात्रा के दौरान घोड़े-खच्चरों का उपयोग काफी संख्या में किया जाता है, जिससे रास्ते में गंदगी और दुर्गंध पैदा हो जाती है। अब इस समस्या का हल निकालने की तैयारी है। योजना के मुताबिक, आधुनिक मशीनों से घोड़े-खच्चरों की लीद और पिरूल को मिलाकर बायोमास पेलेट तैयार किए जाएंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात करोड़ों देशवासियों के लिए प्रेरणादायक: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम सुना, लोगों को किया संबोधित

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम करोड़ों देशवासियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री समाज के विभिन्न वर्गों के प्रेरक कार्यों, नवाचारों, स्टार्टअप, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण एवं लोक संस्कृति से जुड़े विषयों को प्रभावी रूप से सामने रखते हैं, जिससे लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

रविवार को राजधानी के मोथेरोवाला में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 133वें संस्करण को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित किया। कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। देश के सीमांत क्षेत्रों में भी अब रोड, रेल और आधुनिक सुविधाएं पहुंच रही हैं। उत्तराखंड, विकसित भारत के संकल्प में अपनी महत्वपूर्ण


प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के संदर्भ में लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

● **कहा-विकसित भारत के संकल्प में अहम भूमिका निभाएगा उत्तराखंड**

भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है।

बाबा केदार की भूमि से प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताया था, जिस संकल्प पर सरकार निरंतर आगे कार्य कर रही है और अब इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। राज्य सरकार का संकल्प है कि हम उत्तराखंड की संस्कृति, आस्था और साधना को हमेशा संरक्षित रखें।

### आमजन के प्रयासों को मंच मिला

मुख्यमंत्री कहा कि, प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम ने आमजन के प्रयासों को एक मंच प्रदान किया है। इससे देश के कोने-कोने में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों को पहचान मिल रही है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वातावरण बन रहा है। इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, दायित्वधारी प्रताप सिंह पंवार, सरिता डंगवाल, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### यह आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर दर्शाता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेहनत, परिश्रम और काम करने वाले लोगों को अवश्य फल मिलता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का मान, सम्मान, स्वाभिमान प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ रहा है। भारत बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभरा है। हमारा देश विज्ञान, रक्षा, एआई के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। आज हम रक्षा उपकरणों, हथियारों का निर्यात भी करते हैं, जो आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर दर्शाता है।

### हम देवभूमि का देवत्व अमर रखेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि, सरकार देवभूमि के देवत्व को हमेशा अमर रखने का काम करेगी। राज्य सरकार ने सख्त दंगारोधी कानून, धर्मांतरण कानून, नकल विरोधी कानून, जैसे कई कानून लागू किए हैं जो अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण बन रहे हैं। जहां डबल इंजन की सरकार है, वहां विकास दुगनी रफ़्तार से आगे बढ़ रहा है।


सीएम पुष्कर सिंह धामी से भेंट करते ट्रस्ट अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा।

# 23 मई को खुलेंगे पवित्र हेमकुंड साहिब के कपाट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

● **20 मई को रवाना होगा पहला जत्था, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दिया गया निमंत्रण**

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 23 मई को खुलेंगे और हेमकुंड साहिब यात्रा 2026 के लिए पहला जत्था आगामी 20 मई को रवाना होगा।

गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शासकीय आवास पर भेंट कर उन्हें पहले जत्थे के विदाई समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। यात्रा व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि हेमकुंड साहिब यात्रा को सफल, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

ट्रस्ट अध्यक्ष बिंद्रा ने आगामी यात्रा को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि, लाखों श्रद्धालु इस पावन यात्रा में शामिल होकर गुरु गोबिंद सिंह महाराज की पावन तपोभूमि के दर्शन करेंगे। पहले जत्थे का नेतृत्व पारंपरिक रूप से पंज प्यारों द्वारा किया जाएगा।

# फर्जी भूमि हस्तांतरण के मामले में जांच के आदेश

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** ऊधमसिंह नगर जिले के बाजपुर में बुक्सा अनुसूचित जनजाति की भूमि का अवैध हस्तांतरण का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती नन्नी देवी, संजू कुमार और मंगल सिंह निवासी ग्राम सैमलपुरी, तहसील बाजपुर ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके नाम खाता संख्या 20 में दर्ज 1.154 हेक्टेयर और खाता संख्या 26 में दर्ज 0.379 हेक्टेयर भूमि को कूटरचित साक्ष्यों के आधार पर सामान्य वर्ग के व्यक्ति अतुल कुमार के नाम दर्ज करा दिया गया।

शिकायत में आगे कहा गया है कि उक्त भूमि बुक्सा अनुसूचित जनजाति से संबंधित है, जिसका हस्तांतरण नियमों के अनुसार किसी सामान्य वर्ग के व्यक्ति के नाम नहीं किया जा सकता है। आरोप है कि संबंधित पक्ष प्रभावशाली है और शिकायतकर्ताओं को मामले में डराया-धमकाया गया। यहां तक कि न्यायालय से निर्णय उनके पक्ष में होने के बावजूद उन्हें भूमि पर कब्जा नहीं लेने दिया जा रहा है।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इस मामले की जांच के आदेश दे दिए। अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। समिति में उपजिलाधिकारी बाजपुर, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शामिल हैं। जांच समिति को 15 दिनों के अंदर स्पष्ट अभिमत के साथ रिपोर्ट देने को कहा गया है।

## गर्मी के चलते आज स्कूलों में अवकाश

**देहरादूनः** देहरादून में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने सोमवार 27 अप्रैल को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। इस दौरान कक्षा एक से लेकर 12वीं तक के सभी सरकारी, और निजी स्कूलों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे।

जिलाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से रविवार को जारी आदेश में कहा गया है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून और एनडीएमए के अलर्ट के अनुसार जिले में लू की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने 27 अप्रैल को भी भीषण गर्मी पड़ने की चेतावनी जारी की है। प्रशासन के मुताबिक, वर्तमान में अत्यधिक गर्मी और लू के कारण विद्यार्थियों और आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विशेष रूप से हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ गया है।

# महिला आरक्षण पर पहल की जरूरत: हरीश रावत

संवाददाता, नैनीताल

● **पूर्व सीएम बोले-उत्तराखंड विधानसभा आगे आए, राज्य में नीतिगत कमी से बढ़ रहीं समस्याएं**

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने महिलाओं को संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस दिशा में उत्तराखंड विधानसभा को पहल करनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार भी विपक्ष को विश्वास में लेकर इस विषय पर दोबारा कदम उठा सकती है।

रविवार को नैनीताल क्लब में पत्रकारों से बातचीत में रावत ने राज्य की प्रमुख समस्याओं 'आग, बाघ और जाम' को उठाया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के दौरान जंगलों में नमी बनाए रखने और चीड़ के प्रसार को रोकने के प्रयास किए गए थे, लेकिन पिछले वर्षों में इस दिशा में ठोस काम नहीं हुआ। इसके चलते जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ी हैं और वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। यातायात पर उन्होंने कहा कि वाहनों की बढ़ती संख्या के मुकाबले पार्किंग और बाइपास निर्माण नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में शहरीकरण को लेकर भी स्पष्ट नीति का अभाव है। रावत ने कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के 15 वर्ष बनाम कांग्रेस के 10 वर्ष के कार्यकाल को मुद्दा बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में आने पर बाहरी लोगों द्वारा खरीदी गई जमीनों की जांच कराई जाएगी।

# राजधानी में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाश किए गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** देहरादून पुलिस ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक शातिर अपराधी समेत दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने रविवार को बताया कि, प्रदेश में संदिग्धों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत शनिवार देर रात बसंत विहार क्षेत्र के हरबंसवाला बैरियर पर बिना नंबर प्लेट की एक नीले रंग की स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध लोगों को रुकने का इशारा किया तो वे तेज गति से अपना वाहन मोड़ते हुए हरबंसवाला टी स्टेट की ओर निकल गए। पीछा करने पर उनमें से एक बदमाश ने पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश


मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण करते एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोबाल।

घायल हो गया, जिसके बाद दोनों को घेरकर पकड़ लिया गया।

एसएसपी ने बताया कि, घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के निवासी अब्दुल्ला (37) तथा फिलहाल देहरादून के सहसपुर क्षेत्र में रह रहे सहारनपुर जिले के ही निवासी शाहनवाज के रूप में हुई है। एसएसपी के अनुसार, अब्दुल्ला पर सहारनपुर, मेरठ और गाजियाबाद में कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों बदमाशों के विरुद्ध बसंत विहार पुलिस थाने में बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों से दो तमंचे, कारतूस बरामद हुए हैं।

**तैयारी** | आदि कैलाश यात्रा की तैयारियां तेज, उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित प्रमुख आधार शिविर गूंजी में परखीं गईं व्यवस्थाएं

# सुरक्षित व सुव्यवस्थित होगी कैलाश एवं ओम पर्वत यात्रा

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** उत्तराखंड के कुमाऊं की सुप्रसिद्ध आदि कैलाश एवं ओम पर्वत यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाये जाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। तैयारियों को अंतिम रूप देने के क्रम में अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गठित टीम ने रविवार को उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित प्रमुख आधार शिविर गूंजी में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देश पर टीम ने आवासीय स्थलों, टेंट कॉलोनियों, विश्राम गृहों और अस्थायी शिविरों का जायजा लिया। यात्रियों के ठहरने की क्षमता और सुविधाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी स्थानों पर स्वच्छ और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने, जल स्रोतों की नियमित सफाई और क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने को कहा। उच्च हिमालयी क्षेत्र को देखते हुए ऑक्सीजन सिलेंडर, जीवनरक्षक दवाइयां और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती, चेक पोस्ट और निगरानी की समीक्षा की गई। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात करने को कहा गया।

### प्लास्टिक मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के निर्देश

स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, शौचालयों की साफ-सफाई और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। प्रशासन ने प्लास्टिक मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने और पर्याप्त सफाई कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए। संचार व्यवस्था के तहत दूरसंचार नेटवर्क और वायरलेस सिस्टम की समीक्षा कर दूरस्थ क्षेत्रों में संपर्क मजबूत करने पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सूचना आदान-प्रदान हो सके।



### कैलाश धाम के कपाट 1 मई को खुलेंगे

बिजली आपूर्ति, खाद्य सामग्री, राशन, यातायात प्रबंधन और यात्रा मार्गों की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत और बाधाओं को जल्द हटाने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। आदि कैलाश धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए आगामी 1 मई को खुलेंगे। जिला प्रशासन ने 26 मई से इनर लाइन परमिट के लिए आनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू की है।

## हरिद्वार में फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**हरिद्वारः** बहादराबाद थाना क्षेत्र स्थित एचपीएम इनोटेक कंपनी में रविवार को भीषण आग लग गई।

फैक्ट्री परिसर से उठता घना काला धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गयी। सूचना पर मायापुर फायर स्टेशन से दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का अभियान शुरू किया, वहीं स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली और राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। भीषण आग को नियंत्रित करने में दमकल कर्मियों को घंटों तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आखिरकार संयुक्त प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया।

# उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र 28 को

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 28 अप्रैल को होगा। इसके लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। 'नारी सम्मान - लोकतंत्र में अधिकार' को होने जा रहे इस सत्र को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को देहरादून स्थित विधान भवन में सुरक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण ने की।

बैठक में विशेष सत्र के दौरान कानून-व्यवस्था, वीआईपी एवं आगंतुक प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, फायर सेफ्टी, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, संचार तंत्र, मीडिया प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विमर्श किया गया। श्रीमती भूषण ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पूर्व तैयारियां समयबद्ध एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए सत्र के दौरान सुरक्षा, शांति बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें। बैठक में शासन, पुलिस प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी रहे।

## सिटी इंवेट्स

- सुबह 11.30 बजे स्वराज आश्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का संबोधन।
- सुबह 10 बजे से बुद्ध पार्क में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन।

## सिटी ब्रीफ

### पायथन प्रोग्रामिंग पर हुआ विशेष सत्र

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज के कॅरियर काउंसलिंग सेल और डिजिटल ट्रेनिंग लैब की ओर से आयोजित छह दिवसीय फ्यूचर टेक स्किल्स वर्कशॉप का समापन हो गया है। कार्यक्रम के समापन दिवस पर पायथन प्रोग्रामिंग और तकनीकी कॅरियर विकल्पों पर विशेष सत्र हुआ। विशेषज्ञों ने डेटा साइंस, एआई, मशीन लर्निंग और वेब डेवलपमेंट में पायथन के व्यावहारिक उपयोग प्रदर्शित किए। छात्रों ने कोडिंग और समस्या समाधान में अनुभव प्राप्त किया। डिजिटल ट्रेनिंग लैब के विशेषज्ञों ने तकनीकी स्किल और उभरते कॅरियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए।



श्रद्धांजलि

### प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय के निधन पर नैनीताल के फोटोग्राफरों ने जताया शोक, रघु राय को बताया नई पीढ़ी का मार्गदर्शक

# काश ! कुमाऊं आकर भी कैमरा क्लिक करते रघु राय...

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय के निधन पर नैनीताल के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पत्रकारों व छायाकारों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। इनका कहना है कि काश कुमाऊं आकर भी कैमरा क्लिक करते रघु राय। रघु राय को याद करते हुए नैनीताल के फोटोग्राफर अनूप शाह (पद्मश्री) कहते हैं कि, एक छोटी सी मुलाकात के बाद कई बार फोटो प्रदर्शनी के दौरान और कई सम्मेलनों में उनसे मुलाकात होती रही। इस दौरान रघु उनसे उत्तराखंड के बारे में कई बार जानकारियां लेते और कई बार कुमाऊं आने की इच्छा भी जताते थे। अनूप ने बताया कि उनकी कुमाऊं आने की इच्छा अधूरी रह गई और रविवार सुबह उनके निधन की खबर आई। रघु राय के निधन से फोटोग्राफी जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके कार्य आने वाली पीढ़ियों को लंबे समय तक प्रेरित करते रहेंगे।

अनूप शाह ने भी रघु राय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रघु राय और उनके भाई एस. पॉल दोनों ही उत्कृष्ट फोटोग्राफर थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली की फोटो प्रदर्शनियों में कई बार उनसे मुलाकात हुई और उन्हें नैनीताल आने का निमंत्रण भी दिया गया, लेकिन उनका यहां आना नहीं हो सका। अनूप शाह के अनुसार रघु राय विशेष रूप से काशी, इलाहाबाद (प्रयागराज), बनारस, हरिद्वार जैसे धार्मिक स्थलों के घाटों की फोटोग्राफी के लिए जाने जाते थे। उनकी तस्वीरों में भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और जीवन के विविध रंगों की झलक स्पष्ट दिखाई देती थी।

लंबे समय से फोटोग्राफी के क्षेत्र में सक्रिय और पुरस्कार विजेता फोटोग्राफर अहद तनवीर ने बताया कि उनकी मुलाकात दिल्ली में एक फोटो प्रदर्शनी के दौरान रघु राय से हुई थी। उन्होंने कहा कि रघु राय विश्व स्तरीय फोटोग्राफर थे और उनसे उन्होंने फोटोग्राफी की कई बारीकियां और तकनीकी पहलू सीखे। उस दौर में, जब कैमरे और तकनीकी जानकारी सीमित थी, रघु राय जैसे लोग नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बने।

लंबे समय से फोटोग्राफी के क्षेत्र में सक्रिय और पुरस्कार विजेता फोटोग्राफर अहद तनवीर ने बताया कि उनकी मुलाकात दिल्ली में एक फोटो प्रदर्शनी के दौरान रघु राय से हुई थी। उन्होंने कहा कि रघु राय विश्व स्तरीय फोटोग्राफर थे और उनसे उन्होंने फोटोग्राफी की कई बारीकियां और तकनीकी पहलू सीखे। उस दौर में, जब कैमरे और तकनीकी जानकारी सीमित थी, रघु राय जैसे लोग नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बने।



अनूप साह।



अहद तनवीर।



"देश के प्रसिद्ध छायाकार रघु राय का हमारे बीच से चला जाना, अपूर्णीय क्षति है। वह भले ही नैनीताल कभी न आए हों, लेकिन अपनी अद्भुत फोटोग्राफी के जरिए हमारे करीब रहे। गंगा के घाटों समेत अन्य तस्वीरें अजर अमर रहेंगी।
–**राजीव दुबे**, फोटोग्राफर



"छायाकारी में उनका कोई सानी नहीं था। उनकी कमी की पूर्ति नहीं हो सकती। फोटोग्राफी को आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाने वाले छायाकार रघु राय को सदा याद किया जाता रहेगा।
–**के एस सजवाण**, छायाकार (नैनीताल)



"रघु राय फोटोग्राफी जगत के महान छायाकार थे। फोटो ट्रेवलिंग में उन्हें महारत हासिल थी। ह्यूमन नेचर की उनकी फोटोग्राफी इंसान का आईना हुआ करती थी। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।
–**बृजमोहन जोशी**, छायाकार

# तपिश: 17 साल बाद सबसे ज्यादा गर्म रहा अप्रैल माह

### पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पहले चल रहे लू के थपेड़े, पारा पहुंचा 40 डिग्री सेल्सियस, अप्रैल 2009 में पारा रहा था 41.5 डिग्री

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अप्रैल में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। पारा 40 डिग्री के पार भी पहुंच गया है। गर्मी से लोग बेहाल हैं। दोपहर के समय लू के थपेड़े भी चल रहे हैं। मैदान ही नहीं पहाड़ में पारा सामान्य से ज्यादा चल रहा है।

रविवार को सुबह से ही मौसम गर्म था। दोपहर होते ही पारा चढ़ गया। लू के थपेड़े चल रहे थे और साथ ही धूल के गुबार उड़ रहे थे। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही भी अपेक्षाकृत कम थी। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पास दर्ज किया गया है और न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री दर्ज किया गया है। अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 3.4 डिग्री ज्यादा है। 25 अप्रैल को हल्द्वानी में तापमान 40.4 डिग्री था। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 17 साल पहले साल 2009 में अप्रैल ही में पारा 40 डिग्री को पार कर गया था। 20 अप्रैल 2009 को तापमान 41.5 डिग्री था। यह अप्रैल माह में आज तक दर्ज किया गया सबसे ज्यादा पारा है। इसके अलावा बाकी के सालों में अप्रैल में पारा 40 डिग्री से नीचे ही दर्ज किया गया है। यही हाल पहाड़ों का भी है।

मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री है जो सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक है।

**यूं चढ़ रहा है मैदानी इलाकों पारा**

| |
|---|
| 19 अप्रैल- 39 .4 डिग्री |
| 20 अप्रैल-39 .0 डिग्री |
| 21 अप्रैल-37 .5 डिग्री |
| 22 अप्रैल-38 .0 डिग्री |
| 23 अप्रैल-39 .2 डिग्री |
| 24 अप्रैल-39 .9 डिग्री |
| 25 अप्रैल-40 .4 डिग्री |
| 26 अप्रैल-40 .0 डिग्री |

### दो मई तक सक्रिय रहेगा पश्चिमी विक्षोभ

**हल्द्वानी :** चढ़ रहे पारे के बीच अब राहत की बात यह है कि नैनीताल जिला सहित उत्तराखंड के कई इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। दो मई तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। 28 से 30 अप्रैल तक पूरे राज्य में यलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश होने का अनुमान है जिससे तापमान में राहत आएगी और साथ ही वनाग्नि में रोक लगेगी। मैदानी इलाकों में तेज हवा भी चल सकती है। पहाड़ों में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। बारिश तेज दौर भी आ सकते हैं। यही नहीं हिमालयी के पास के क्षेत्रों में बर्फबारी होन का भी अनुमान है।

# भीषण गर्मी में बढ़ा बिजली-पानी का संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पारा जहां 40 डिग्री के पास चल रहा है तो शहर के लोग बिजली और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। हल्द्वानी के कई क्षेत्रों में घंटों तक बिजली कटौती हो रही है। बिजली कट रही है तो नलकूप पानी नहीं दे रहे हैं। गर्मी में बच्चों से लेकर बुजर्ग तक परेशान हैं।

रविवार को लाइन मेंटेनेंस के नाम पर फूलचौड़ बिजलीघर से पांच घंटे तक सप्लाई बंद रखी गई, जिससे संगम विहार फीडर से जुड़े इलाकों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही। देवलचौड़, मानपुर और डहरिया क्षेत्र के लोगों को पूरे दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गर्मी के चलते हालात और भी बदतर हो गए। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके गुप्ता का कहना है कि रोस्टर के अनुसार मेंटेनेंस कार्य किया गया और इसकी पूर्व सूचना भी दी गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आई। मल्ला ब्यूरा के चांदमारी, आदर्श कॉलोनी, न्यू कॉलोनी और सोनगोठ में भी लंबे समय तक बिजली कटौती जारी रही। स्थानीय निवासी कौशल जोशी ने बताया कि सुबह 11 बजे बिजली काट दी गई और शाम तक नहीं आई, जिससे इन्वर्टर भी जवाब दे गए और लोग गर्मी में बेहाल हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये क्षेत्र वन क्षेत्र से सटे हुए हैं, जहां अंधेरा होने पर बाहर निकलना भी जोखिम भरा हो जाता है। ऐसे में देर शाम तक बिजली न होना सुरक्षा के लिहाज से भी गंभीर समस्या है। अभी हाल ही में वन्य जीव के हमलों की वजह से लोगों की चिंता और भी बढ़ गई है।

वहीं दमुवाढूंगा और बमौरी में भी बार-बार बिजली आने-जाने से लोग परेशान हैं। बनभूलपुरा क्षेत्र के लोगों की भी शिकायत है कि उनके यहां बार-बार बिजली कट रही है। गैस सिलेंडर बचाने के लिए लोग इंडक्शन चला रहे हैं लेकिन बिजली कटौती होने से इंडक्शन चलाना मुश्किल हो रहा है।




हल्द्वानी के एक मोहल्ले में सरकारी टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

- बिजली नहीं होने से इलैक्ट्रिक उपकरण बने शोपीस

### गर्मी में पेयजल के लिए लोग परेशान

**हल्द्वानी :** रामणी जसुवा में पिछले दो सप्ताह से नलकूप खराब पड़ा है। विभाग के अनुसार मोटर नीचे गिरने के कारण खराब हो गई, जिसे अब मरम्मत के लिए भेजा गया है। छोटी मुखानी के जोशी कॉलोनी में भी नलकूप ठप है, जिससे लोगों को पानी के टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं। स्थानीय निवासी खिलानंद ने बताया कि पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। लगातार बढ़ती समस्याओं के बीच लोगों में भारी आक्रोश है। इधर, बिजली कटने की वजह से नलकूप नहीं चल पाते हैं और संबंधित क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप हो रही है।

### 44 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की संभावना

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में रविवार का दिन उमसभरा रहा और खासी गर्मी महसूस हुई। नगर का अधिकतम तापमान 30 .5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। नगर में तेज हवाएं भी खूब चली और मगर तापमान उछाल मारते चला गया। शाम होते ही तेज हवाओं का दौर भी शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रही। हवाओं में ठंडक भी महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव आया है। जिस कारण प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से हल्की बारिश संभावना आने वाले दिनों में जारी रहेगी। तेज हवाएं भी चलेंगी। 44 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात की संभावना भी रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 30 .5 व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



पुलिस की गिरफ्त में फायरिंग का आरोपी, जानकारी देते सीओ सिटी अमित कुमार सैनी।

# तो डेढ़ करोड़ के लेनदेन को लेकर चला दी थी गोली !

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- आरोपी बोला, जानबूझकर नहीं चलाई गोली, डराने का था इरादा
- कर्जदार दोस्त के साथ खनन का कारोबारी था आरोपी, जेल भेजा

**अमृत विचार :** कर्जदार दोस्त से रुपया वसूलने के लिए खनन कारोबारी रह चुके युवक ने अपने लाइसेंसी असलहे से फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि फायर वहीं टहल रहे नगर निगम के कर निरीक्षक और उनके पोते को नहीं लगा। हालांकि गोली उनके घर में जा लगी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल असलहे को जब्त कर लिया गया है।

रविवार को पुलिस बहूउद्देशीय भवन में मामले का खुलासा करते हुए सीओ सिटी अमित सैनी ने बताया कि सुभाष नगर क्षेत्र में शाम फायरिंग की घटना सामने आई थी। इस मामले में हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने सुभाषनगर निवासी कमल परमार पुत्र डुंगर सिंह परमार ने तहरीर दी। पुलिस ने इस मामले में मनीष परिहार (45 वर्ष) निवासी कृष्णा नगर फेस-ई, डहरिया को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से .32 बोर का रिवॉल्वर और कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी मूल रूप से बागेश्वर जिले का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया है कि जिस स्थान पर गोली चली, वहां कमल का दोस्त विशाल रहता है। दोनों पहले साथ में खनन का काम करते थे। बकौल कमल, उसा विशाल से डेढ़ करोड़ रुपए का लेनदेन है और विशाल उसे लगातार टरका रहा है। उसका फायर करने का इरादा नहीं था और ना ही कमल को निशाना बनाने का। सीओ ने बताया कि फिलहाल तो आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ की हल्द्वानी व नैनीताल शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन व चुनाव रविवार को तिकोनिया वन परिसर स्थित संघ भवन में हुआ। अधिवेशन में वक्ताओं ने पदोन्नति और वेतनमान की विसंगतियों को लेकर शासन के रवैये पर कड़ा रोष जताया और जल्द ठोस कार्रवाई की मांग उठाई।

चुनाव प्रक्रिया मिनिस्ट्रियल फेडरेशन के शाखा अध्यक्ष संजय सनवाल और वन वाहन चालक संघ हल्द्वानी के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रसाद की देखरेख में संपन्न हुई। इसमें हल्द्वानी शाखा के अध्यक्ष पद पर चन्द्र सिंह शाह और शाखा मंत्री पद पर सुरेश यादव को चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में खीम सिंह नदगली, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह मेहरा, संयुक्त मंत्री श्याम शरण यादव और संगठन मंत्री हरीश जोशी को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं जीवन सिंह मेहरा और रमेश गिरी को सर्वसम्मति से संरक्षक बनाया गया। अधिवेशन में कर्मचारियों ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।




शपथ ग्रहण करते चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# काठगोदाम रोडवेज डिपो में डीआर व्यवस्था पर विवाद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो में ड्यूटी रेस्ट (डीआर) व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों में असंतोष है। निगम प्रबंधन पर डीआर नियमों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने 30 अप्रैल से धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है।

संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरुवार 30 अप्रैल से सुबह 11 बजे सहायक महाप्रबंधक कार्यालय, काठगोदाम डिपो में धरना शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस संयुक्त मोर्चे में रोडवेज संयुक्त परिषद, उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन और रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन शामिल हैं। मोर्चा के संचालन की जिम्मेदारी मनोज मनराल, मनोज भट्ट और हेमंत गड़िया को सौंपी गई है। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि डिपो में पिछले 20 वर्षों से डीआर व्यवस्था लागू है, जिसके तहत कर्मचारी लंबी ड्यूटी करने को मजबूर हैं। उनका आरोप है कि निगम प्रबंधन इस व्यवस्था में बदलाव कर कर्मियों के अधिकारों को प्रभावित करना चाहता है।

# साली की शादी में विवाद के बाद जीजा ने फांसी लगाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- विवाद के बाद परिवार को शादी में छोड़कर लौटा घर, लगाई फांसी
- परिवार ने मकान मालिक को फोन किया तो अंदर से बंद मिला कमरा

**अमृत विचार :** परिवार के साथ साली की शादी में गए जीजा का परिवार से विवाद हो गया। नाराज जीजा परिवार को शादी में ही छोड़कर घर चला गया और फांसी लगाकर जान दे दी। शादी में मौजूद परिजनों ने जब मकान मालिक को फोन किया तो घटना का पता चला। जिसके बाद शादी वाले घर में मातम पसर गया। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

चोरगलिया थानाक्षेत्र के त्रिलोकपुर दानीबंगर निवासी जय प्रकाश पत्नी व बच्चों के साथ मुखानी के पीलीकोठी में किराए के घर में रहते हैं। परिजनों के मुताबिक, जय प्रकाश की साली भी हल्द्वानी में रहती है और 25 अप्रैल को उसकी शादी थी। जय प्रकाश पूरे परिवार के साथ साली की शादी में शामिल होने पहुंचे, लेकिन यहां किसी बात को लेकर परिवार में विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि जय प्रकाश नाराज हो गया और पत्नी, बच्चों को शादी में छोड़कर पीलीकोठी स्थित घर चला गया। जब वह काफी देर तक जय प्रकाश शादी में दिखाई नहीं दिया तो परिजनों ने जय प्रकाश को फोन किया, लेकिन प्रकाश ने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद रविवार को परिजनों ने पीलीकोठी में मकान मालिक को फोन किया। मकान मालिक ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर जय प्रकाश दुपट्टे से बने फंदे से लटक रहा था। पुलिस फौरन उसे नीचे उतारा और डॉ.सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी ने बताया कि शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

**सेहत** | गर्मी बढ़ने के साथ ही एसटीएच में बढ़े डायरिया और टाइफाइड के मरीज

# कटे हुए फलों और ठेले के जूस से बीमार हो रहे हैं बच्चे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** गर्मी का असर अब बच्चों की सेहत पर साफ दिखाई देने लगा है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में डायरिया, टाइफाइड और वायरल बुखार के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी में रोज बड़ी संख्या में बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दबाव बढ़ गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में तेजी से बदलाव इसका बड़ा कारण है। बाहर तेज गर्मी और घरों के अंदर एसी व कूलर की ठंड के बीच बच्चों का शरीर सामंजस्य नहीं बैठा पा रहा है। इसके अलावा खानपान में लापरवाही भी बीमारी को बढ़ा रही है। खासकर कटे हुए फल, जो लंबे समय तक खुले में रखे रहते हैं, उनमें बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। ऐसे फल खाने से बच्चों में उल्टी, दस्त और तेज बुखार की शिकायत सामने आ रही है।

इसी तरह सड़कों किनारे मिलने वाला गन्ने का रस और अन्य खुले पेय पदार्थ भी संक्रमण का कारण बन रहे हैं।

कई मामलों में देखा गया है कि बच्चे दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से बीमार पड़ रहे हैं और उन्हें ठीक होने में तीन से चार दिन या उससे अधिक समय लग रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, इसलिए वे जल्दी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं।



### गर्मियों में बच्चों को लेकर सतर्कता जरूरी: डॉ. ऋतु



हल्द्वानी। बाल रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि गर्मियों में बच्चों को लेकर विशेष सतर्कता जरूरी है। उन्होंने कहा कि "कटे फल और खुले में मिलने वाले पेय पदार्थ संक्रमण का मुख्य कारण बन रहे हैं। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को ताजा और स्वच्छ भोजन ही दें। यदि बच्चा बीमार पड़े तो खुद से दवा देने की बजाय तुरंत डॉक्टर को दिखाएं, ताकि समय रहते सही उपचार मिल सके।" स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि थोड़ी सी सावधानी और साफ-सफाई अपनाकर इन मौसमी बीमारियों से बच्चों को काफी हद तक सुरक्षित रखा जा सकता है।

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- एक बार में खाने जितना ही फल खरीदें।
- कटे हुए फल को अधिक देर तक न रखें।
- कोल्ड ड्रिंक की बजाय नींबू-पानी या घर का बना शरबत दें।
- बच्चों को तेज धूप में खेलने से बचाएं।
- ताजा व हल्का घर का भोजन ही दें।

# साह-चौधरी समाज के अध्यक्ष बने मनोज साह

**नैनीताल:** साह-चौधरी समाज की आमसभा रविवार को श्रीराम सेवक सभा भवन में हुई। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मनोज साह बैरागी को अध्यक्ष चुना गया।

नई कार्यकारिणी में हितेश साह उपाध्यक्ष, भारती साह महिला उपाध्यक्ष, शैलेंद्र चौधरी सचिव, मयंक साह संगठन सचिव, हर्षित साह उपसचिव, ममता साह महिला उपसचिव, अखिल साह कोषाध्यक्ष, मोहित लाल साह मीडिया प्रभारी और किशन लाल साह ट्रेज़रार के पद पर चुने गए। सुरेश लाल साह, सुरेश चंद्र चौधरी, मनोज साह, शैलेंद्र साह, हर्ष साह, विमल साह, घनश्याम लाल साह, मनोज साह जगाती आदि सदस्य चुने गए।

# यातायात को लेकर वाहन चालकों को दिए अहम टिप्स

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आरटीओ अरविंद पांडेय के निर्देश पर रविवार को एआरटीओ जितेंद्र सिंगवान के नेतृत्व में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टैक्सी स्टैंड लालकुआं में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में टैक्सी चालकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के तहत आयोजित फर्स्ट रिस्पॉन्डर प्रशिक्षण में एसडीआरएफ रुद्रपुर की टीम ने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को "गोल्डन ऑवर" के दौरान सुरक्षित तरीके से अस्पताल पहुंचाने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। टीम ने प्राथमिक उपचार, घायल को सही तरीके से उठाने और एम्बुलेंस आने तक जरूरी सहायता प्रदान करने की जानकारी दी।

इस मौके पर आरटीओ कार्यालय हल्द्वानी के अधिकारियों और परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार ने चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व तथा ओवरस्पीडिंग से बचने के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में विधायक मोहन सिंह बिष्ट और नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने भी लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana – Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### प्रमुख स्थलों पर दिखी रौनक, लेकिन पिछले वर्षों के मुकाबले भीड़ अब भी कम

## वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार हुई सरोवर नगरी

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में सैर-सपाटा करते पर्यटक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** वीकेंड के दौरान सरोवर नगरी नैनीताल एक बार फिर पर्यटकों की आमद से गुलजार नजर आई। बीते दो सप्ताह की तुलना में इस बार शहर में अच्छी खासी रौनक देखने को मिली, जिससे पर्यटन कारोबारियों के चेहरे भी खिल उठे। हालांकि, पिछले वर्षों के मुकाबले पर्यटकों की संख्या अब भी कम महसूस की जा रही है।

रविवार को पहुंचे सैलानियों ने नैनी झील में नौकायन, माल रोड पर चहलकदमी के साथ स्नो व्यू, टिफिन टॉप, केव गार्डन और हनुमानगढ़ी जैसे स्थलों का आनंद लिया। सुहावने मौसम, हल्की ठंडी हवा और बादलों की आवाजाही ने माहौल को और आकर्षक बना दिया। स्थानीय व्यापारियों और होटल कारोबारियों के अनुसार वीकेंड पर बुकिंग में सुधार हुआ है, लेकिन ऑक्यूपेंसी अभी भी उम्मीद से कम है। उनका मानना है कि बदलते ट्रेंड और अन्य पर्यटन स्थलों की लोकप्रियता का असर पड़ा है। इसके बावजूद वीकेंड की बढ़ी हलचल से उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में पर्यटन कारोबार फिर रफ्तार पकड़ेगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ने से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिले रहे।

## फर्जी गाइडों पर की पुलिस ने कार्रवाई

**नैनीताल:** जिलाधिकारी के निर्देश के बाद नैनीताल पुलिस ने पर्यटन स्थलों पर सक्रिय फर्जी गाइडों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। रविवार को मल्लीताल क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो लोगों का चालान किया।

जानकारी के अनुसार पुराने घोड़ा स्टैंड क्षेत्र में कुछ लोग बीच सड़क पर खड़े होकर पर्यटकों के वाहनों को रोक रहे थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को पकड़ लिया, जबकि कई फर्जी गाइड मौके से फरार हो गए। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि मल्लीताल निवासी महबूब अली और साहिल अली के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## नैनीताल के बेलुवाखान जंगल में भड़की आग

संवाददाता, नैनीताल

● रात में दोबारा लगी आग से मची अफरातफरी, दमकल-वन विभाग की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

**अमृत विचार:** हल्द्वानी रोड स्थित बेलुवाखान क्षेत्र के जंगलों में लगी आग ने शनिवार को दिन के बाद रात में फिर चिंता बढ़ा दी। सुबह आग पर काबू पाने के बाद देर रात दोबारा आग भड़कने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि दमकल और वन विभाग की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।



जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े नौ बजे चीड़ वन क्षेत्र में आग लगी, जो सूखी पत्तियों के कारण तेजी से फैलने लगी। वन और अग्निशमन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा दी थी, लेकिन देर रात करीब सवा ग्यारह बजे फिर आग लगने की सूचना मिली। बताया गया कि आग होटल सनराइज की ओर बढ़ रही थी। सूचना मिलते ही फायर सर्विस और वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर पंपिंग के जरिए आग पर काबू पाया और उसे होटल तक पहुंचने से पहले ही बुझा दिया।

एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया गया है। उन्होंने गर्मी के मौसम में लोगों से सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की है।

## रामनगर में झपट्टामार गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

### महिला का मंगलसूत्र लूटने की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

संवाददाता, रामनगर



झपट्टामार गिरोह का पर्दाफाश करते पुलिस अधिकारी, पीछे नकाब में खड़े आरोपी।

**अमृत विचार:** रामनगर पुलिस ने झपट्टा मारकर चोरी करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बीते दिनों पीरुमदारा क्षेत्र में एक महिला के गले से मंगलसूत्र झपट लिया था।

रविवार को कोतवाली में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सुमित पांडे और कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल की शाम विशन सिंह बिष्ट निवासी शांति कुंज रोड, पीरुमदारा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ खेत में सिंचाई के लिए जा रहे थे, तभी पीछे से बाइक सवार तीन युवक उनका पीछा करते हुए पहुंचे। एक युवक बाइक से उतरकर उनके पास आया और बातचीत के बहाने उनकी पत्नी के गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गया। छीना-झपटी के दौरान मंगलसूत्र के कुछ दाने मौके पर गिर गए थे। घटना के खुलासे के लिए कोतवाल सुशील कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने रामनगर और पीरुमदारा क्षेत्र में लगे करीब 60-70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने पीरुमदारा चौधरी ढाबा के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सावेज उर्फ भूरा निवासी महेशपुर काशीपुर, जुबैर निवासी किला बाजार काशीपुर और एक नाबालिग बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि वे दोबारा क्षेत्र में झपटमारी की घटना को अंजाम देने आए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से टूटा हुआ मंगलसूत्र और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में पीरुमदारा चौकी प्रभारी वीरेन्द्र सिंह बिष्ट समेत पुलिस टीम के कई जवान शामिल रहे।

## मल्लीताल में पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप

**नैनीताल:** मल्लीताल क्षेत्र में एक ही परिवार के बीच चल रहा विवाद मारपीट में बदल गया, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार बुजुर्ग प्रेमा देवी ने आपातकालीन सेवा 112 पर कॉल कर घर में विवाद की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि परिवार के सदस्य मां, दो बेटे, दो बहुएं और एक बेटी आपस में झगड़ रहे थे। बहुओं ने पतियों पर शराब पीकर परेशान करने के आरोप लगाए, जबकि बेटों ने भी अपनी पत्नियों पर आरोप लगाए। सास-बहू के बीच भी तीखी नोकझोंक हुई। विवाद बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। पुलिस ने सभी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति शांत न होने पर सख्ती दिखानी पड़ी।

एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि प्रेमा देवी, उनके बेटे आलोक व तरुण, बहुएं हिमानी व दिया और बेटी पूजा के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। सभी को भविष्य में विवाद से बचने की हिदायत दी गई है।



शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित होते सेवानिवृत्त शिक्षक ● अमृत विचार

## भीमताल में सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई

संवाददाता, भीमताल:

● राजकीय शिक्षक संघ के आयोजन में शिक्षकों के योगदान को सराहा, नई पीढ़ी को मिली प्रेरणा

**अमृत विचार:** राजकीय शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई भीमताल द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनके सेवाकाल की सराहना की गई।

मुख्य अतिथि डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है और सेवानिवृत्ति के बाद भी उसका अनुभव समाज के लिए अमूल्य धरोहर बना रहता है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाते हैं और नई पीढ़ी को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी, भीमताल ने की। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर चलने की यह पहल सराहनीय है और इससे संगठन की एकजुटता मजबूत होती है। ब्लॉक अध्यक्ष हरि शंकर काण्डपाल ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन दीप चंद्र पंत और डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने संयुक्त रूप से किया।

## लोअर मॉलरोड के ट्रीटमेंट कार्य में आई तेजी

**नैनीताल:** लोअर मॉलरोड के स्थायी ट्रीटमेंट कार्य में माइक्रो-पाइल ड्रिलिंग के दौरान आई तकनीकी अड़चनों के बाद अब ओडीईएक्स तकनीक अपनाकर काम को आगे बढ़ाया जा रहा है। संशोधित डिजाइन के तहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2018 में लोअर मॉलरोड का करीब 25 मीटर हिस्सा झील में समा गया था। इसके उपचार के लिए टीएचडीसी के विशेषज्ञों द्वारा तैयार डीपीआर के तहत 3.48 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ। कार्य स्टारकॉन इन्फ्रा प्रोजेक्ट इंडिया प्रालि, दिल्ली को सौंपा गया और 2025 में काम शुरू हुआ। ड्रिलिंग के दौरान 350 मिमी व्यास के होल बार-बार ढहने की समस्या सामने आई, जिसका कारण नीचे की ढीली परत पाई गई। परीक्षण में 300 मिमी ड्रिल सफल रहा।

लोनिवि के सहायक अभियंता तुला राम टम्टा ने बताया कि अब ओडीईएक्स तकनीक से ड्रिलिंग और केसिंग एक साथ की जा रही है, जिससे समस्या दूर होगी और कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद है।



महिलाओं द्वारा एकत्र किया गया पिरूल। ● अमृत विचार

### स्वयं सहायता समूहों ने एकत्र किया 2357 क्विंटल पिरूल

**भीमताल :** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अब तक 2357 क्विंटल पिरूल एकत्र कर लिया है। वर्तमान में भी यह अभियान लगातार जारी है। एपीडी चंदा फर्त्याल ने बताया कि पीरूल, यानी चीड़ की सूखी पत्तियां, अत्यंत ज्वलनशील होती हैं और जंगल की आग को तेजी से फैलाती हैं। इन्हें एकत्र कर महिलाएं वनाग्नि रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ओखलकांडा, रामगढ़, धारी, बेतालघाट, भीमताल और कोटाबाग विकासखंडों के 76 स्वयं सहायता समूह इस कार्य में जुटे हैं। इससे एक ओर जंगलों में आग की घटनाओं पर नियंत्रण मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं की आजीविका भी सुदृढ़ हो रही है। महिलाएं एकत्रित पिरूल को वन विभाग और निजी संस्थानों को उपलब्ध कराकर आय अर्जित कर रही हैं।

## रामनगर में सफाई कर्मियों को नहीं मिल रहा है साप्ताहिक अवकाश

● आदेश के बावजूद छुट्टी से वंचित कर्मचारी, आयोग ने मांगी रिपोर्ट

संवाददाता, रामनगर



सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य को समस्याएं बताते शुभम उत्तम।

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के साप्ताहिक अवकाश के आदेश के बावजूद रामनगर में सफाई कर्मियों को अब तक नियमित छुट्टी नहीं मिल पा रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि आदेश कागजों तक सीमित है और उन्हें तय शेड्यूल के अनुसार अवकाश नहीं दिया जा रहा।

जनवरी 2026 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जारी शासनादेश और नगर पालिका बोर्ड की स्वीकृति के बाद कर्मियों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति नहीं बदली। कर्मचारियों ने सुपरवाइजर स्तर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। भाजपा नेता शुभम उत्तम ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि पर्यावरण मित्रों के साथ अन्याय हो रहा है। वहीं राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य हर्ष रतनागर ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों से संवाद किया और मंगलवार तक रिपोर्ट तलब की है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 100 प्रतिशत अवकाश सुनिश्चित किया जाएगा और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने भी मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।




ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी।

### ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में 'मुनैरा 2.0' का आगाज

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में शनिवार को 'मुनैरा 2.0' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा और कूटनीतिक संवाद का मंच प्रदान किया। वर्डव्हिम्स क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परिसर को विभिन्न देशों के झंडों से सजाया गया, जिससे आयोजन को वैश्विक स्वरूप मिला। विद्यार्थियों ने बहस, विचार-विमर्श और कूटनीतिक रणनीतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, वंदना और नृत्य प्रस्तुति के साथ हुआ। परिसर निदेशक ने संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कमल घनशाला के नेतृत्व में संस्थान की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। ईशिता कर्नाटक ने स्वागत भाषण दिया, जबकि सचिव-जनरल सागर सिंह रावत ने औपचारिक उद्घाटन किया। विभिन्न समितियों में वैश्विक व राष्ट्रीय मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। पहले दिन का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

**आयोजन** | गोष्ठी में 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर वक्ताओं ने राष्ट्रभावना पर डाला प्रकाश

## वंदे मातरम के महत्व और ऊर्जा पर डाली रोशनी

संवाददाता, नैनीताल



सीआरएसटी सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी के शुभारंभ पर मौजूद अतिथि व प्रतिभागी।

**अमृत विचार:** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सीआरएसटी सभागार में अखिल भारतीय साहित्य परिषद, नैनीताल द्वारा "आत्मबोध से विश्वबोध" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि राजेश ने कहा कि देश की आजादी में वंदे मातरम का योगदान अतुलनीय रहा है और आज भी यह गीत देशभक्ति की भावना को जागृत करता है। अध्यक्षता कर रहीं डॉ. रेखा त्रिवेदी ने युवाओं से इस गीत से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पलता जोशी ने राष्ट्र को सर्वोपरि बताते हुए वंदे मातरम की ऊर्जा पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रो. गिरीश रंजन तिवारी ने कहा कि आत्मबोध से ही व्यक्ति राष्ट्र के लिए सार्थक योगदान दे सकता है। प्रो. ललित तिवारी और डॉ. माधव प्रसाद त्रिपाठी ने भी राष्ट्रभावना और स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन देबसंती रौतेला ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज पांडे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कॉर्बेट में स्वास्थ्य शिविर आयोजित 384 से अधिक मरीजों की जांच हुई

संवाददाता, रामनगर



शिविर में रोगियों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, द दून स्कूल ओल्ड बॉयज सोसाइटी और केबीआर अस्पताल काशीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 384 से अधिक लोगों का परीक्षण किया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, नाड़ी, तापमान, आंख, नाक, कान व गले की जांच के साथ महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य सेवाएं और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

सावंल्दे में आयोजित शिविर का शुभारंभ विधायक दीवान सिंह बिष्ट, कॉर्बेट निदेशक डॉ. साकेत बडोला और डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा ने किया। विधायक ने कहा कि वन और वन्यजीव संरक्षण के लिए कर्मचारियों का स्वस्थ रहना जरूरी है। डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारी व्यस्तता के कारण अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते, इसलिए यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 38 फील्ड स्टाफ, 61 फायर वॉचर/दैनिक श्रमिक, 22 नेचर गाइड, 58 जिप्सी चालक, 146 बोक्सा जनजाति के लोग और अन्य ग्रामीणों ने लाभ उठाया। यहां वन विभाग व चिकित्सा टीम के कर्मचारी रहे।

## सिटी ब्रीफ



### जु-जित्सु प्रतियोगिता में मीनाक्षी ने जीता कांस्य

**हल्द्वानी :** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल में 20 से 24 अप्रैल तक हुई प्रथम अंतर विश्वविद्यालयी जु-जित्सु प्रतियोगिता (महिला वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की एमए योग चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मीनाक्षी पंत ने कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में मीनाक्षी पंत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा सहित कॉलेज के समस्त स्टाफ ने मीनाक्षी की इस सफलता पर बधाई दी।

### गोपाल सिंह मेहरा को मिली जिम्मेदारी

**हल्द्वानी :** वरिष्ठ नेता भाजपा नेता गोपाल सिंह मेहरा को समाज कल्याण अनुश्रवण समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। मेहरा ने नई जिम्मेदारी मिलने पर देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। मेहरा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रयास कर रही है।

# जंगल में पड़ा मिला वन गुर्जर का शव भालू के हमले में मौत होने का अंदेशा

## मवेशी लेने जंगल गया था मो. आरिफ, चोरगलिया में सिडकुल से लगे जंगल में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** तल्लीताल थानाक्षेत्र के भदूनी का मामला अभी सुलक्षा नहीं है कि चोरगलिया थानाक्षेत्र में एक और बड़ी घटना सामने आ गई है। यहां मवेशियों को जंगल से लाने गए वन गर्जर की मौत हो गई। एक दिन बाद उसका शव जंगल से बरामद किया गया। शव की हालत देख कर अनुमान लगाया जा रहा है कि भालू के हमले से वन गुर्जर की मौत हुई होगी। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर वन गुर्जरों ने हाईवे से करीब पांच किलोमीटर भीतर जंगल में एक शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान 45 वर्षीय मो. आरिफ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मो. आरिफ शनिवार शाम अपनी भैंसों को वापस लाने के लिए जंगल की ओर गए थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। रविवार को खोजबीन के दौरान उनका शव जंगल में मिला। थानाध्यक्ष हरपाल सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर जानवर के हमले के स्पष्ट निशान हैं। शरीर का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त था, जिससे भालू के हमले की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में घटना हुई, वहां भालुओं की सक्रियता है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और उसने भी जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई है। पुलिस ने किसी आपराधिक घटना से इनकार किया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।



वन गुर्जर की मौत के बाद परिजनों से जानकारी लेते वन विभाग के अधिकारी।

### जिला पंचायत की बैठक में भी उठा था मुद्दा

**हल्द्वानी :** मार्च 2026 में काठगोदाम के सर्किट हाउस में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक हुई थी। उस दौरान भी वन विभाग के आए अधिकारियों के समक्ष जंगली जानवरों के हमले का मुद्दा उठा था। साल की शुरूआत में ओखलकांडा, धारी और रामगढ़ ब्लॉक में जंगली जानवरों के हमले से मौतें हुईं थीं। कुछ दिन हमले थमे रहे और अब एक बार फिर से हमले शुरू हो गए हैं।

### जंगली जानवरों के हमले का सिलसिला जारी

**22 अप्रैल :** भीमताल के ज्योली गांव में घास लेने गई 50 वर्षीय हेमा पांडे की बाघ के हमले में मौत।

**23 अप्रैल :** भदौनी गांव में 30 वर्षीय युवक को बाघ ने अपना शिकार बनाया।

### विभाग का मुआवजा राशि देने का ऐलान

**हल्द्वानी :** तराई पूर्वी वन प्रभाग के किशनपुर वन क्षेत्र में एक व्यक्ति की जंगली जानवर के हमले में मौत के बाद वन विभाग ने परिजनों को मुआवजा राशि देने का ऐलान किया है। वन विभाग के कर्मचारियों ने पीड़ित परिवार के निवास पर पहुंचकर सांत्वना भी दी है। न क्षेत्राधिकारी किशनपुर वन क्षेत्र घनानंद चनियाल ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से सघन खोज अभियान चलाया।

खोजबीन के दौरान आरिफ का शव जंगल में मिला, जिस पर जंगली जानवर के हमले के स्पष्ट निशान पाए गए। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि उस पर भालू ने हमला किया। रविवार को को वन विभाग के अधिकारियों ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और शीघ्र मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण भी किया और क्षेत्र में कैमरा ट्रैप लगाने व निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों को जंगल में अनावश्यक प्रवेश न करने की सलाह दी है। साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए जागरूकता अभियान तेज करने की बात कही है।

# बाघ-तेंदुए के आतंक पर भड़का लोगों का आक्रोश



बाघ, तेंदुए के आंतक को लेकर चर्चा करते साथी संगठन के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- साथी संगठन ने सीएम को ज्ञापन देने का लिया निर्णय
- स्कूल बस किराए में वृद्धि को लेकर जताया रोष

**अमृत विचार :** साथी संगठन हल्द्वानी की बैठक में नैनीताल जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते बाघ-तेंदुए के हमलों और स्कूल बस किराए में वृद्धि को लेकर गहरी चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि भीमताल, धारी, ओखलकांडा समेत कई क्षेत्रों में लगातार हमलों से लोगों में दहशत और नाराजगी है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि दोनों मुद्दों को लेकर 30 अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके लिए दो सदस्यीय समिति गठित की गई। इस दौरान संस्थापक आनंद सिंह ठठोला की पुस्तक का विमोचन भी किया गया और आगामी दिनों में जनजागरूकता अभियान चलाने पर सहमति बनी।

बैठक में शंकर दत्त तिवारी, जीवन चंद्र पत्तोला, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह बोरा, आनंद सिंह रावत, मोहन सिंह महराजी, डीडी शर्मा, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, डीसी पाठक, मोहन चंद पांडे, पूरन सिंह महराजी, वी.डी. भट्ट, किशोर कुमार जोशी, भुवन चंद्र उप्रेती, सचिन वल्दिया, के.के. जोशी और जगदीश जोशी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।





लायन्स क्लब के कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं।। ● अमृत विचार

### लायंस क्लब ग्रीन सिटी ने मनाया चार्टर डे समारोह

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लायंस क्लब ग्रीन सिटी का चार्टर डे समारोह आरटीओ रोड स्थित एक होटल में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, सचिव निशुल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल ने किया। लकी डॉ., मोबाइल गेम, बेस्ट टाइमिंग हाउजी कपल गेम और जूनियर व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रमुख विजेताओं को बंपर पुरस्कार और आकर्षक पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद गोल्डी और नृत्यांगना अंसील वर्मा ने किया। अंत में प्रथम लायन लेडी अनीता अग्रवाल की माता नर्मदा देवी के स्वर्गवास पर शोक व्यक्त किया गया।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स का धरना रहा जारी

**हल्द्वानी :** मानदेय वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना रविवार को भी जारी रहा। भीषण गर्मी के बावजूद कार्यकर्ता पिछले 20 दिनों से आंदोलन स्थल पर डटी हुई हैं और सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जता रही हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

ब्लॉक अध्यक्ष अनिशा ने बताया कि जब तक मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले में स्पष्ट घोषणा नहीं करते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षों से बेहद कम मानदेय पर कार्य कर रही हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में वे अब अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम की कामना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वन संरक्षण और बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर सिख समाज ने गुरबाणी कीर्तन का आयोजन किया। रविवार को जगजीत सिंह आनंद के नेतृत्व में शिवालिक छकाता रेंज के रोशिला-पसौली मार्ग पर यह कीर्तन हुआ।

प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा और वरिष्ठ अधिवक्ता ललित कर्नाटक ने बताया कि वनों के कटान की वजह से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसके साथ ही वन्यजीव के हमले भी लगातार बढ़ रहे हैं जो चिंताजनक हैं। यह आयोजन हाल ही में गुलदार के हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि स्वरूप भी समर्पित रहा। अमनदीप सिंह टिंकू, महेंद्र सिंह सेठी व जसपाल सिंह की ओर से प्रस्तुत कीर्तन के जरिए पवणु गुरु पाणी पिता का संदेश देते हुए प्रकृति संरक्षण की अपील की गई। इस दौरान बीडी पाण्डे, जीत सिंह, नानक सिंह, जसबीर सिंह गोल्डी और मनमोहन सिंह बिष्ट आदि ने पौधारोपण और वनाग्नि रोकथाम का संकल्प लिया। इधर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रामलीला ग्राउंड के निकट रविवार को मानवता की सेवा को समर्पित भाई घनईया जी पियाऊ का विधिवत शुभारंभ किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के हेड ग्रंथी भाई जगमीत सिंह ने अरदास के बाद इस सेवा का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार सरदार अमरजीत सिंह आनंद, कंवलजीत सिंह उप्पल, सनी आनंद, जसबीर कौर, भूपेंद्र सिंह बुंदा आदि रहे।

# हल्द्वानी डिपो का चुनाव निर्विरोध संपन्न

संवाददाता, हल्द्वानी



रोडवेज कर्मचारी के चुनाव में जीते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन हल्द्वानी डिपो शाखा के चुनाव रविवार को बस स्टेशन स्थित यूनियन कैंप कार्यालय में शांतिपूर्ण और निर्विरोध संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी मनोज भट्ट, किशोरी लाल और प्रीतम सिंह के निर्देशन में सर्वसम्मति से पूरी कराई गई, जिसमें सभी पदों पर एकमत से चयन किया गया।

चुनाव में जलील अहमद को अध्यक्ष और नितेश शर्मा को मंत्री चुना गया। इसके अलावा सुमन और अजय सिंह को उपाध्यक्ष, हरजीत कौर एवं योगेश जोशी को संयुक्त मंत्री, योगेश कुमार को संगठन मंत्री तथा मोहम्मद इमरान को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजीव अग्रवाल, अफसार अंसारी, संदीप कुमार, मिंदर सिंह, अनीस अहमद और यशपाल को शामिल किया गया। प्रांतीय प्रतिनिधि के तौर पर अख्तर चौधरी, सुनील जोशी, आफताब अहमद और जीवन बिष्ट का चयन हुआ, जबकि क्षेत्रीय प्रतिनिधियों में ब्रजेश सिंह, इकबाल अहमद, नितिन दीक्षित और विश्वास सिंह को जिम्मेदारी दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जलील अहमद और मंत्री नितेश शर्मा ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वे सभी के सहयोग से निगम के संचालन को बेहतर बनाएंगे। उन्होंने समय पर वेतन भुगतान, बंद मार्गों को पुनः शुरू कराने और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै और महामंत्री अशोक चौधरी ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि टीम कर्मचारियों और निगम से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

### ओखलढूंगा विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**हल्द्वानी :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओखलढूंगा ने इस वर्ष भी 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रतन सिंह खम्पा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाइयों मिली हैं।

विद्यालय के शिक्षक कपिल कुमार तिलारा, ललित मोहन तिवारी, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, दीप्ति दीगारी, नीलम पांडे और नीरज देव तुल्य की मेहनत, अनुशासन और समर्पण इस सफलता के पीछे प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। समाजसेवी हेमंत गौनिया ने विद्यालय की उपलब्धि को शिक्षकों की वर्षों की तपस्या का परिणाम बताते हुए बधाई दी।

# दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में बिखरी साहित्य की खुशबू, कई कार्यक्रम हुए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में हुई दो दिवसीय साहित्य फेस्टिवल "लिटराटी" का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में प्रसिद्ध लेखिका पारो आनंद ने अपनी चर्चित कृतियों से विद्यार्थियों को कहानी लेखन में कल्पना, भावनाओं की गहराई और निरंतर अभ्यास के महत्व के बारे में बताया।

इसके बाद लेखक अशोक पांडे ने अपनी पुस्तक "विन्सेंट" पर आधारित सत्र में साहित्य को जीवन के अनुभवों और भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ओपन माइक, ऑन द स्पॉट भाषण, मोनोलॉग, पोस्टर मेकिंग, बुक कवर डिजाइनिंग, कला कोना और समाचार पत्र बनाने जैसी एक्टिविटीज आकर्षण रहीं। प्रधानाचार्य रूपक पांडे ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा का माध्यम हैं। प्रबंधक समित टिक्कू और डायरेक्टर स्मृति टिक्कू ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए निरंतर सीखते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि साहित्य हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है।





दीक्षांत स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद निदेशक, मुख्य अतिथि व अन्य।

### एमआईईटी में नवाचार पर दी गई जानकारी

**हल्द्वानी :** एमआईईटी कॉलेज में बिजनेस समिट के समापन पर विद्यार्थियों ने विभिन्न ज्ञानवर्धक और प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियां हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत बूट कैंप सत्र से हुई, जिसका संचालन पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. नीरज बिष्ट ने किया। इस सत्र में छात्रों को उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

इस दौरान स्कूल व कॉलेज स्तर पर आइडिया पिचिंग प्रतियोगिता हुई। स्कूल स्तर में विक्रम और गुरुदत्त ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। कॉलेज स्तर में बिरला कॉलेज को प्रथम पुरस्कार मिला। अन्य विजेताओं को द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन वैलेडिक्टरी समारोह में एमआईईटी कुमाऊं के प्रबंध निदेशक डॉ. बीएस बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से सशक्त होंगी महिलाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

- कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने अधिनियम को सराहा
- बोले-विपक्षी सरकारों ने नहीं उठाया ऐसा कदम

**अमृत विचार:** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि यह केवल 33% आरक्षण का कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को सम्मान और भागीदारी देने का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह संकल्प साकार हुआ है, जिसे विपक्ष पहले राजनीतिक स्टंट बताता था।



भगत ने आरोप लगाया कि पिछले 70 वर्षों में विपक्षी दलों ने महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने का साहस नहीं दिखाया। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'मुद्रा लोन' और 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं से महिलाओं को सशक्त किया गया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि 2029 तक बड़ी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि देश का नेतृत्व करेंगी और भारत की नारी शक्ति विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी।

### मैत्री वाटर पोलो में कैफी टीम की जीत

**हल्द्वानी:** गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के तरणताल में रविवार को आयोजित मैत्री वाटर पोलो मैच में कैफी अनीस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अशोक की टीम को 12-2 के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।

मुकाबले के दौरान कैफी अनीस की टीम ने बेहतर तालमेल, सटीक पासिंग और आक्रामक रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने शुरुआत से ही बढ़त बना ली। अशोक की टीम ने भी संघर्ष किया, लेकिन विरोधी टीम की मजबूत रणनीति के आगे टिक नहीं सकी।

मैच के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कोच पूनम सिरोला, दीप हर्ष नेगी सहित कई खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**मनमानी** | जून की गर्मियों की छुट्टियों से पहले दो माह की फीस व अतिरिक्त शुल्क देने के लिए मजबूर अभिभावक

# आदेश का पालन नहीं, निजी स्कूलों का अब नया फरमान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग और प्रशासन के सख्त निर्देशों के बाद भी निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। कई बैठकों और सरकारी निर्देशों के बावजूद निजी स्कूलों ने इस शैक्षणिक सत्र में बच्चों के एडमिशन और एनुअल फीस के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूली। जिस पर शिक्षा विभाग ने कई स्कूलों को नोटिस जारी किए थे, जिसमें अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

अब निजी स्कूलों की मनमानी का एक नया रवैया सामने आया है। अभिभावकों के अनुसार स्कूलों की ओर से उन्हें जून में शुरू होने वाले ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले स्कूल मैनेजमेंट ने दो माह का मासिक शुल्क अग्रिम जमा करने का फरमान जारी किया है। अभिभावकों को चेतावनी दी जा रही है कि यदि यह फीस समय पर जमा नहीं की गई तो प्रतिदिन 5 रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही पुराने बकाया पर भी अतिरिक्त रुपये वसूले जाएंगे।

अभिभावकों का कहना है कि यह उनके हित के खिलाफ है। नोटिस दिए जाने और कई सरकारी आदेशों के बावजूद स्कूल मैनेजमेंट अपनी मनमानी पर कायम है। अभिभावक इसे शिक्षा की गुणवत्ता और सरकारी निर्देशों की अवहेलना मान रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि एडमिशन और एनुअल फीस केवल निर्धारित नियमों के अनुसार ही वसूली जा सकती है, लेकिन निजी स्कूल इन आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। अधिकांश अभिभावक फीस जमा कर चुके हैं। ऐसे में असमंजस में हैं कि उनसे ली गई मोटी फीस का क्या होगा। इसे लेकर अभिभावकों को अब भी कार्रवाई का इंतजार है। इधर, विभाग के अनुसार जिन स्कूलों को पूर्व में नोटिस दिए गए थे, उनकी ओर से नोटिसों के जवाब दिए जा रहे हैं। जिन स्कूलों ने जवाब नहीं दिए हैं, उन्हें विभाग की ओर से दोबारा नोटिस भेजे जा रहे हैं।





निजी स्कूली की मनमानी के विरोध का एआई फोटो।

- जून में होने वाले ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले दो माह की फीस जमा करने को कहा
- पहले जारी नोटिस पर कार्रवाई नहीं

> सभी शिकायतों पर दो से तीन दिन के भीतर कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में भेजे गए नोटिसों को लेकर भी उचित कार्रवाई की जाएगी। निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाई जाएगी।
> –गोविंद राम जायसवाल, सीईओ, नैनीताल

# छात्राओं को डिजिटल इंडिया व पर्सनल फाइनेंशियल प्लानिंग की जानकारी दी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय महिला कॉलेज में डिजिटल इंडिया एंड पर्सनल फाइनेंशियल प्लानिंग : अनलॉकिंग अपरच्युनिटीज फॉर द नेक्स्ट जनरेशन इनवेस्टर्स पर कार्यशाला हुई। जिसमें

छात्राओं को पारंपरिक बचत से आगे बढ़कर डिजिटल भुगतान, निवेश के विविध विकल्प, जोखिम प्रबंधन और दीर्घकालिक वित्तीय योजना की समझ विकसित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में वित्तीय साक्षरता युवाओं के मजबूत भविष्य का आधार है। मुख्य अतिथि प्रो. एके श्रीवास्तव ने कहा कि डिजिटल इंडिया नई पीढ़ी के निवेशकों के लिए नए अवसर लेकर आया है। संयोजक डॉ. दिनेश जोशी ने प्रतिभागियों को व्यक्तिगत वित्तीय योजना, डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम और निवेश के व्यावहारिक पहलू से परिचित कराया। कार्यशाला में छात्राओं को इन्वेस्टमेंट ऑप्शंस, रिस्क रिटर्न रिलेशनसिप, इमरजेंसी फंड, इंश्योरेंस और टैक्स प्लानिंग की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता प्रो. पीसी कविदयाल ने यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, डिजिटल वॉलेट, ऑनलाइन निवेश प्लेटफॉर्म और साइबर सुरक्षा के बारे में बताया।



महिला पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता।

## सिटी ब्रीफ

### सेंट जेवियर स्कूल में अलंकरण एवं विद्यारंभ समारोह का आयोजन

**खटीमा :** सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर अलंकरण समारोह और विद्यारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण और प्रार्थना से हुई, जिसमें प्रबंधक फादर पीटर मलिथारा और प्राचार्य सिस्टर थेरेसा एंटनी ने भाग लिया। समारोह में नव-निर्वाचित छात्र परिषद को उनके दायित्व सौंपे गए। विवेक वर्मा को हेड बॉय और अंबिका बसेरा को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक फादर पीटर मलिथारा और प्राचार्य सिस्टर थेरेसा एंटनी ने बच्चों को अनुशासन, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें विद्यालय का आदर्श प्रतिनिधि बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रोहिणी बोरा रहे।

### आवारा सांडों से निजात दिलाने की मांग

**बाजपुर :** नगर क्षेत्र में दो सांडों के बीच जोरदार भिड़ंत होने से लोगों में दहशत फैल गई। दोनों सांड करीब 30 मिनट तक सड़क पर एक-दूसरे से संघर्ष करते रहे, और इस दौरान आवागमन प्रभावित हुआ। लड़ते सांडों से बचने के लिए लोग भागते नजर आए। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह घटना आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या के कारण हो रही है, और ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से आवारा पशुओं की संख्या नियंत्रित करने और ऐसी घटनाओं की रोकथाम की मांग की है।

# मंत्री ने किया करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास

## बोले शहरी विकास मंत्री कैड़ा-निगम गढ़ रहा है विकास के नए आयाम, कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैडा ने कहा कि धामी सरकार प्रदेश में विकास कार्यो के कीर्तिमान स्थापित कर रही है। वहीं रुद्रपुर नगर निगम के महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में विकास योजनाओं के कीर्तिमान लिखे जा रहे है। जिससे रुद्रपुर विधानसभा एक विकसित और आदर्श विधानसभा बनेगी। इस दौरान पहली बार रुद्रपुर आगमन कार्यकर्ताओं ने भी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

रविवार को शहरी विकास शर्मा राम सिंह कैड़ा, महापौर विकास शर्मा सहित पार्टी के बडे नेताओं के साथ नगर निगम रुद्रपुर पहुंचे। जहां कई स्थानों पर उनका स्वागत भी हुआ। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने वार्ड संख्या 38 में राजकुमार खनिजो के होटल से लेकर रमेश कालड़ा के घर तक नाला निर्माण और विभिन्न पुलियों के लिए 40.15 लाख के कार्य का शुभारंभ किया। वहीं वार्ड संख्या 28 स्थित सब्जी मंडी की अव्यवस्थाओं को दूर करते हुए 48.19 लाख की लागत से अस्थाई टीनशेड, सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। देवभूमि जयंती योजना के तहत वार्ड संख्या तीन ट्रांजिट कैंप स्थित सुभाष पार्क के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए 159.24 लाख की राशि स्वीकृत हुई। इसके अलावा निगम के कई वार्डो में 494.68 लाख की लागत से हॉट मिक्स सड़कों का जाल बिछाने, क्षतिग्रस्त सड़कों के नवीनीकरण के लिए 485.90 लाख के पृथक कार्य का भी शिलान्यास हुआ। 94.14 लाख से नगर निगम बाउंड्री वाल और नए द्वार के निर्माण का भी कैबिनेट मंत्री द्वारा विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर एमएन ए शिप्रा जोशी पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ,दर्जा राज्य मंत्री फरजाना बेगम, पूर्व मेयर रामपाल सिंह,भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, अमित नारंग, अनिल चौहान,धीरेंद्र मिश्र, मोहन तिवारी, हिमांशु शुक्ला, तरूण दत्ता, वेद ठुकराल, घनश्याम श्यामपुरिया, यशपाल घई, राकेश सिंह, ,पार्षद शालू पाल,चिराग कालरा, राजेंद्र राठौड़,मानवेंद्र राय,नीतू राय,कमल पाल, शुभम दास, शालू पाल, कुसुम शर्मा, एमपी मौर्य, पवन राना, संदीप वाल्मीकि, सोनू मुल्तानी,मुकेश राजोरिया, राजन राठौर आदि मौजूद रहे।


विकास योजनाओं का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा और महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

### महापौर का एक निर्णय है ऐतिहासिक : कैड़ा

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा द्वारा मंगलवार को मांस की दुकानें बंद करने के फैसले का स्वागत करते हुए कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि महापौर का यह फैसला प्रदेश के लिए मिसाल बनेगा और निर्णय ऐतिहासिक है, क्योंकि देश हो या प्रदेश यहां पर रहने वाला प्रत्येक हिंदू सनातनी है और सनातन आस्था का प्रतीक है। ऐसे में मंगलवार को निगम इलाके की मांस की दुकानें और रेस्टोरेंट बंद करना आस्था को अटूट करेगा और समाज की भावनाओं को भी सम्मान देने के समान है। साथ ही माह में जीव हत्या पर भी अंकुश लगेगा। साथ ही महिला आरक्षण बिल को लेकर मंत्री ने कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष भी किया और कहा कि एक बार फिर 2027 में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगी।

### बोले महापौरः सेवक के तौर पर करूंगा ऐतिहासिक काम

**रुद्रपुर :** विकास शर्मा ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने महापौर बनाया है। वह सेवक बनकर ऐतिहासिक कार्य करना ही उनका मकसद है। उन्होंने कहा कि निगम इलाके को सुंदर और चहुमुँखी विकास के लिए कभी-कभी कठोर निर्णय लेने पड़ते है, लेकिन जब विकास धरातल पर दिखेगा और जनता को सुविधाएं मुहैया होगी। तो रुद्रपुर की तस्वीर वास्तव में देखने लायक होगी। उन्होंने कहा कि सबसे व्यवस्थित और विकसित शहर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी है। जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है, उन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा। ताकि सीएम धामी की बड़ी योजनाओं को शीघ्र ही धरातल पर उतारा जा सके।

# बाजपुर में बिजली की आंख मिचौली, उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, बाजपुर

- 24 घंटे में मुश्किल से 18 घंटे भी उपलब्ध नहीं हो पा रही बिजली
- अघोषित कटौती से लोगों का जीना दूभर



**अमृत विचारः** बाजपुर क्षेत्र में इन दिनों बिजली की आंख-मिचौली से उपभोक्ता बुरी तरह परेशान हैं। हालात ऐसे हैं कि 24 घंटे में मुश्किल से 18 घंटे भी बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित कटौती ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति चरमरा गई है, जिसका सीधा असर पेयजल व्यवस्था पर पड़ रहा है। बिजली न होने के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ खाना बनाने, नहाने और कपड़े धोने जैसी दैनिक जरूरतों के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही विद्युत चालित काम धंधों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जिससे आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ व्यापारियों में भी आक्रोश पनप रहा है।

दिन और रात दोनों समय रुक-रुक कर हो रही बिजली कटौती के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। गर्मी के चलते जहां दिन का चैन छिन गया है, वहीं रात की नींद भी खराब हो रही है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ रही है।

वहीं, बिजली कटौती का असर स्थानीय उद्योगों पर भी साफ नजर आ रहा है। बार-बार बिजली जाने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है, जिससे व्यापारियों और उद्योग संचालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से आपूर्ति व्यवस्था को जल्द सुधारने और अघोषित कटौती पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि भीषण गर्मी के इस दौर में उन्हें राहत मिल सके।

# कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल का जगह-जगह स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सितारगंज कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का शहर से गुजरने पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने काशीपुर हाईवे पर गोदियाल का फूल-मालाओं से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया।

काशीपुर हाईवे पर हुए स्वागत के दौरान गोदियाल ने कहा कि भाजपा आधुनिक तकनीक का उपयोग कर बंगाली समुदाय के बयान पर भ्रामक प्रचार कर रही है, जबकि उनके द्वारा ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया। सीएम डेमोग्राफी पर बोल रहे थे और कार्यकर्ताओं ने बयान की हवा निकाल दी है। भाजपा 33 फीसदी महिला आरक्षण का प्रस्ताव लाए और कांग्रेस भी उसका समर्थन करेगी। वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पास हो चुका है और भाजपा दुष्प्रचार कर रही है। भाजपा अपनी सत्ता चमकाने के लिए खुद को हितैषी बनाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि इतिहास गवाह है कि बंगाली समाज को आत्मनिर्भर बनाने का मामला हो या फिर महिला के सम्मान की बात, यह कांग्रेस पार्टी ही है जो हमेशा इन मुद्दों पर खड़ी रही है। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि 2027 का विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ा जाएगा, क्योंकि पार्टी के कार्यकर्ता इतने मजबूत हो चुके हैं कि पार्टी की रीढ़ की हड्डी को तोड़ना मुश्किल है। निश्चित तौर पर कांग्रेस की सरकार बनेगी और डेमोग्राफी की असल परिभाषा कांग्रेस पार्टी जनता के सामने रखेगी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, महानगर अध्यक्ष ममता रानी, मोहनलाल खेड़ा, परिमल राय, सुमित्तर भुल्लर, रणजीत सिंह राणा, संजय जुनेजा, जितेश शर्मा, गौरव खुराना, सौरभराज बेहड़, मोनिका ढाली, चंदन नयाल, ममता हालदार, नारायण हालदार, परवीन मजूमदार, रामविलास, सत्येंद्र गुलाटी, भीम ठुकराल, सुभाष बेहड़, रजत रहे।


कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोदियाल का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### प्रदेश की बदलती डेमोग्राफी पर बने आयोग

**सितारगंज :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने की बात कही है, इसलिए इस मुद्दे की जांच के लिए आयोग का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों से प्रदेश और 13 वर्षों से केंद्र में भाजपा व एनडीए की सरकार है, ऐसे में इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक नारायण पाल, राजकुमार ठुकराल, हेमेश खर्कवाल मौजूद रहे।

### गोदियाल का गदरपुर बाईपास पर भी स्वागत

**दिनेशपुरः** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का गदरपुर बाईपास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें गदरपुर क्षेत्र में आने का निमंत्रण दिया और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिनाथ विश्वास के नेतृत्व में फूल-मालाओं के साथ अभिनंदन किया। त्रिनाथ विश्वास ने प्रदेश अध्यक्ष को गदरपुर विधानसभा क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में किसानों, बेरोजगार युवाओं और महिला सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दे हैं, जिन पर पार्टी को ध्यान देने की आवश्यकता है। यहां ब्लॉक अध्यक्ष चंदन सिंह नयाल, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, युवा नेता मनोज देवराड़ी, वरिष्ठ नेता श्याम सिंह देऊपा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री प्रेम सिंह, मनोज बैरागी, भीम ठुकराल, केके गावा, काशीनाथ गुप्ता रहे।

# भाजयुमो ने फूंका गोदियाल का पुतला


कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के विरोध में नारेबाजी करते भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** कांग्रेस पर महिला सशक्तीकरण विरोधी होने और बंगाली समाज के खिलाफ कथित बयानबाजी का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का पुतला जलाया। रविवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अंकित गोयल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपाइयों ने गणेश गोदियाल को गो बैक के नारे लगाए और उनका पुतला फूंका।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के वाहन का मुख्य चौक से गुजरना था, लेकिन भाजयुमों की टीम ने काले कपड़े पहनकर विरोध किया। पुलिस ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को दूसरे मार्ग एमपी चौक से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया, जिससे भाजपाई काले झंडे नहीं दिखा सके। इस दौरान कोतवाल सुंदरम शर्मा और पुलिस बल सतर्क रहे। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री भोला जोशी, दक्षिणी किसान सोसायटी अध्यक्ष सौरभ अरोरा, और कई अन्य भाजपा नेता शामिल हुए।

# शांतिपुरी में विद्युत विभाग की छापेमारी, चार पर केस

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** बिजली चोरी के मामलों में शिकंजा कसते हुए, शांतिपुरी-4 में विद्युत विभाग और विजिलेंस टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की और चार उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। टीम ने कनेक्शन काटते हुए विद्युत तार को सीज कर दिया और तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पिछले काफी दिनों से थाना पंतनगर के शांतिपुरी-चार क्षेत्र में विभाग को बिजली चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद अवर अभियंता विद्युत वितरण उपखंड प्रदीप सिंह खाती और सहायक अभियंता सतर्कता अमित चंद्र आर्य द्वारा एक टीम गठित की गई और छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। इस कार्रवाई में बालम सिंह द्वारा 0.521 किलोवाट, पार्वती कार्की द्वारा 0.778 किलोवाट, जगदीश सिंह द्वारा 0.373 किलोवाट, दीवान सिंह द्वारा 0.373 किलोवाट की बिजली चोरी की जा रही थी। इन अभियुक्तों ने एलटी लाइन लगाकर बिजली चोरी की थी। टीम ने कनेक्शन काटकर विद्युत तार को सीज कर दिया और पुलिस ने अवर अभियंता प्रदीप सिंह खाती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। अब इस मामले की जांच शुरू की जा चुकी है।

# अखंड महानाम संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** नारायण नगर नगरा तराई के शिव एवं कृष्ण मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय अखंड महानाम संकीर्तन के दूसरे दिन की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट और खेतलसंडा खाम के प्रधान रोहन चन्द ने की। भट्ट ने आयोजक मंडल को बधाई देते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के महंत सपन विश्वास रहे। संकीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारा एवं भव्य मेले का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राकेश बडाल, सचिव अनुकूल विश्वास, महंत विश्वास, पुजारी सोनू घोष, कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश बडाल और सचिन अनुकूल विश्वास सहित कई लोग मौजूद रहे। महाप्रभु मंगलघट स्थापना और महाभोग कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक संपन्न हुए। बवेश विश्वास, निर्मल बडाल, कमलेश विश्वास, नित्यानंद विश्वास, सुकांत घोष, सरजीत राय, रमेश सरकार, कार्तिक विश्वास, विश्वनाथ मंडल, कार्तिक सरदार, रजत विश्वास और महिला मंडल की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।


खटीमा के नारायण नगर में अखंड महानाम संकीर्तन जारी। ● अमृत विचार

### किच्छा में भी हुआ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**किच्छाः** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का किच्छा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ शानदार स्वागत किया। यह स्वागत कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी के नेतृत्व में नगर के दरऊ चौक पर हुआ, जहां आतिशबाजी के बीच गोदियाल का अभिवादन किया गया।
इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल ने मीडिया से बातचीत में भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। स्वागत समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष गुलशन सिंधी, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, मेजर सिंह, नजाकत खान, ओमप्रकाश दुआ, एनयू खान, मिस्वाल कुरेशी, नासिर खान, राजेंद्र मुंजाल, दलजीत सिंह, दुर्गेश गुप्ता रहे।

# 1.45 लाख लेकर थमाया रूस का फर्जी वीजा, रिपोर्ट

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** सितारगंज में विदेश भेजने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो लोगों ने 1.45 लाख रुपये लेकर रूस का फर्जी वीजा थमा दिया।

वार्ड नंबर 5 के निवासी वसीम पटौदी ने बताया कि वार्ड नंबर 3 के निवासी मुफैज मलिक और गांव गौरीखेड़ा के निवासी फराज मलिक ने उसे रूस का वीजा दिलाने के नाम पर 1.45 लाख रुपये की मांग की थी। इसमें से वसीम ने 45 हजार रुपये नकद और एक लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से आरोपियों को दिए। साथ ही, आरोपियों ने उसका पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया। पीड़ित वसीम ने बताया कि जब उसे जो वीजा दिया गया, वह फर्जी निकला। इस पर उसने आरोपियों से आपत्ति जताई, तो शुरू में उन्होंने उसे टालमटोल किया। बाद में आरोपियों ने वसीम को दुबई का वीजा देने का वादा किया, लेकिन वसीम ने इसे ठुकराते हुए अपने पैसे वापस मांगे। काफी बहस के बाद आरोपियों ने उसे केवल 50 हजार रुपये वापस किए। वसीम ने आरोप लगाया कि जब उसने शेष रकम की मांग की, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की धमकी देने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खेल-खिलाड़ी

### विजेता को पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आरपी सिंह और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दी ट्रॉफी

# अजय किंग्स बना चैंपियन, बसगर को 7 विकेट से दी शिकस्त

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचारः** हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अजय किंग्स ने बसगर को सात विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजेता टीम को पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आरपी सिंह और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर खेले गए फाइनल मैच में बसगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में सभी विकेट खोकर 108 रन बनाए। अजय किंग्स की ओर से राशिद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अजय किंग्स ने तीन विकेट खोकर आसानी से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले, मैदान में पहुंचे पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आरपी सिंह का दर्शकों और खेल प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, खेल और शिक्षा को बढ़ावा देकर ही युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह भी एक छोटे कस्बे से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा, अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। नशे से दूर रहने के लिए युवाओं में खेल के प्रति जुनून होना आवश्यक है। मैच में राकेश बिष्ट और कपिंदर दीगारी ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि जयंत मंडल और राजकुमार डालमिया ने कमेंट्री की। इस मौके पर चेयरमैन सुमित मंडल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, गोपाल रावत, अजय जायसवाल, मयंक अग्रवाल, केपी मंडल, संजय बाछड़, देबू मंडल, कार्तिक राय, मोनू त्रिपाठी, मनोज सरकार, विधान सरकार, महेश कुमार, प्रकाश राय, मनोज खान, विष्णु प्रमाणिक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


विजेता टीम को ट्रॉफी देते आरपी सिंह और सौरभ बहुगुणा। ● अमृत विचार

### पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को देखने उमड़ी भीड़

**शक्तिफार्म :** पूर्व अंतरराष्ट्रीय भारतीय क्रिकेटर आरपी सिंह को देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टि से भारी पुलिस बल मैदान के चारों तरफ तैनात रहा।

# निवेदिता और भरत बने राणा प्रताप इंटर कॉलेज के टॉपर

- प्रधानाचार्य रवीन्द्र प्रकाश पंत व प्रबंध समिति अध्यक्ष दान सिंह रावत ने दीं शुभकामनाएं

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** राणा प्रताप इंटर कॉलेज का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य रवीन्द्र प्रकाश पंत ने बताया कि इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में निवेदिता जोशी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हाईस्कूल में भरत नेगी ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय के शिव रस्तोगी ने 85.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल में मुस्कान गुप्ता ने 86.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और विशाखा ने 85.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवीन्द्र प्रकाश पंत ने बताया कि इंटरमीडिएट के 66 छात्रों में से 20 और हाईस्कूल के 61 छात्रों में से 16 छात्रों ने विशेष योग्यता के साथ परीक्षा पास की है। वहीं, 43 और 34 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की है। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दान सिंह रावत, हरीश जोशी, रामबचन, तारादत्त काण्डपाल, संजय कार्की, ललित जोशी, हरीश चंद्र मठपाल, देवकी नंदन परगांई, सतेन्द्र सिंह, डीएस राजपूत, डीसी गहतोड़ी, सुनीता गंगवार, रजनी कुमारी, रश्मि सिंह, हेमलता काण्डपाल, चन्द्रिका छेत्री, महेश जोशी, केशव, संजय बोरा ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानाचार्य ने सफलता के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत की सराहना की है।



निवेदिता और भरत।

## ब्रीफ न्यूज

### युवक पर पीछा करने और धमकाने का आरोप लगाया

**बाजपुर :** राजीव कालोनी निवासी संजीव पुत्र लाखन सिंह ने पड़ोस के युवक पर पीछा करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पीड़ित संजीव ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले का एक युवक पिछले करीब 15 दिनों से उसका पीछा कर रहा है। संजीव के मुताबिक, आरोपी घर से बाहर निकलते ही उसे घूरता है और बेवजह विवाद करने की कोशिश करता है, जबकि उसका आरोपित से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि आरोपी पहले भी उनके साथ गाली-गलौज कर चुका है और मोहल्ले में आने-जाने पर रोक लगाने की धमकी दे चुका है। रविवार को आरोपी ने संजीव को बीच रास्ते में रोककर गिरेबान पकड़ते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकाया कि वह दोबारा इस क्षेत्र में दिखाई न दे। पुलिस ने संजीव की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है।

### क्षतिग्रस्त डिवाइडर से हादसे का खतरा

**बाजपुर :** रेलवे स्टेशन रोड के मोड़ पर स्थित अस्थायी डिवाइडर लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ा है, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई है। लोगों का कहना है कि डिवाइडर टूटने के कारण वाहन चालकों को मोड़ पर दिशा का सही अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। कई बार इस संबंध में शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है। वाहन चालकों ने लोनिवि से तत्काल क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत कराने और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

### बौर नदी में अवैध खनन की शिकायत

**बाजपुर :** ग्राम चंदनपुरा क्षेत्र में बौर नदी में अवैध खनन खुलेआम जारी है। आरोप है कि राजस्व विभाग को इसकी जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों के अनुसार, रात के अंधेरे में लोडरों के जरिए नदी से रेत और मिट्टी का बड़े पैमाने पर खनन किया जाता है, जिसे डंपरों और अन्य वाहनों से ढोकर अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि में क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं। पुलिस गश्त के दौरान खनन में लगे वाहन नदी किनारे खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे कार्रवाई से बचा जा सके। अवैध खनन के कारण बौर नदी के किनारों का क्षरण हो रहा है, जिससे बरसात के मौसम में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

# रंपुरा चौकी के पास दो गुटों के बीच झगड़ा, जांच शुरू

- वर्चस्व की लड़ाई में गोलीबारी की चर्चा-पुलिस ने किया इंकार, वीडियो की जांच शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रंपुरा पुलिस चौकी और पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के समीप वर्चस्व की लड़ाई में दो युवकों के गुटों के बीच हाथापाई, बाइक तोड़ने और गोलीबारी की घटना सामने आई है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इसकी सच्चाई की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार शाम को रंपुरा चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास यह घटना घटी। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते रंपुरा बस्ती के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी, और शाम के वक्त दोनों का आमना-सामना हो गया। चर्चा है कि एक गुट ने दूसरे गुट के युवक की बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया और बाद में हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें कुछ युवक दीवार के पीछे झगड़ा करते हुए दिखाई दे रहे हैं और वीडियो में गोली जैसी आवाज भी सुनाई दे रही है। वहीं, एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि गोलीबारी या हाथापाई की कोई सूचना पुलिस के पास नहीं आई है। हालांकि, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और अगर कोई दोषी पाया गया, तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सैमलपुरी की नन्नी देवी ने दर्ज कराई थी शिकायत, डीएम का आदेश, एडीएम सहित चार सदस्य हैं कमेटी में

# विधायक के बेटे पर लगे आरोपों की जांच को कमेटी गठित

संवाददाता, रुद्रपुर/गदरपुर

**अमृत विचारः** सत्ताधारी गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय अक्सर बयानों को लेकर विवादित और चर्चाओं में रहे है। कभी अपनी ही सरकार के खिलाफ कटाक्ष करना। तो कभी अपनी ही पार्टी के नेताओं पर पलटवार करने से विधायक का नाम सुर्खियों में रहता है, लेकिन अब विधायक के बेटे पर भूमि हड़पने का आरोप लगा है। शिकायती पत्र मिलते ही डीएम ने भी फौरन एडीएम सहित चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर निर्धारित समयावधि में विधायक के बेटे पर लगे आरोपों की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। जांच कमेटी का गठन होते ही एक बार फिर गदरपुर विधानसभा में राजनीतिक माहौल गर्मा गया है।

बताते चलें कि गांव सैमलपुरी तहसील बाजपुर की रहने वाली नन्नी देवी ने डीएम को खत लिखकर बताया था कि उसकी बाजपुर के खतौनी फसली 1413-1418 का खाता खतौनी संख्या-20 के खसरा नंबर 25/1 रकवा 1.154 व खस रा नंबर 25 रकवा 0.379 हेक्टेयर भूमि वर्ग 1 क में दर्ज अभिलेख है। राजस्व वाद संख्या 22/3 रकबा 1.154 हेक्टेयर व खसरा नंबर 26 रक्बा 0.120 हेक्टेयर कुल रकवा 1.274 हेक्टेयर भूमि को सामान्य जाति के व्यक्ति गदरपुर विधायक के बेटे अतुल कुमार निवासी गुलजारपुर बाजपुर के द्वारा कूटरचित साक्ष्यों के आधार पर वर्ग-1 क में दर्ज कराई है, जब कि बुक्सा जनजाति की भूमि का हस्तांतरण किसी भी सामान्य जाति के व्यक्ति के नाम पर नियमानुसार नहीं हो सकता है। शिकायती पत्र मिलते ही जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने जांच कमेटी का गठन किया। जिसमें एडीएम कौस्तुभ मिश्रा के अलावा एसडीएम बाजपुर, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को जांच व कमेटी में शामिल किया है। साथ ही आदेशित किया कि 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट डीएम कार्यालय में प्रेषित की जाएं। अब देखना यह है कि अपने तल्ख अंदाजों के लिए मशहूर विधायक अपने बेटे को किस तरह से जांच कमेटी से बचाएंगे।

### पिता के रसूख का उठाया फायदा

**रुद्रपुर :** बुक्सा जाति की शिकायतकर्ता नन्नी देवी का यह भी आरोप था कि गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय बहुत ज्यादा रसूखदार व्यक्ति है। मुकदमा पंजीकृत होने के दौरान उसे डराया और धमकाया भी गया था। इसके अलावा न्यायालय का आदेश उसके पक्ष में होने के बाद भी उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। धमकी दी कि आदेश होने के बाद भी उसे भूमि पर कब्जा नहीं दिया जाएगा। पीड़िता का यह भी आरोप था कि पूरे प्रकरण में विधायक के इशारे पर ही बेटे अतुल द्वारा कायदे कानून की धज्जियां उड़ाते हुए जाली दस्तावेज लगाकर भूमि अपने नाम पर दर्ज कराई, जबकि नियमानुसार भूमि दर्ज हो नहीं सकती है।

### तो क्या विधायक को घेरने की है चाल

**रुद्रपुर :** सत्ताधारी एवं दबंग अंदाज वाले गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय जिस प्रकार अपने तल्ख बयानों से अपनी ही सरकार को घेरते हुए कई बार दिखाई देते है। वहीं गदरपुर विधान सभा में भाजपा में ही अंदरूनी गुटबाजी भी देखने को मिली है। प्रतिद्वंद्वी भाजपा का एक गुट बार-बार विधायक को राजनीतिक पटखनी देने की कोशिश करता रहता है। वहीं विधायक यही बोलकर प्रतिद्वंद्वियों को जवाब देते है कि शायद विधानसभा का चुनाव करीब आ गया है। मुस्कराते हुए विधायक वो सब कुछ बोल देते है। जो सुर्खियां बटोरने लगती है।

# वेतन वृद्धि को लेकर मेट्रोपोलिस कॉलोनी के कामगार हुए लामबंद

## सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर उठाया मुद्दा-सोसाइटी के आश्वासन पर टला कार्य बहिष्कार

- ठेका श्रमिकों ने मुख्य गेट पर किया धरना प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नोएडा से शुरू हुई वेतन वृद्धि की चिंगारी अब औद्योगिक क्षेत्रों से लेकर सोसाइटी में काम करने वाले श्रमिकों तक पहुंच गई है। वी गार्ड कंपनी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि रविवार को शहर की पॉश मेट्रोपोलिस कॉलोनी के कामगारों ने कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया और धरना प्रदर्शन शुरू किया। हालांकि, भनक लगते ही नवनिर्वाचित सोसाइटी कार्यकारिणी ने श्रमिकों से उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन को टाल दिया गया।



रुद्रपुर में रविवार को मेट्रोपोलिस रेजिडेंट कॉलोनी के गेट पर प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक। • अमृत विचार

जानकारी के अनुसार, वेतन वृद्धि को लेकर जहां सिडकुल की कंपनियों में पहले ही आंदोलन भड़क चुका था, वहीं वी गार्ड के सैकड़ों श्रमिकों का आंदोलन अभी समाप्त भी नहीं हुआ था कि रविवार की सुबह अचानक मेट्रोपोलिस रेजिडेंट कॉलोनी में काम करने वाले ठेका श्रमिकों ने कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया और मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि कॉलोनी में 20 से 25 श्रमिक ठेका प्रथा के तहत वर्षों से काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्यूनतम वेतनमान 21 हजार रुपये करने, पीएफ, ईएसआईसी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। जब श्रमिक ठेकेदार से अपनी समस्याओं पर बात करते हैं, तो ठेकेदार उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी देता है। कम वेतन के कारण उनका परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहा है, और यही वजह है कि उन्होंने आंदोलन का रास्ता अपनाया। इस जानकारी के बाद मेट्रोपोलिस रेजिडेंस वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शंकर पटवाल, पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और श्रमिकों को आश्वासन दिया कि वेतन विसंगतियों को लेकर एक माह के भीतर वार्ता की जाएगी और समाधान निकाला जाएगा। इसके बाद श्रमिकों ने आंदोलन को टालने का निर्णय लिया।

## युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**बाजपुरः** युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।



निखिल (फाइल)।

जानकारी के अनुसार ग्राम केशोवाला निवासी निखिल सागर (20) पुत्र लेखराज ने रविवार दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे अपने घर के कमरे में शाल के सहारे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। निखिल अपने परिवार में सबसे बड़ा था और कारीगरी का काम कर घर की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही मां रूबी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची बाजपुर कोतवाली पुलिस ने मौके पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक तौर पर मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# बंधक बनाकर बैंक से 22 लाख रुपये उड़ाए

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** नशा मुक्ति केंद्र की आड़ में ठगी और जबरन वसूली का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। गांव बलकरनपुर, पीलीभीत (यूपी) निवासी कमलजीत कौर ने बताया कि उसका पति नशे का आदी था, जिस कारण उसे सितारगंज स्थित नव जीवन नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि केंद्र के संचालक रनधीर सिंह और उसके साथियों ने उसके पति का फोन अपने कब्जे में ले लिया और उसे किसी होटल के कमरे में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित के पति के मोबाइल से बैंक ऐप का इस्तेमाल कर अलग-अलग खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर कर दिए।

इसमें केंद्र संचालक रनधीर सिंह के खाते में 2.5 लाख, साथी हरदीप सिंह उर्फ बूटा की पत्नी अकविंदर के खाते में करीब 5 लाख और अन्य साथियों के खातों में करीब 15 लाख रुपये भेजे गए। जब पीड़िता अपने पति को लेने के लिए केंद्र पहुंची, तो उसने बताया कि उसके साथ मारपीट की गई और मोबाइल छीन लिया गया। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। आरोपियों ने खुद को बड़े गिरोह का सदस्य बताते हुए उसे डराने की कोशिश की। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि महिला की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### 69 लाख में किया था 8.5 एकड़ जमीन का सौदा

कमलजीत कौर ने बताया कि साल 2025 में उसके पति ने नशे की हालत में पुष्प कुमार और उसके भाइयों के साथ अपनी 8 .5 एकड़ जमीन का सौदा कर दिया था। इसके बदले में उन्हें 69 लाख रुपये मिले थे, जो उसके पति के बैंक खाते में जमा थे। बताया कि इस सौदे के बारे में जानकारी मिलने पर उसने संबंधित तहसील में आपत्ति लगा दी थी। आपत्ति के बाद पुष्प कुमार और उसके भाइयों की जमीन वापस करने पर सहमति बनी, और समझौते में तय किया गया कि जमीन के एवज में दी गई रकम भी वापस की जाएगी।

### बैंक कर्मचारी के मिलीभगत से निकाली रकम

कमलजीत कौर ने आरोप लगाया कि उसके पति के खाते से पैसे निकालने में एक्सिस बैंक के कर्मचारी की मिलीभगत थी। उसी की सहायता से आरोपियों ने उसके पति के बैंक खाते से रुपये निकालने में सफलता पाई।

# आग से 50 एकड़ गेहूं की नरई जलकर राख

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** नगर क्षेत्र में अज्ञात कारणों से खेतों में लगी भीषण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे करीब 50 एकड़ गेहूं की नरई जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, केलाखेड़ा नगर में पशु चिकित्सालय के पीछे स्थित खेतों में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और कुछ ही देर में आसपास के बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के सामने उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद बाजपुर और गदरपुर से तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक करीब 50 एकड़ भूमि पर फैली गेहूं की नरई पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत यह रही कि किसानों द्वारा पहले ही गेहूं की कटाई कर ली गई थी, अन्यथा नुकसान और भी अधिक हो सकता था। नरई जलने से किसानों को भूसे के रूप में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इससे छोटे किसानों के सामने पशुओं के लिए चारे का संकट भी उत्पन्न हो गया है। अग्निशमन विभाग की टीम में हेड कांस्टेबल पंकज सिंह बिष्ट, फायरमैन देवेंद्र सिंह परगाई, बीरबल अधिकारी, प्रकाश चंद परगाई सहित अन्य जवान शामिल रहे, जिन्होंने आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



केलाखेड़ा में गेहूं की नरई में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। • अमृत विचार

### आग से सात एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

**काशीपुर :** गढ़ी इंद्रजीत गांव में अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गई। आग से सात एकड़ खेत में गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई। रविवार दोपहर को गढ़ी इंद्रजीत गांव में गेहूं के खेत में आग लग गई। तेज हवा के साथ आग विकराल हो गई और देखते ही देखते आग सात एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल राख गई। ग्राम प्रधान अजयपाल ने बताया कि खेत रामनगर के रहने वाले प्रदीप सेठ का है। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम को पहुंचने में समय लग गया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाया। हालांकि इससे पहले स्थानीय ग्रामीणों ने भी पानी डालकर आग को आगे बढ़ने से रोका।

# कांग्रेस के पूर्व नगर महामंत्री का विवादित वीडियो वायरल

- कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोदियाल ने भी किया किनारा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कांग्रेस के पूर्व नगर महामंत्री का एक अमर्यादित और विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें वह मुस्लिम समुदाय को लेकर भड़काऊ और घृणास्पद बयान देते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में, कांग्रेस नेता अर्जुन विश्वास एक युवक को पकड़कर थाना ट्रांजिट कैंप की ओर ले जाते और गुस्से में अमर्यादित बातें कहते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो वायरल होने के बाद नेता जी ने सोशल मीडिया पर आकर अपने बयान को एआई द्वारा एडिटेड बताते हुए उसे खारिज करने की कोशिश की।

जानकारी के अनुसार, थाना ट्रांजिट कैंप की एक महिला ने खटीमा के युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाया था। महिला का कहना था कि दो दिन पहले आरोपी युवक को भीड़ ने पकड़ लिया था और पूछने पर पता चला कि वह हिंदू नहीं, बल्कि मुस्लिम है। इस पर भीड़ ने युवक के साथ हाथापाई शुरू कर दी। जब कांग्रेस के पूर्व नगर महामंत्री अर्जुन विश्वास को घटना की जानकारी मिली, तो वह मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़कर थाने की ओर ले जाने लगे। इस दौरान एक मीडिया कर्मी ने उनसे सवाल किया, तो अर्जुन विश्वास ने गुस्से में अमर्यादित बात कह गए। यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मामला तूल पकड़ने लगा। इसके बाद नेता जी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उनका बयान काटकर पेश किया गया है और उसमें एआई निर्मित शब्द जोड़े गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं था। जब इस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल से सवाल पूछा गया, तो उन्होंने भी इस विवाद से किनारा करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी भी ऐसे बयान की समर्थन नहीं करती, जो समाज में वैमनस्य या अराजकता पैदा करें। गोदियाल ने यह भी कहा कि सरकार को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए।

### बोले गोदियालः सरकार को लेना चाहिए संज्ञान

**रुद्रपुर :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति कानून को हाथ में लेने की बात करता है, तो सरकार को उसका संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी ऐसे व्यक्ति का समर्थन नहीं करती है, जो समाज में विद्वेष फैलाए या अराजकता की स्थिति उत्पन्न करे।

### बोले अर्जुनः मैंने सार्वजनिक तौर पर मांगी है माफी

**रुद्रपुर :** कांग्रेस नेता अर्जुन विश्वास ने बयान देते हुए कहा कि खटीमा के मुस्लिम युवक द्वारा एक महिला को प्रताड़ित किए जाने की खबर मिलने पर वह मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने युवक को थाने ले जाने के दौरान जो शब्द कहे, उन्हें गलत तरीके से पेश किया गया। अर्जुन विश्वास ने कहा कि उनके बयान में कोई भी समुदाय को धमकी देने का उद्देश्य नहीं था, बल्कि वह केवल उस युवक को सख्त सजा दिलवाने की बात कर रहे थे। उन्होंने इस मामले में सार्वजनिक माफी भी मांगी है।

**आक्रोश** सड़क हादसे में युवक की मौत का मामला, तेज रफ्तार कार चालक ने मारी थी टक्कर

# आरोपी चालक की गिरफ्तारी नहीं होने पर कोतवाली में धरना

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** सड़क हादसे में युवक की मृत्यु के आठ दिन बाद भी आरोपित वाहन चालक की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने कोतवाली में सांकेतिक धरना दिया। उन्होंने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई कर आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग उठाई।



बाजपुर में कोतवाली गेट पर सांकेतिक धरना देते मृतक के परिजन, ग्रामीणों को समझाते एसएसआई विक्रम सिंह धामी।

ग्राम दुधिया कालोनी, नमूना निवासी 38 वर्षीय रवि कुमार पुत्र स्व. हरभजन सिंह 19 अप्रैल को अपने दूध के कारोबार की पेमेंट लेने ग्राम भट्टपुरी गए थे। बताया गया कि वापस लौटते समय भट्टपुरी गुरुद्वारा साहिब से पहले निर्माणाधीन दुकानों के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रवि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई, जबकि उनकी स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक की पत्नी आशा देवी ने बताया कि उनके पति ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन के बाद परिवार पर संकट आ गया है। उन्होंने बताया कि उनके दो छोटे बच्चे आदी और दक्ष तथा वृद्ध सास पूरी तरह रवि कुमार पर निर्भर थे। घटना के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी, लेकिन अब तक गिरफ्तारी न होने से परिजनों में नाराजगी है। रविवार को परिजन व ग्रामीण कोतवाली पहुंच गए और मुख्य द्वार पर सांकेतिक धरना दिया। इस दौरान एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के आश्वासन के बाद स्वजन व ग्रामीण शांत हुए और धरना समाप्त कर वापस लौट गए। इस दौरान राजू, आशा देवी, रजनी, कौशल, लक्ष्मी, नेहा, हिमांशु, सत्य ठाकुर, हरप्रसाद सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# लाखों की नकदी और जेवरात उड़ाए

- चोरों ने इस्लामनगर खटीमा में बीती रात दिया घटना को अंजाम

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** नगरपालिका क्षेत्र के इस्लामनगर में चोरों ने बीती रात एक घर में घुसकर 1.40 लाख रुपये नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। यह घटना उस समय हुई जब घर के लोग गहरी नींद में सो रहे थे।

वार्ड संख्या नौ इस्लामनगर निवासी बाबू पुत्र इस्माइल के घर में शनिवार की अर्धरात्रि के समय चोर बड़ी चालाकी से घर में दाखिल हुए। चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 1.40 लाख रुपये नकदी के साथ-साथ एक तोला सोने के टॉप्स, आधा तोला सोने का पेंडल, पांच जोड़ी चांदी की पाजेब, एक चांदी का फूल और एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़ित परिवार को चोरी का पता चलते ही उन्होंने बाजार पुलिस चौकी को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है और दावा किया है कि कुछ संदिग्ध सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस का कहना है कि चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। चोरी की इस घटना से क्षेत्रवासियों में गहरा रोष है और उन्होंने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।



खटीमा के इस्लामनगर में हुई चोरी का मौका मुआयना करती पुलिस। • अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### मौत के मामले में बाइक चालक पर केस

**काशीपुर :** ढकिया गुलाबो मार्ग पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से ग्राम रुपपुर टंडौला, मुरादाबाद व वर्तमान में ढकिया गुलाबो में रहने वाले सचिन कुमार ने तहरीर में कहा है कि उसके पिता चंद्रसेन 20 अप्रैल की शाम अपनी बेटी की शादी में आए रिश्तेदारों को बस अड्डे छोड़ने जा रहे थे। मजार के पास पीछे से आ रही बाइक संख्या यूके 18एस 5261 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल चंद्रसेन को स्थानीय लोगों की मदद से पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। 23 अप्रैल को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

### काशीपुर को सुंदर बनाने के लिये किया पौधारोपण

**काशीपुर :** नगर निगम काशीपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चीमा चौराहे के पास, इंडियन बैंक के सामने आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य शहर को हरा-भरा बनाना और लोगों को पेड़ों के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

### 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने शनिवार शाम गश्त के दौरान मालवा फार्म पुलिया के पास इंद्रजीत सिंह निवासी रम्पुरा को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। टीम में एसआई मनोज सिंह धौनी, कंचन कुमार पडलिया, कांस्टेबल प्रकाश शर्मा, लक्ष्मण चंद शामिल रहे।

### पार्लर से घर को निकली युवती लापता

**बाजपुर :** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से बेटी की जल्द तलाश करने की अपील की है। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री बेरिया रोड स्थित एक ब्यूटी पार्लर में कार्य करती है। 25 अप्रैल की देर शाम करीब सात बजे वह पार्लर से घर के लिए निकली थी, लेकिन रात तक घर नहीं पहुंची। परिजनों ने अपनी तरफ से काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिवार ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस टीम आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के साथ-साथ संभावित स्थानों पर भी जानकारी जुटा रही है।

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर :** पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक युवक को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। चौकी बेरिया दौलत पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक मुकेश चंद्र और उनकी टीम ने क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने कल्याणपुरी के पास एक युवक जसविंदर सिंह को रोका, जो टायर ट्यूब में शराब ले जा रहा था। आरोपी ने बताया कि वह शराब बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और शराब को कब्जे में लिया।

# शताब्दी वर्ष: हिंदू समाज से संगठित और एकजुट होने का किया आह्वान

## आरएसएस की सद्भाव बैठक में नगर की दर्जनभर से अधिक सामाजिक संस्थाएं हुईं शामिल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में हिंदू समाज से संगठित और एकजुट होने का आह्वान किया गया।

रविवार को रामनगर रोड स्थित रामलीला सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तत्वावधान में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक का शुभारंभ मुख्य वक्ता नैनीताल विभाग संघ चालक डॉ. राम उजागर समेत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद नगर सामाजिक सद्भाव प्रमुख लवेन्द्र ने जिले और नगर के दायित्वान कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। इस दौरान मुख्य वक्ता डॉ. उजागर जी ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में पूरे देश में शाखा पद्धतियों, सामाजिक सद्भाव बैठकों के माध्यम से हिन्दू समाज को संगठित और एकजुट करने का पुनीत कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के हर व्यक्ति में देश प्रथम है, की



काशीपुर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित बैठक के दौरान चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार

भावना होनी चाहिए। यह समय जाति पाति, भेदभाव, छुआछूत तथा भाषा के आधार पर विभाजित होने का नहीं है, बल्कि समग्र हिंदू समाज कैसे जाग्रत और संगठित हो, यह हम सब के लिए चिंतन की बात है। आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक में अग्रवाल सभा, चौहान सभा, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन, संस्कार भारती, सैनी महासभा, ब्राह्मण सभा, कायस्थ महासभा, कुमायूं वैश्य महासभा, सनातन धर्म सभा, बिश्नोई सभा, गायत्री परिवार, पर्वतीय महासभा समेत नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव और प्रतिनिधियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग कर हिंदू समाज को संगठित करने पर अपने अपने सुझाव दिए। इस दौरान जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख महेंद्र पाल सिंह, नगर कार्यवाह आदर्श चौधरी, अग्रवाल सभा अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, सह नगर कार्यवाह सुरेन्द्र कोठारी, नगर प्रचारक जगदीश, योगेश कुमार विश्नोई, उपनगर कार्यवाह पीयूष अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंह जीना, केवल कृष्ण छाबड़ा, मनोज अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, खूब सिंह सैनी, सुखविंदर सिंह, पूर्व पार्षद जसवीर सिंह, विनय गोयल, कौशल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## खाली पड़े प्लाट से 10 हजार ईंटें चोरी

**काशीपुर:** गेहूं कटाई को गांव गए व्यक्ति की एक प्लाट में रखी 10 हजार ईंटें चोरी हो गई। उसने पिता-पुत्र पर रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

दर्शन विहार काशीपुर निवासी सुमित यादव पुत्र सोमपाल ने पुलिस को तहरीर सौंप बताया कि 17 जनवरी को उसने ग्राम ढकिया, थाना डिलारी, ठाकुरद्वारा से 10 हजार ईंटें कुमाऊं कॉलोनी, कचनालगाजी स्थित प्लाट पर अपने घर के निर्माण को मंगवाई थीं। गली का रास्ता खराब होने के कारण ईंटें गली से बाहर खाली मैदान में रखवा दीं। सुमित ने बताया कि इसी बीच गली के निर्माण के चलते उसका घर निर्माण का कार्य रुक गया और वह ईंटें नहीं उठा पाया। बताया कि इस दौरान गेहूं कटाई के लिए वह 10 दिन के लिए अपने गांव चला गया। 18 अप्रैल को वापस आया, तो ईंटें गायब थीं। उसने मैदान में खेल रहे बच्चों से पता किया, तो उन्होंने बताया कि दो-तीन दिन से ईंटें टेंपू से ले जाई जा रहीं हैं। उसने टैंपू चालकों से संपर्क किया, तो पता चला कि 16, 17, 18 अप्रैल को कृष्णा गौतम व उसके पुत्र सुधांशु निवासी खड़कपुर देवीपुरा के कहने पर उन्होंने ईंटें विन्ध्यावासिनी कॉलोनी, चैती चौराहा, निकट संधू फार्म के एक खाली प्लाट में रखी हैं। मामले में जब पिता-पुत्र से बात की गई तो उन्होंने ईंटें लौटाने से मना कर दिया। पुलिस ने पिता-पुत्र के विरुद्ध खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## हाईस्कूल कंबाइड मैरिट लिस्ट में जिले के होनहार

| रैंक | छात्र-छात्रा का नाम | स्कूल का नाम | अंक |
|---|---|---|---|
| 05 | कंचन जोशी | राजकीय इंटर कॉलेज हरिपुरा हरसान | 484/500 |
| 06 | मोहित कुमार | एएन झा इंटर कॉलेज, करनपुर, जसपुर | 483/500 |
| 07 | योगिता कश्यप | आरएलएस चौहानएसवीएमआईसी जसपुर | 481/500 |
| 08 | प्रतिज्ञा पोखरिया | डीएमजीए छिनकी फार्म, खटीमा | 480/500 |
| 09 | सिमरन कौर | पीपीएसवीएमआईसी, नानकमत्ता | 479/500 |
| 09 | हर्षित जोशी | एसवीएमआईसी, गदरपुर | 479/500 |
| 10 | वंशिका वर्मा | एसबीवीएम इंटर कॉलेज,बाजपुर | 478/500 |
| 10 | बुशरा खतून | पं. पूर्णानंद तिवारी इंका, जसपुर | 478/500 |
| 10 | सुदीक्षा चौहान | आरएलएस चौहान,एसवीएमआईसी जसपुर | 478/500 |
| 10 | दीपांशु जोशी | एसवीएम इंटर कॉलेज सितारगंज | 478/500 |
| 10 | रिंकी सिंह | टीएसएसबीवीएमआईसी, काशीपुर | 478/500 |
| 11 | दीपांशु गहतोड़ी | पीपीएसवीएमआईसी नानकमत्ता | 477/500 |
| 12 | अनिका चंदोला | एसएएम ग्लोबल स्कूल, ऊधम सिंह नगर | 476/500 |
| 13 | रवि पंत | टीआरएसवीएमआईसी काशीपुर | 475/500 |
| 14 | आर्यन सागर | जनता इंटर कॉलेज, रुद्रपुर | 474/500 |
| 14 | देवेश सिंह | आरकेएएसवीएमआईसी, खटीमा | 474/500 |
| 15 | अनुष्का रौतेला | एसएएम ग्लोबल स्कूल यूएस नगर | 473/500 |
| 16 | टीटू सिंह | पारकर हायर सेकेंड्री स्कूल, काशीपुर | 472/500 |
| 17 | कृतिका | डीएमजीए इंटर कॉलेज, छिनकी, खटीमा | 471/500 |
| 17 | प्राची जोशी | टरफफोर्ड पब्लिक स्कूल चकरपुर | 471/500 |
| 17 | सुनिधि सोरारी | पीपीएसवीएमआईसी नानकमत्ता | 471/500 |
| 19 | वैष्णवी | टीआरएसवीएमआईसी, काशीपुर | 469/500 |
| 20 | तान्या सती | संस्कार हाईस्कूल, कालीनगर, गदरपुर | 468/500 |
| 20 | भूमिका फत्र्याल | राजकीय इंका शक्तिफार्म | 468/500 |
| 21 | विक्रम सरस्वती | विद्या मंदिर हाईस्कूल, किच्छा | 467/500 |
| 21 | संजना चंद | टरफफोर्ड पब्लिक स्कूल, चकरपुर | 467/500 |
| 22 | शगुन | आरएलएस चौहान एसवीएमआईसी जसपुर | 466/500 |
| 22 | कनिष्का | आदर्श कन्या इंका, बाजपुर | 466/500 |
| 22 | जय बसेड़ा | केबीएसएम इंका खटीमा | 466/500 |
| 22 | दीपाली जोशी | केजोशी एमआईसी नानकमत्ता | 466/500 |
| 23 | वैष्णवी | पूर्णानंद तिवारी इंका जसपुर | 465/500 |
| 23 | भास्कर जोशी | पीपीएसवीएमआईएसी नानकमत्ता | 465/500 |
| 23 | सौम्या जोशी | पीपीएसवीएमआईएसी नानकमत्ता | 465/500 |
| 23 | आस्था | टीएसएसवीएमआईसी काशीपुर | 465/500 |
| 23 | सुरेंद्र सिंह | एसजीएनआईसी, नानकमत्ता | 465/500 |
| 24 | अंजलि तिवारी | एसएएम ग्लोबल स्कूल, यूएस नगर | 464/500 |
| 24 | वर्षा | जीजीआईसी, काशीपुर | 464/500 |
| 24 | आयुष | एसकेएमए इंका, किच्छा | 464/500 |
| 24 | राधेश्याम | टीएसएसवीएमआईसी काशीपुर | 464/500 |
| 25 | प्रिंस जोशी | नानकमत्ता पब्लिक स्कूल, नानकमत्ता | 463/500 |

# जंगल में घायल मिला वृद्ध, अस्पताल में मौत

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** बीते तीन दिनों से घर से लापता एक वृद्ध घायल अवस्था में अमानगढ़ के जंगल में मिला। वनकर्मियों ने वृद्ध को परिजनों की मदद से निजी अस्पताल पहुंचाया। बाद में बुजुर्ग को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



इख्तियार शाह (फाइल)।

ग्राम रामनगर निवासी 67 वर्षीय इख्तियार शाह पुत्र नन्हे शाह शुक्रवार दोपहर को अमानगढ़ वन क्षेत्र के पास एक मजार पर गए थे। घर वापस न लौटने पर उनकी तलाश शुरू की गई। ग्रामीणों ने बताया कि कैमरों में इख्तियार शाह साइकिल से रिजर्व रेंज की ओर जाते हुए दिखाई दिए। रविवार को परिजनों और ग्रामीणों ने पतरामपुर रेंज, अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज में तलाश शुरू की। वनकर्मियों की मदद से खोज अभियान शुरू किया गया। इस दौरान जसपुर कक्ष संख्या 17 के पास एक झाड़ी में इख्तियार शाह गंभीर अवस्था में मिले। उनके शरीर पर कई हड्डियां टूटी हुई थीं, जिससे यह माना जा रहा है कि वे किसी वन्य जीव के हमले में घायल हुए होंगे। इख्तियार शाह के पुत्र नसीम अहमद ने बताया कि उनके पिता लकड़ी बीनने के लिए वन क्षेत्र में जाते थे। अमानगढ़ रेंज अधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि वृद्ध तीन दिन से लापता थे और रविवार को घायल अवस्था में कंपार्टमेंट 17 में झाड़ी में पड़े मिले।

## नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट

**काशीपुर:** एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपी, जिसमें उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल की सुबह लगभग साढ़े छह बजे उनकी दो नाबालिग बेटियां रोजाना की तरह बाजपुर रोड स्थित एक स्कूल गईं थीं एक बेटी कक्षा 12वीं में और दूसरी कक्षा 6वीं में पढ़ाई कर रही थी। बताया गया कि जब उनकी बेटी 12 बजे तक घर नहीं पहुंची, तो उनकी पत्नी स्कूल देखने के लिए गईं। वहां पर उन्होंने अपनी छोटी बेटी को ऑटो में बैठा पाया, जबकि बड़ी बेटी गायब थी। तहरीर में बताया गया है कि व्यक्ति को शक है कि श्यामपुरम कॉलोनी निवासी बबलू ने उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। बबलू का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख ठगने का आरोप

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** देहरादून निवासी एक युवक ने काशीपुर निवासी सफाई कर्मचारी पर नौकरी दिलाने के नाम पर 2.50 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।सहारनपुर रोड, पटेल नगर, देहरादून निवासी अंकुश, जो इंद्रेश हॉस्पिटल, देहरादून में कार्यरत है, ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने परिचित अशोक कुमार से मिला था, जिनका इलाज इंद्रेश हॉस्पिटल में चल रहा था। अशोक के माध्यम से उसकी मुलाकात काशीपुर निवासी हरकेश मीना से हुई, जो हेमपुर डिपो में सफाई कर्मचारी था और वर्तमान में 39 एफएडी, भरतपुर, राजस्थान में कार्यरत है। अंकुश का आरोप है कि हरकेश ने उसे बार-बार नौकरी दिलाने का झांसा दिया। 15 जुलाई 2023 को उसने हरकेश को 1.50 लाख रुपये नकद दिए और 6 दिसंबर 2023 तथा 19 जुलाई 2024 को 50-50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। हालांकि, हरकेश ने न तो उसे नौकरी दिलाई और न ही पैसे वापस किए। अंकुश का आरोप है कि अब हरकेश उसे धमकी दे रहा है कि अधिक फोन करने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। पटेल नगर, देहरादून कोतवाली पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की और शिकायत को काशीपुर कोतवाली ट्रांसफर कर दिया। काशीपुर पुलिस ने आरोपी हरकेश के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूजा के दौरान लगी आग, लाखों का सामान राख

- मोतीपुर नंबर-एक में दूसरी मंजिल के कमरे में पर्दे ने पकड़ी आग

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** मोतीपुर नंबर-एक गांव में बरसी की पूजा के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ। पूजा के दौरान जलते कपूर से घर के ऊपरी कमरे में आग लग गई, और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे कमरे में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, मोतीपुर नंबर-एक निवासी अमल चंद्र ढाली के घर में रविवार शाम को बरसी की पूजा चल रही थी। पूजा के दौरान कपूर और अगरबत्तियां जल



दिनेशपुर मोतीपुर नंबर में लगी आग की जानकारी लेते दमकल व पुलिस कर्मी।

रही थीं, और तेज हवा के कारण कमरे में लगा पर्दा आग की चपेट में आ गया। पर्दे से लगी आग तेजी से पूरे कमरे में फैल गई, जिससे शोर-शराबा मच गया और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल बाल्टियां और पाइपों से आग बुझाने का प्रयास किया। इसके साथ ही उन्होंने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि समय रहते आग बुझने से घर के अन्य हिस्सों और आसपास के मकानों को बचा लिया गया, लेकिन आग में कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। फर्नीचर, कपड़े, बिस्तर, इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत करीब लाखों रुपये की संपत्ति जल गई। बरसी की तैयारी के बीच हुए इस हादसे से परिवार बेहद परेशान है। घटना के बाद गांव में भी इस हादसे की चर्चा हो रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि पूजा-पाठ के दौरान जलते दीया, कपूर और अगरबत्तियां जैसे ज्वलनशील पदार्थों को सावधानी से जलाएं और उन्हें किसी ज्वलनशील चीज के पास न रखें।

## वन विभाग ने तेंदुए को किया पिंजरे में कैद



**काशीपुर:** ग्राम गोपीपुरा क्षेत्र में ग्रामीणों के लिए आतंक का पर्याय बने तेंदुए को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर पिंजरे में कैद कर लिया। तेंदुए के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। रविवार सुबह तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया है। वन विभाग के अधिकारियों ने आसपास के लोगों से देर शाम जंगल की ओर न जाने की भी अपील की है।

**हादसा** — चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टला, कैंटर में लदा था गत्ता

# कैंटर में लगी आग, बाल-बाल बचा चालक

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 से गुजर रही गत्ते से लदी एक कैंटर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया और वह सुरक्षित बच गया।

बताया जा रहा है कि जैसे ही कैंटर में आग लगी, वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने ड्राइवर को इसकी सूचना दी। चालक ने तुरंत वाहन को हाईवे किनारे खड़ा कर दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लपटें तेज़ी से फैलने लगीं। सूचना मिलते ही केलाखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग को वन-वे कर दिया, ताकि अन्य



राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर आग का गोला बना गत्ते से लदा कैंटर। ● अमृत विचार

वाहन आग की चपेट में न आएं। इसी दौरान आग सड़क के दूसरी ओर भी फैलने लगी, जिसे पुलिसकर्मियों ने पेड़ों की टहनियों की मदद से बुझाने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद रुद्रपुर और बाजपुर से दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक ताहिर पुत्र अली मोहम्मद निवासी किच्छा, कैंटर में गत्ता लेकर जाफरपुर से काशीपुर स्थित प्रकाश पेपर मिल जा रहा था। केलाखेड़ा क्षेत्र में पहुंचते ही अज्ञात कारणों से वाहन में आग लग गई। मौके पर उपनिरीक्षक प्रकाश मेहरा के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ उपनिरीक्षक मोहित कुमार, नारायण सिंह, आरक्षी सचिन चौधरी आदि पुलिसकर्मी रहे।

### महिला अग्निशमन कर्मियों की हुई तारीफ

आग बुझाने के दौरान महिला अग्निशमन कर्मी गंगोत्री और गौरी बघरी का जज्बा लोगों के लिए प्रेरणा बन गया। दोनों कर्मी पुरुष साथियों से कंधे से कंधा मिलाकर न केवल पाइप खींचती दिखीं बल्कि लगातार दौड़कर आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराती रहीं। उनके समर्पण और साहस की लोगों ने जमकर तारीफ की।

## जनगणना के लिए बाहर जाने पर देनी होगी सूचना

**बाजपुर:** खंडशिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि विद्यालय संचालन और जनगणना का कार्य एक साथ संपादित किया जाएगा, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों।जारी निर्देशों के अनुसार, यदि किसी शिक्षक को जनगणना कार्य के लिए विद्यालय से बाहर जाना पड़ता है, तो उसे पूर्व में प्रधानाध्यापक को लिखित प्रार्थना पत्र देना अनिवार्य होगा। प्रधानाध्यापक इस प्रार्थना पत्र को विद्यालय अभिलेख में सुरक्षित रखेंगे। वहीं, एकल शिक्षक विद्यालयों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ऐसे विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक यदि जनगणना कार्य के लिए बाहर जाते हैं, तो उन्हें एक दिन पूर्व संबंधित सीआरसी के सीआरपी समन्वयक को सूचना देनी होगी, ताकि वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# शिक्षकों को बांटी जनगणना सामग्री

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** शिक्षण कार्य के साथ जनगणना ड्यूटी लगाने को लेकर शिक्षकों में नाराजगी लगातार बनी हुई है। शनिवार को शिक्षकों के प्रदर्शन के कारण बड़ी संख्या में नामित शिक्षक-शिक्षिकाएं तहसील मुख्यालय से जनगणना सामग्री और परिचय पत्र प्राप्त नहीं कर सके थे। इस स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने रविवार को भी कार्यालय खोलकर सामग्री वितरण की व्यवस्था की।

तहसील परिसर में सुबह से ही शिक्षक-शिक्षिकाओं की भीड़ जुटने लगी। सैकड़ों कर्मचारियों को जनगणना से संबंधित सामग्री, पहचान पत्र और आवश्यक दिशा-निर्देशों की पत्रावलियां वितरित की गईं। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी



बाजपुर तहसील में जनगणना सामग्री प्राप्त करते शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

जहां लगी है, उन्हें प्रशिक्षण में दी गई जानकारी के अनुसार निर्धारित समय सीमा में निष्पक्ष रूप से कार्य संपादित करना होगा। हालांकि, शिक्षकों में इस बात को लेकर रोष बना हुआ है कि शिक्षण कार्य के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी के रूप में जनगणना ड्यूटी दी जा रही है। उनका कहना है कि इससे स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित होगी और उन पर कार्य का अतिरिक्त दबाव पड़ेगा। इसके साथ ही कई शिक्षकों ने ड्यूटी के लिए नजदीकी क्षेत्र आवंटित किए जाने की मांग भी उठाई है, ताकि उन्हें आवागमन में दिक्कत न हो। प्रशासन ने जनगणना को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य बताते हुए सभी कर्मचारियों को इसमें सहयोग करने के निर्देश दिए हैं।

ब्रीफ न्यूज

### बैरती क्षेत्र में बोर्ड परीक्षाफल उत्कृष्ट

**बैरती :** अमृत विचार : क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों का इस वर्ष भी उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। जीआईसी महतगांव और नव प्रभात हाईस्कूल बसभीड़ा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। महतगांव की रुचि बिष्ट ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। जीआईसी चित्रेश्वर का इंटर परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा, जबकि हाईस्कूल 95 प्रतिशत रहा। महाकालेश्वर इंटर कॉलेज का हाईस्कूल 90 और इंटर 95 प्रतिशत रहा, जहां नेहा गोस्वामी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बसभीड़ा के सौरभ कुमार ने जनपद में पहला और राज्य में आठवां स्थान हासिल कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया।

### एचएन इंटर कॉलेज के 12वीं के 47 छात्र प्रथम

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में रामपुर रोड स्थित एचएन इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में 64 में से 63 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें 47 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। कुल रिजल्ट में 98 .4 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल में 78 छात्रों में 17 प्रथम, 35 द्वितीय और 13 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, कुल प्रतिशत 83 .3 रहा। इंटर में हर्षित सिंह कार्की ने 88 .4 प्रतिशत और हाई स्कूल में सचिन मौर्य ने 85 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत ने सभी सफल छात्रों सहित शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।

# मां पूर्णागिरि मेले में स्वच्छता पर विशेष जोर

## जिलाधिकारी के निर्देश पर हर मार्ग पर तैनात टीमें, श्रद्धालुओं को मिल रहा है स्वच्छ व सुगम वातावरण

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** मां पूर्णागिरि मेले की गरिमा, आस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में पूरे मेला क्षेत्र में स्वच्छता और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है।

मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान करने के साथ उनकी यात्रा को सुगम व सुखद बनाने के उद्देश्य से प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। ककराली गेट से मुख्य मंदिर परिसर तक पूरे यात्रा मार्ग पर सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया है। इसके लिए 85 सफाई कर्मियों और 8 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सफाई कार्य में जुटे हैं। अपर मुख्य अधिकारी कमलेश बिष्ट ने बताया कि स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए मार्ग को विभिन्न चरणों में विभाजित किया गया है। ककराली गेट से बूम पार्किंग बैरियर तक 10 कर्मी तैनात हैं, जबकि बूम पार्किंग से ठुलीगाड़ पार्किंग तक 20 कर्मियों की टीम सफाई में लगी है।



पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में जुटे कर्मचारी। ● अमृत विचार

इसके अलावा ठुलीगाड़ पार्किंग से भैरव मंदिर पार्किंग तक 25 सफाई कर्मियों को लगाया गया है, ताकि भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में कचरा प्रबंधन सुचारू रहे। भैरव मंदिर पार्किंग से मुख्य मंदिर तक के संवेदनशील क्षेत्र में 30 कर्मी लगातार सफाई व्यवस्था संभाल रहे हैं। इन सभी कार्यों की निगरानी 8 सुपरवाइजर कर रहे हैं। स्वच्छता के साथ-साथ श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला पंचायत द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल को सौंपी गई है। संस्था के कर्मचारी नियमित सफाई कर स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित कर रहे हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आपसी समन्वय के साथ मेले की व्यवस्थाओं को लगातार बेहतर बनाए रखें। उन्होंने कहा कि धाम की पवित्रता और श्रद्धालुओं की आस्था के अनुरूप स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# भीषण गर्मी के बाद भी मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

● मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए नेपाल से भी पहुंच रहे श्रद्धालु

संवाददाता,टनकपुर

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी के बाद भी इस समय मां पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। देश से ही नहीं बल्कि इस समय पड़ोसी देश नेपाल से भी भारी संख्या में यहां श्रद्धालु आ रहे हैं। जिससे पूर्णागिरि क्षेत्र मां के जय जयकारों से भक्ति भाव को उठा है।

सरकारी तौर पर इस बार 27 फरवरी से शुरू हुआ पूर्णागिरि मेला 15 जून को संपन्न होगा। गर्मी के कारण इस समय श्रद्धालुओं को मां के दर्शन के लिए काफी दिक्कतें आ रही है। भारी भीड़भाड़ के कारण कालिका मंदिर से आगे सीढ़ियों में मुख्य धाम तक जगह-जगह अवरोधक बनाए गए हैं जिसमें श्रद्धालुओं को काफी समय लग रहा है। सुरक्षा के भी पूर्णागिरि मेला क्षेत्र में जगह-जगह पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। वहीं शारदा नदी में भी श्रद्धालु भारी संख्या में स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्र नगर व ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को आ रहे हैं जिससे नेपाल के बाजारों में इस समय काफी चहल-पहल बनी हुई है। यहां भी सिद्धनाथ मंदिर समिति द्वारा आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के भी बेहतर सुविधाये दी जा रही है।



चुनरी बांधकर मन्नत मांगता श्रद्धालु।

# एआई तकनीक से परीक्षा केंद्रों में रखी जाएगी नजर

● उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा बैठक आयोजित
● परीक्षा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष आयोजन को लेकर आयोग के सदस्य एसएस सिंह रौतेला ने अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सदस्य ने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा सभी स्तरों पर पुख्ता तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं, जिससे परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हो सके। परीक्षा की निगरानी के लिए एआई आधारित केंद्रीकृत कंप्यूटर कंट्रोल कक्ष स्थापित किया जाएगा। जिसके माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

इसके अतिरिक्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से डेढ़ घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। यहां बैठक में एडीएम युक्ता मिश्र, मुख्य कोषाधिकारी वीरेंद्र रावत, सीईओ चंदन सिंह बिष्ट समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में आयोग सदस्य ने स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर बैठक ली।

# जनता को महिला आरक्षण बिल पर भ्रमित कर रही भाजपाः उलोवा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड लोक वाहनी ने महिला आरक्षण बिल पर भाजपा पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। रविवार को वाहनी की बैठक में महिला आरक्षण बिल समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई।

मालरोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण को लोकसभा की सीटों के साथ जोड़कर भाजपा भ्रम फैला रही है। कहा कि वास्तव मे यदि सरकार महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो लोकसभा की मौजूदा सीटों पर ही संविधान की व्यवस्था के अनुरूप महिलाओं को तत्काल आरक्षण दिया जाना चाहिए। सरकार चाहे तो सभी राजनैतिक दलों के साथ आमराय बना सकती है। संसद की सीटों को बढ़ाना एक अलग मुद्दा है उस पर विस्तार से चर्चा हो सकती है। इसके अलावा बैठक में मानव व वन्यजीव संघर्ष पर भी चिंता के साथ नाराजगी व्यक्त की गई। कहा गया कि एक ओर सरकार धार्मिक उन्माद पैदा कर रही है दूसरी ओर लोग हिंसक जानवरों का निवाला बन रहे है। लोगों की जिंदगियां बचाने मे वन विभाग पूरी तरह अक्षम सबित हो रहा है। बैठक में राजीव लोचन साह, पूरन चंद्र तिवारी, अधिवक्ता जगत रौतेला, दयाकृष्ण कांडपाल, जंगबहादुर थापा, अजयमित्र सिंह बिष्ट, अजय सिंह मेहता, हारिस मुहम्मद, कुंदन आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में बैठक के दौरान मौजूद उत्तराखंड लोक वाहनी के सदस्य। ● अमृत विचार

# पेयजल आपूर्ति बहाल करने को कार्रवाई तेज

**चम्पावतः** जनपद के सीमांत मंच क्षेत्र में उत्पन्न पेयजल संकट को देखते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर जल संस्थान ने आपूर्ति बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है।

बाधित पेयजल लाइनों की सफाई और मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, ताकि लोगों को प्राकृतिक स्रोतों और हैंडपंपों पर निर्भर न रहना पड़े। अधिशासी अभियंता रवि प्रकाश डोबवाल ने बताया कि जांच में मंच पंपिंग योजना की मुख्य पाइपलाइन में क्षति और अवरोध पाया गया है। तकनीकी टीम मरम्मत कार्य में जुटी है और पंपिंग प्लांट की खामियां भी दूर की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि व्यवस्था पूरी तरह सुचारू होने तक मंच और डूबाजैनाल क्षेत्र में टैंकरों से नियमित जल आपूर्ति की जा रही है।

# नर्सिंग कॉलेज प्रबंधक पर पत्रकारों ने लगाया बदसलूकी करने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** नगर में मां अम्बे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ बदसलूकी और मारपीट का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने डीएम से मुलाकात कर संस्थान के प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। इधर, मामले में डीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए है।

कहा कि बीते दिनों पत्रकार एक गंभीर प्रकरण की सूचना मिलने पर समाचार संकलन के लिए संस्थान पहुंचे थे। आरोप है कि संस्थान के प्रबंधक संदीप सिंह ठाकुर ने पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार किया। पत्रकारों के साथ न केवल बदसलूकी की गई, बल्कि कैमरे और माइक आईडी भी छीन लिए गए। उन्हें डराने-धमकाने और देख लेने की धमकी भी दी गई। पदाधिकारियों ने डीएम से पूरे प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाने, दोषी प्रबंधक के विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई करने, संस्थान के सुरक्षा मानकों, अग्नि सुरक्षा और भवन की वैधता की विस्तृत करने की मांग उठाई। यहां प्रेस क्लब सचिव अशोक पांडे, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष संतोष बिष्ट, उपसचिव मोहित अधिकारी, हरीश भंडारी, पीसी तिवारी, नसीम अहमद, किशन जोशी, कंचना तिवारी, रोहित कार्की, रोहित भट्ट, प्रमोद जोशी, पवन नगरकोटी आदि पत्रकार मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में डीएम को ज्ञापन सौंपते प्रेस क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** अल्मोड़ा पुलिस ने 488 ग्राम चरस के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लोधिया बेरियर के पास वाहन संख्या लोधिया यूके 02 5247 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार आरोपी हिमांशु बोरा पुत्र सुरेंद्र सिंह बोरा, निवासी कार रोड, लालकुआं जिला नैनीताल, सुमित सिंह दानू पुत्र गजेंद्र सिंह दानू, निवासी इंद्रानगर, बिन्दुखत्ता, नैनीताल और साहिल टम्टा पुत्र गणेश प्रसाद निवासी लोभ, जिला बागेश्वर के कब्जे से 488 ग्राम चरस बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार चरस की कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई।



रानीखेत में जंगल में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### जंगल में लगी आग पर फायर टीम ने पाया काबू

**रानीखेत, अमृत विचार :** क्षेत्र में बढ़ते तापमान के साथ जंगलों में आग लगने की घटनाएं शुरू हो गई हैं। रविवार शाम अग्निशमन विभाग को सूचना मिली कि माल रोड स्थित वेस्ट व्यू होटल के पास जंगल में आग लगी है, जो तेजी से फैल रही है। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। फायर यूनिट ने एमएफई और हाई प्रेशर होजरील की मदद से पंपिंग कर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। साथ ही आग को पीट-पीटकर पूरी तरह काबू में किया गया। घटनास्थल पर वन विभाग के कर्मी भी मौजूद रहे। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। अग्निशमन टीम में एफएसएसओ गणेश चंद्र, हरीश भट्ट, खीमानंद, दयाधर ध्यानी, राजकुमार, रमेश सिंह, जयवीर सिंह, दिनेश सिंह, निकेता और निरु सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

# निर्धन का किया हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार

**रानीखेतः** जनसेवा समिति ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए निर्धन गंगा बहादुर (43) का अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से किया। वह नंदा देवी मंदिर के पास किराए के मकान में परिवार सहित रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। सीने में तेज दर्द के बाद उनकी कमरे में ही मौत हो गई।

समिति के सतीश चन्द्र पाण्डेय ने अपनी टीम के साथ मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार कराया। पाण्डेय पिछले 25 वर्षों से गरीब, लावारिस और जरूरतमंद लोगों का अंतिम संस्कार करते आ रहे हैं। साथ ही, वे रानीखेत व आसपास के 25 गांवों में दाह संस्कार हेतु निःशुल्क बांस भी उपलब्ध कराते हैं।

# बोर्ड परीक्षा में वुडलैंड्स स्कूल का प्रदर्शन शानदार



वुडलैंड्स स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद निदेशक, शिक्षक व अन्य।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस साल बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर शिक्षा में अपनी गुणवत्ता साबित की। स्कूल में इंटरमीडिएट में 95 प्रतिशत और हाई स्कूल में 56 प्रतिशत छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की।

स्कूल के निदेशक अखिलेश धोनी ने टॉपर विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर उनका उत्साह बढ़ाया। छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ मिठाईयां बांटकर जश्न मनाया। इस दौरान शिक्षक और अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें बधाई दी।

# टीबी मुक्त अभियान में तेजी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जनपद में टीबी मुक्त अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग व्यापक स्तर पर कार्य कर रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.सी. पंत एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश डकरियाल के निर्देशन में टीमें गांव-गांव पहुंचकर लोगों की स्क्रीनिंग कर रही हैं। ब्लॉक स्तर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में अभियान संचालित किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसी पंत ने बताया कि अभियान के तहत अतिआधुनिक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से मौके पर ही जांच की जा रही है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को अस्पताल नहीं जाना पड़ रहा। विभाग के अनुसार अब तक 66 हाई-रिस्क गांवों में जांच करते हुए 14,785 एक्स-रे किए जा चुके हैं। ग्राम पनियाली में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर में टीबी जांच के साथ ब्लड प्रेशर और शुगर की भी जांच की गई। वहीं, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना, ईजा-बोई और परिवार कल्याण योजनाओं की जानकारी दे रही हैं। लोगों को घर पर प्रसव होने पर उच्च जोखिम के बारे में बताया जा रहा है प्रसव अस्पताल पर करने के लिऐ प्रेरित किया जा रहा है ,जिसके तहत ग्राम पनियाली में गर्भवती महिला के घर जाकर जिला आईसीसी अधिकारी दीवान बिष्ट, आशा कार्यकत्री कमला बिष्ट ने जानकारी दी।



घर में जाकर लोगों को टीबी व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर जागरूक करते कर्मी।

# संगीत साधना पर दिया गया जोर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की ओर से संयुक्त रूप से यूओयू परिसर में 'प्रातिज्ञ' कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में लोक कलाकार डॉ. माधुरी बड़थ्वाल ने उत्तराखंड के लोक संगीत में शास्त्रीय राग-रागिनियों का परिचय कराया। प्रो. हरविन्दर सिंह ने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी और संगीत साधना में निरंतर अभ्यास के महत्व पर जोर दिया। कथक नृत्यांगना डॉ. पूर्णिमा पांडे ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने कलाकार बनने के लिए नियमित अभ्यास और गुरु के प्रति सम्मान का महत्व बताया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने विवि की सांस्कृतिक पहलों की जानकारी दी और संगीत नाटक अकादमी का धन्यवाद किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. बसंती बिष्ट ने भारतीय लोक और शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण पर जोर दिया। प्रो. मनमोहन सिंह चौहान ने इस तरह के कार्यक्रमों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

इस मौके पर विवि के कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट, निदेशक अकादमिक प्रो. पीडी पंत, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रयाग जोशी, डॉ. भैरव दत्त तिवारी, प्रसिद्ध संगीतज्ञ पं. चंद्रशेखर तिवारी, सरोद वादक स्मित तिवारी, विवि की विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशक सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



यूओयू में आयोजित प्रातिज्ञ कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देतीं कलाकार।

# पर्यावरण मित्रों को पेंशन और भत्ता न मिलने पर उठे सवाल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** नगर निगम में कार्यरत व सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों (पर्यावरण मित्रों) के साथ हो रहे कथित अन्याय को लेकर गंभीर आपत्ति दर्ज की गई है। प्रार्थना-पत्र के माध्यम से आरोप लगाया गया है कि नगर निगम द्वारा कर्मचारियों के स्वयं के आवासों को निगम की संपत्ति बताकर उन्हें मकान भत्ता सहित अन्य देयकों से वंचित किया जा रहा है।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ का प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार ने नगर आयुक्त पारितोष वमार्ग व अन्य को दिए ज्ञापन में कहा कि कई कर्मचारियों को न तो कभी सरकारी आवास आवंटित किए गए और न ही सेवानिवृत्ति अथवा मृत्यु के बाद उनके परिजनों को पेंशन व अन्य लाभ समय पर मिले। आरोप है कि कुछ मामलों में कर्मचारियों पर दबाव बनाकर उनके निजी मकानों को सरकारी बताकर खाली कराया गया और अन्य लोगों को आवंटित कर दिया गया।

प्रार्थना-पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित भूमि पर अन्य समुदायों के लोग भी रहते हैं, जिनसे नगर निगम भवन कर वसूलता है, लेकिन केवल सफाई कर्मचारियों के मकानों को ही निगम की संपत्ति बताया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।





निहारिका। नमिता। जहीन।

### निहारिका एवं नमिता ने बढ़ाया विद्यालय का मान

**रामनगर :** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में एमपी हिन्दू कॉलेज की छात्रा निहारिका सती ने हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में 94 .40% अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 16 वां तथा नमिता पडलिया ने हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में 93% अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में 23 वां स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में आर्ट्स की छात्रा ज़हीन ने 90 .8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक विनय जिंदल, प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा, परीक्षा प्रभारी चेतन स्वरूप व अन्य अध्यापकों ने शुभकामनाएं दी।

# समस्याओं का अविलंब निस्तारण करें: रत्नाकर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य (राज्य मंत्री स्तर) कुंवर हर्ष रत्नाकर ने नगर पालिका में समीक्षा बैठक कर कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में बाल्मीकि समाज के नेता शुभम उत्तम ने बताया कि जनवरी से पर्यावरण मित्रों को साप्ताहिक अवकाश देने के आदेश के बावजूद कई स्थानों पर इसका पालन नहीं हो रहा है। इस पर अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि पालिका में कार्यरत पर्यावरण मित्र परिवार का हिस्सा हैं और उनके हितों के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगले माह से सभी पर्यावरण मित्रों का पीएफ और ईएसआई लागू किया जाएगा, जिससे उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शहर का क्षेत्रफल आठ किलोमीटर बढ़ने के कारण सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 35 नए पर्यावरण मित्रों की भर्ती का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम समेत कई अधिकारी, कर्मचारी और पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

## प्रस्ताव से परेशानी

ट्रंप सरकार द्वारा एच-1बी वीज़ा प्रतिबंध और उससे जुड़े कड़े प्रावधानों वाला बिल लाना उनकी राष्ट्रहित की राजनीतिक समझ है, जिसके लिए वे स्वतंत्र हैं, पर प्रस्तावित बिल मात्र अमेरिकी आव्रजन नीति का बदलाव नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिभा प्रवाह पर एक बड़ा झटका हैं— जिसका सबसे अधिक असर भारत पर पड़ेगा और ये नीतियां भारतीय पेशेवरों के 'अमेरिकन ड्रीम' को दुःस्वप्न में बदल देंगी, क्योंकि एच-1बी वीज़ा धारकों में 73 प्रतिशत भारतीय हैं। कुछ मुद्दों पर डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद भी सीमित आव्रजन नियंत्रण के पक्ष में खड़े हो सकते हैं, जिससे इस प्रस्ताव के पारित होने की आशंका बलवती होती है।

'मागा' राजनीति के तहत ट्रंप प्रशासन का जोर 'अमेरिका फर्स्ट' पर है, जिसमें विदेशी श्रमिकों को घरेलू नौकरियों के लिए खतरा बताया जा रहा है, जबकि अमेरिका की टेक इंडस्ट्री भारतीय पेशेवरों पर बहुत निर्भर है। यह अमेरिका के लिए भी नुकसानदेह हो सकता है, क्योंकि उसकी नवाचार क्षमता और टेक उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता काफी हद तक वैश्विक प्रतिभा पर निर्भर है। प्रस्ताव में एच-1बी वीज़ा पर तीन साल की रोक के अलावा, कोटे को 85 हजार से घटाकर 25 हजार करने, न्यूनतम वेतन को अत्यधिक ऊंचा लगभग दो करोड़ रुपये वार्षिक निर्धारित करने और वीज़ा फीस में भारी वृद्धि जैसे प्रावधान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, परिवार को साथ लाने पर संभावित प्रतिबंध और स्टैंपिंग प्रक्रियाओं को जटिल बनाना, भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका जाने को हतोत्साहित करने की व्यापक रणनीति का संकेत देता है। कोटा घटने से भारतीय पेशेवरों के लिए अवसरों में भारी कमी आएगी। न्यूनतम वेतन की शर्त अमेरिकी कंपनियों को भारतीयों को नियुक्त करने से हतोत्साहित कर सकती है, क्योंकि इससे लागत काफी बढ़ेगी। हमारे लिए इसके प्रभाव बहुआयामी होंगे। एक ओर, आईटी सेक्टर के अवसर सीमित होंगे, दूसरी ओर रेमिटेंस, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, उस पर भी असर पड़ेगा। भारत को अपने घरेलू उद्योग, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और रिसर्च-डेवलपमेंट ढांचे को मजबूत करने की दिशा में तेजी लाने और प्रतिभा के 'ब्रेन ड्रेन' को 'ब्रेन गेन' में बदलने का अवसर है।

भारतीय पेशेवरों के लिए भी यह समय रणनीतिक बदलाव का है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और खाड़ी देश वैकल्पिक गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। चीन जैसे देशों की ओर रुख करने की संभावना सीमित है, क्योंकि वहां की राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियां भारतीयों के लिए सहज नहीं हैं। सरकार को चाहिए कि वह अमेरिका के साथ इस मुद्दे पर कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय संवाद बनाए रखे, साथ ही वैश्विक स्तर पर नए अवसरों के द्वार खोलने के लिए द्विपक्षीय समझौतों को बढ़ावा दे। कौशल विकास, उच्च शिक्षा और नवाचार में निवेश बढ़ाकर भारत अपने पेशेवरों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए और सक्षम बना सकता है। ट्रंप की नीतियां भले ही अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए हों, लेकिन उनका दीर्घकालिक प्रभाव वैश्विक प्रतिभा और अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ेगा। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह इस बदलते परिदृश्य में अपने हितों की रक्षा करते हुए नए अवसरों को पहचानकर आगे बढ़े— तभी 'अमेरिकन ड्रीम' के टूटने का दर्द एक नई वैश्विक संभावना में बदलेगा।

### प्रसंगवश

## परंपरा, बाजार और बदलती पहचान

भारत की सांस्कृतिक संरचना में त्योहारों का स्थान केवल आनंद और उत्सव तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज की ऐतिहासिक स्मृति, आर्थिक संरचना, प्रकृति के साथ संबंध और मानवीय संवेदनाओं के गहरे ताने-बाने से जुड़े होते हैं। यहां त्योहार जीवन के हर पहलू को स्पर्श करते हैं— खेती, ऋतु परिवर्तन, पारिवारिक संबंध, सामूहिकता और आस्था, लेकिन वर्तमान समय में यह प्रश्न गंभीरता से उठाया जाने लगा है कि क्या हमारे पारंपरिक त्योहार अपनी मूल आत्मा से दूर होते जा रहे हैं? क्या उन पर एक प्रकार का 'कल्चरल अटैक' हो रहा है, जो धीरे-धीरे उनकी असल पहचान को बदल रहा है?

'कल्चरल अटैक' शब्द भले ही आक्रामक प्रतीत होता हो, लेकिन इसका आशय किसी एक वर्ग या समूह पर आरोप लगाना नहीं है। यह उस धीमी, सूक्ष्म और कई बार अनदेखी प्रक्रिया की ओर संकेत करता है, जिसके माध्यम से परंपराएं अपने मूल सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ से हटकर नए अर्थ ग्रहण करने लगती हैं। यह परिवर्तन कभी स्वाभाविक होता है, तो कभी सुनियोजित आर्थिक और वैचारिक प्रभावों का परिणाम भी हो सकता है।




डॉ. प्रियंका सौरभ

शिक्षिका


भारतीय त्योहारों की जड़ें मुख्यतः कृषि और प्रकृति से जुड़ी रही हैं। देश का अधिकांश समाज सदियों तक कृषि-आधारित रहा है, इसलिए फसल, मौसम और भूमि के साथ उसका गहरा रिश्ता रहा। फसल कटने की खुशी, नई बुवाई की शुरुआत, वर्षा के आगमन का स्वागत— ये सब त्योहारों के माध्यम से व्यक्त होते थे। इन उत्सवों में किसान केंद्र में होता था, क्योंकि वही अन्न का उत्पादक था और वही समाज की जीवन-रेखा को बनाए रखता था। ऐसे त्योहारों में आडंबर कम और सहभागिता अधिक होती थी। लोग मिलकर गाते-बजाते, सामूहिक भोज करते और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते थे।

जैसे-जैसे समाज में शहरीकरण बढ़ा, औद्योगिकीकरण हुआ और बाजार की ताकतें मजबूत हुईं, त्योहारों का स्वरूप भी बदलने लगा। अब त्योहारों को केवल सांस्कृतिक या सामाजिक दृष्टि से नहीं, बल्कि आर्थिक अवसर के रूप में भी देखा जाने लगा। बाजार ने त्योहारों को उपभोग से जोड़ दिया— जहां खरीदारी, सजावट और प्रदर्शन को प्रमुखता मिलने लगी। त्योहारों के साथ 'ऑफर', 'डिस्काउंट' और 'शुभ खरीदारी' जैसे विचार जुड़ गए, जिसने उनके मूल स्वरूप को प्रभावित किया।

यह बदलाव केवल बाहरी नहीं है, बल्कि मानसिकता में भी आया है। पहले त्योहारों का अर्थ था— मिलना-जुलना, साझा करना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना। अब कई जगहों पर यह प्रतिस्पर्धा का रूप ले चुका है। किसने कितना खर्च किया, किसने क्या खरीदा, किसका आयोजन कितना भव्य था। इस प्रक्रिया में त्योहारों की आत्मा कहीं पीछे छूटती चली गई।

त्योहारों पर 'कल्चरल अटैक' की चर्चा करते समय एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है— लोक परंपराओं का हाशिए पर जाना। भारत में हर क्षेत्र की अपनी विशिष्ट परंपराएं रही हैं, जो स्थानीय जीवनशैली, भाषा और संसाधनों से जुड़ी होती थीं, लेकिन आज मीडिया और बाजार के प्रभाव में एक प्रकार की सांस्कृतिक एकरूपता (cultural homogenization) देखने को मिल रही है। कुछ खास त्योहारों और उनके खास तरीकों को पूरे देश में मानक बना दिया गया है, जिससे स्थानीय विविधताएं धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं)



एक रचनात्मक फोटोग्राफर वह है, जो या तो रहस्य को कैद करता है या चीजों को उजागर करता है, बाकी सब बेकार है।
–रघु राय, विश्व प्रसिद्ध फोटोग्राफर

# रघु राय, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं






विवेक शुक्ला

पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी


कांग्रेस 1977 में लोक सभा का चुनाव हार गई। इंदिरा गांधी भी अपनी सीट नहीं बचा सकीं। तब कनॉट प्लेस में इंदिरा गांधी के फटे पड़े पोस्टर्स को रघु राय ने अपने कैमरे में कैद किया था। छह कॉलम में उस फोटो को स्टेट्समैन ने छापा। इसी के साथ रघु राय के रूप में देश और दुनिया को एक बेहतरीन फोटो जर्नलिस्ट मिल गया। वो स्टेट्समैन में हिंदुस्तान टाइम्स से गए थे। रघु राय भारतीय फोटोग्राफी की उस परंपरा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने कैमरे को केवल दृश्य दर्ज करने का साधन नहीं, बल्कि समय, समाज और मानवीय संवेदनाओं को समझने का माध्यम बनाया। उनके निधन के साथ भारतीय दृश्य-संस्कृति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय जैसे विराम लेता है, पर उनका काम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।



रघु राय का नाम आते ही भारत के विविध रंग, विरोधाभास और जीवन की जटिलताएं आंखों के सामने उभरने लगती हैं। उन्होंने अपने कैमरे के जरिए भारत को केवल दिखाया नहीं, बल्कि उसे महसूस करवाया। चाहे वह महानगरों की भाग-दौड़ हो, गांवों की सरलता, धार्मिक आस्था की गहराई या राजनीतिक घटनाओं का उथल-पुथल— राय की तस्वीरों में हर विषय एक गहरी मानवीय दृष्टि के साथ सामने आता है।

उनकी फोटोग्राफी की सबसे बड़ी विशेषता थी— क्षण की पकड़। वे उस 'निर्णायक क्षण' को पहचानते थे, जब एक साधारण दृश्य असाधारण बन जाता है। उनकी तस्वीरें देखने पर लगता है कि समय कुछ पल के लिए ठहर गया है, ताकि दर्शक उस दृश्य को पूरी तरह आत्मसात कर सके। यह गुण उन्हें विश्वस्तरीय फोटोग्राफरों की श्रेणी में स्थापित करता है।

रघु राय का करियर उस दौर में शुरू हुआ जब भारत कई सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों से गुजर रहा था। उन्होंने इन परिवर्तनों को नजदीक से देखा और अपने कैमरे में दर्ज किया। 1971 का बांग्लादेश युद्ध, इंदिरा गांधी का राजनीतिक जीवन और विशेष रूप से भोपाल गैस त्रासदी— इन सब घटनाओं की उनकी तस्वीरें इतिहास के दस्तावेज बन चुकी हैं। भोपाल गैस त्रासदी के बाद खींची गई उनकी तस्वीरें केवल एक घटना का रिकॉर्ड नहीं हैं, बल्कि वे मानवीय पीड़ा की ऐसी अभिव्यक्ति हैं, जो आज भी झकझोर देती हैं।

उनकी तस्वीरों में एक गहरा नैतिक बोध भी दिखाई देता है। वे केवल दृश्य के सौंदर्य तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उसके सामाजिक और मानवीय संदर्भ को भी उजागर करते हैं। यही कारण है कि उनकी फोटोग्राफी में संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का अनूठा संतुलन मिलता है। वे न तो विषय का शोषण करते हैं और न ही उसे रोमांटिक बनाते हैं; वे उसे उसी सच्चाई के साथ प्रस्तुत करते हैं, जैसा वह है।रघु राय ने भारत के आध्यात्मिक जीवन को भी बड़े ही प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया। कुंभ मेले की उनकी तस्वीरें इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। लाखों लोगों की भीड़, आस्था का समुद्र और उसमें छिपी व्यक्तिगत कहानियां! इन सबको उन्होंने जिस गहराई से कैद किया, वह अद्भुत है। उनकी तस्वीरें केवल दृश्य नहीं, बल्कि अनुभव बन जाती हैं। उनकी शैली में एक खास तरह की लय और संरचना दिखाई देती है। वे प्रकाश और छाया का अत्यंत प्रभावी उपयोग करते थे, जिससे उनकी तस्वीरों में एक नाटकीयता और गहराई आती थी। इसके साथ ही, वे फ्रेम में मौजूद हर तत्व का सटीक उपयोग करते थे, जिससे तस्वीरें संतुलित और अर्थपूर्ण बनती थीं। उनकी रचनात्मक दृष्टि उन्हें केवल एक दस्तावेजी फोटोग्राफर नहीं, बल्कि एक कलाकार के रूप में स्थापित करती है।

रघु राय का योगदान केवल उनकी तस्वीरों तक सीमित नहीं था। उन्होंने भारतीय फोटोग्राफी को एक पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उनके काम ने यह साबित किया कि भारत की कहानियां वैश्विक स्तर पर भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं। उनकी तस्वीरें कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और प्रदर्शनियों में शामिल हुईं, जिससे भारतीय फोटोग्राफी को वैश्विक मान्यता मिली। उनका जीवन और काम नए फोटोग्राफरों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने यह सिखाया कि फोटोग्राफी केवल तकनीक का खेल नहीं है, बल्कि यह देखने की कला है— ऐसी दृष्टि विकसित करने की प्रक्रिया, जो साधारण में असाधारण को पहचान सके। उनके काम से यह भी स्पष्ट होता है कि एक फोटोग्राफर को अपने समय और समाज के प्रति सजग और संवेदनशील होना चाहिए। रघु राय का निधन निश्चित रूप से एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनका काम हमेशा जीवित रहेगा। उनकी तस्वीरें हमें न केवल अतीत की याद दिलाती हैं, बल्कि वर्तमान को समझने और भविष्य के बारे में सोचने के लिए भी प्रेरित करती हैं। वे हमें यह याद दिलाती हैं कि कला का सबसे बड़ा उद्देश्य मानवता को समझना और उसे बेहतर बनाना है। रघु राय केवल एक फोटोग्राफर नहीं थे, बल्कि वे ऐसे कथाकार, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं और उन कहानियों को समय की धारा में अमर कर दिया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

रघु राय केवल एक फोटोग्राफर नहीं थे, बल्कि वे ऐसे कथाकार, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं और उन कहानियों को समय की धारा में अमर कर दिया।

### आमने सामने



बीजेपी हमेशा से पंजाब विरोधी रही है और राज्य के लोग गद्दारों को सबक सिखाएंगे। पार्टी किसी भी व्यक्ति से बड़ी होती है। जो सांसद पार्टी छोड़कर गए हैं, वे पंजाब का प्रतिनिधित्व नहीं करते। जब उन्हें भगवंत मान के खिलाफ कुछ नहीं मिल, तो उन्होंने आप को तोड़ने की कोशिश की।
**–भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री

उन्होंने या अन्य किसी ने पंजाब और पंजाबियों के साथ कोई गद्दारी नहीं की है। वे पहले भी तन-मन-धन से पंजाब की सेवा कर रहे थे और आगे उससे भी अधिक मजबूती से काम करेंगे। हम किसी युवा को बेरोजगार नहीं रहने देंगे और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए काम करेंगे।
**–विक्रमजीत सिंह साहनी**
राज्य सभा सांसद



# क्या भारत का नया निवेश दौर बदल रहा है!




रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ


पिछले कुछ वर्षों में भारत ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। सस्ते इंटरनेट, डिजिटल भुगतान क्रांति, युवा उद्यमियों की बढ़ती संख्या और सरकार की प्रोत्साहन नीतियों के कारण भारत आज दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप हब में शामिल हो चुका है। देश में दो लाख से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं और यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है, लेकिन 2025 के बाद एक नई प्रवृत्ति देखने को मिली है— स्टार्टअप फंडिंग में गिरावट। यह गिरावट केवल अस्थायी उतार-चढ़ाव नहीं बल्कि निवेश के बदलते दृष्टिकोण का संकेत देती है। यही कारण है कि आज यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या भारत का निवेश दौर अब एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है।

हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय स्टार्टअप्स में निवेश की गति धीमी हुई है। जहां एक समय निवेशक तेजी से पूंजी लगाते थे, वहीं अब वे अधिक सतर्क और चयनात्मक हो गए हैं। 2025 में स्टार्टअप फंडिंग में पिछले वर्षों की तुलना में कमी देखी गई और 2026 की शुरुआत भी अपेक्षाकृत कमजोर रही। इसका सबसे बड़ा कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों में ऊंची ब्याज दरों ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को कम कर दिया है। जब वैश्विक स्तर पर पूंजी महंगी हो जाती है, तो उसका सीधा प्रभाव उभरते बाजारों जैसे भारत पर भी पड़ता है।

इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों में स्टार्टअप्स के अत्यधिक वैल्यूएशन ने भी इस स्थिति को जन्म दिया है। कई कंपनियों ने बिना स्थिर लाभप्रदता के केवल ग्रोथ के आधार पर भारी फंडिंग हासिल की। निवेशकों ने उस समय 'ग्रोथ एट ऑल कॉस्ट' की रणनीति अपनाई थी, लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। अब निवेशक केवल यूजर बेस या मार्केट शेयर नहीं, बल्कि कंपनी की कमाई, नकदी प्रवाह और टिकाऊपन को महत्व दे रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि केवल मजबूत बिजनेस मॉडल और स्पष्ट राजस्व रणनीति वाले स्टार्टअप्स को ही फंडिंग मिल रही है, जबकि कमजोर मॉडल वाले स्टार्टअप्स के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर भी कुछ ऐसे कारक हैं, जो इस बदलाव को प्रभावित कर रहे हैं। ब्याज दरों का स्तर, लिक्विडिटी की स्थिति और मौद्रिक नीति निवेश के माहौल को तय करती है। जब ब्याज दरें अपेक्षाकृत ऊंची रहती हैं, तो निवेशक सुरक्षित साधनों जैसे बैंक एफडी, बॉन्ड और अन्य फिक्स्ड इनकम विकल्पों की ओर रुख करते हैं। इससे जोखिम भरे निवेश जैसे स्टार्टअप्स में पूंजी का प्रवाह कम हो जाता है। यही कारण है कि वर्तमान समय में निवेशकों की प्राथमिकताएं बदलती दिखाई दे रही हैं।

इस गिरावट को केवल नकारात्मक रूप में देखना सही नहीं होगा। इसे भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के परिपक्व होने की प्रक्रिया के रूप में भी समझा जा सकता है। अब कंपनियां अनियंत्रित विस्तार के बजाय संतुलित विकास पर ध्यान दे रही हैं। वे लागत को नियंत्रित कर रही हैं, मुनाफे पर जोर दे रही हैं और दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता दे रही हैं। इससे भविष्य में अधिक मजबूत और टिकाऊ कंपनियों का निर्माण होगा। यह बदलाव निवेशकों के लिए भी सकारात्मक है, क्योंकि उन्हें अब बेहतर गुणवत्ता वाली कंपनियों में निवेश का अवसर मिलेगा।

इसके साथ ही, निवेश का फोकस भी बदल रहा है। पहले जहां ई-कॉमर्स, फिनटेक और फूड डिलीवरी जैसे सेक्टर्स में अधिक निवेश होता था, वहीं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लीन एनर्जी, डीप टेक, हेल्थ टेक और डिफेंस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ रहा है। यह बदलाव न केवल वैश्विक ट्रेंड को दर्शाता है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक आर्थिक प्राथमिकताओं को भी प्रतिबिंबित करता है। सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहल भी इन क्षेत्रों को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे इन सेक्टर्स में नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं।

स्टार्टअप फंडिंग में गिरावट का प्रभाव रोजगार और नवाचार पर भी पड़ा है। कई स्टार्टअप्स ने लागत कम करने के लिए कर्मचारियों की छंटनी की है और कुछ कंपनियां बंद भी हुई हैं। इससे युवाओं के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं, लेकिन यह समय आत्ममंथन का भी है। उद्यमियों को अब यह समझना होगा कि केवल बाहरी फंडिंग पर निर्भर रहना दीर्घकालिक समाधान नहीं है। उन्हें अपने बिजनेस मॉडल को इस तरह विकसित करना होगा कि वह स्वयं टिकाऊ हो सके। बूटस्ट्रैपिंग, एंजेल निवेश और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग इस दिशा में मददगार हो सकता है। इस बदलते परिदृश्य में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

आंकड़े बताते हैं कि स्टार्टअप्स में निवेश की गति धीमी हुई है। एक समय निवेशक तेजी से पूंजी लगाते थे, अब वे अधिक सतर्क और चयनात्मक हो गए हैं।

### सोशल फोरम

## सुख-दुख और मस्तिष्क

सुख और दुख दोनों ऐसी चीज़ नहीं है, जिसे तुम कहीं ढूंढ सकते हो। ये दोनों अवस्थाएं हमारे मस्तिष्क की ट्रेनिंग होती है, जिसे हम अपनी परिस्थिति के अनुसार ट्रेंड करते हैं, इसलिए जो सुख और दुख ढूंढते हैं बाहर, वो उन्हें सारे जीवन कहीं नहीं मिलता है

आप इसे एक छोटे से उदाहरण द्वारा समझिए। आप देखिए कि आप किस चीज़ को पाकर या किस अवस्था में पहुंचकर खुश होते हैं? जैसे आप के पास अपना कोई घर नहीं था और आप मेहनत करके एक दो कमरे का घर खरीद लेते हैं। उस घर को पाकर आप बहुत ख़ुशी महसूस करते हैं, मगर यही दो कमरे का घर अगर आप उस व्यक्ति को दे दें, जिसके पास पहले से दो-चार शहरों में बड़े-बड़े बंगले हैं, तो क्या आपका ये दो कमरे का घर उसे खुशी देगा? नहीं.. बिल्कुल नहीं.. और अगर उस संपन्न व्यक्ति के सारे बंगले बिक जाएं, वो कंगाल हो जाए और उसे अपने बंगले छोड़कर आपके उस दो कमरे के घर में शिफ्ट होना पड़े तो वो सुखी नहीं बल्कि बहुत अधिक दुखी होगा। जो घर आपके लिए सुख की वजह थी, जिसे आप असली सुख समझते थे, वो किसी दूसरे को न तो सुख दे रहा है और न ही खुशी, यहां तक कि वो दुख भी दे रहा है




सिद्धार्थ ताबिश

राइटर


आप अपने मस्तिष्क और शरीर को ट्रेंड करते हैं और उसे ये समझाते हैं कि 'तुम्हारे लिए ये सुख है और ये दुख' और फिर आपका शरीर और मस्तिष्क आपको उसी हिसाब से रिजल्ट देता है। हम मनुष्यों का सारा जीवन इसी ट्रेनिंग और इसके रिजल्ट को महसूस करने में बीत जाता है।

आपको लोग बताते हैं कि परिवार सुख देता है, बच्चे सुख देते हैं, शादी सुख देती है और लोग सारी उम्र इस प्रयोग में फंसे रहते हैं। आप देखिए कि लड़के किस तरह से भावुक होकर वीडियो डालते हैं, जब उनके यहां बच्चा होता है। पिता आपको कहते मिलेंगे कि मेरा जीवन संवर गया, जब से मेरे घर ये बिटिया आई है या ये बेटा आया है, जबकि हकीकत ये होती है कि बच्चा होने के बाद लोगों का जीवन बड़ा ही कठिनाइयों भरा हो जाता है, न नींद पूरी होती है और न ही सुख मिलता है। अधिक कमाना, अधिक काम करना, अधिक मेहनत करना एक रूटीन बन जाता है बच्चा पालने के लिए। बच्चा पालना इतना, इतना तकलीफदेह होता है कि आपकी उम्र तक कम हो जाती है। क्या जीवन में कोई ऐसा सुख होता है, जो आपकी उम्र कम कर दे? शादी परिवार बच्चा ये सब आपकी उम्र घटाते हैं, बढ़ाते नहीं है.. ये प्रमाणित है। **–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## 'आप' के 15 वर्षीय इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट'

भारत की समकालीन राजनीति में शायद ही कोई घटना इतनी तेजी से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आई हो, जितनी राघव चड्ढा सहित सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से आई है। राघव चड्ढा सहित सात सांसदों का भाजपा में जाना केवल एक खबर नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी के 15 साल के इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट' है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर यह घटनाक्रम एक बड़े 'पॉलिटिकल अर्थक्वेक' के रूप में दर्ज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के 'पोस्टर बॉय' माने जाने वाले राघव चड्ढा सहित राज्यसभा के सात सांसदों का एक साथ पाला बदलकर भाजपा में शामिल होना न केवल 'आप' के लिए एक अस्तित्वगत संकट है, बल्कि यह देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला घटनाक्रम भी है।




योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार


यह सिर्फ दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता, विचारधारा और राजनीतिक रणनीति के बीच गहरे संघर्ष का संकेत है। जब राज्यसभा में पार्टी के कुल 10 में से 7 सांसद (दो-तिहाई बहुमत) एक साथ अलग होकर भाजपा में विलय करने का निर्णय लेते हैं, तो यह दलबदल नहीं, एक वैचारिक और संगठनात्मक विद्रोह का प्रतीक बन जाता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय राजनीति 2027 के बड़े चुनावी चक्र की ओर बढ़ रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या 'आप' का 'पंजाब किला' अब ढहने के कगार पर है? क्या 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव की पटकथा अभी से लिखी जा चुकी है? और सबसे बड़ा प्रश्न कि क्या यह 'आप' के पतन की शुरुआत है या फिर एक अस्थायी राजनीतिक झटका?

आम आदमी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीतिक असहमति नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार करार दिया है। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के भय, दबाव और राजनीतिक प्रलोभनों के माध्यम से उसके सांसदों को तोड़ा गया, जिसे वह संस्थागत दुरुपयोग की श्रेणी में रखती है। यह आरोप भारतीय राजनीति में सत्ता बनाम विपक्ष की उस पुरानी बहस को फिर जीवित कर देता है, जहां नैतिकता और रणनीति आमने-सामने खड़ी दिखाई देती हैं।

संवैधानिक दृष्टि से यह कदम और भी दिलचस्प हो जाता है। दलबदल विरोधी कानून की तकनीकी बारीकी (दो-तिहाई सदस्यों के एक साथ अलग होने की शर्त) का उपयोग करते हुए राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात सांसदों का भाजपा में विलय यह संकेत देता है कि यह केवल भावनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि गहन कानूनी सलाह और रणनीतिक योजना का परिणाम था। सबसे गंभीर आघात वैचारिक स्तर पर है। जब भीतर से ही यह स्वर उठे कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है, तो यह केवल संगठनात्मक संकट नहीं बल्कि पहचान के संकट का संकेत बन जाता है और यही चुनौती 'आप' के लिए सबसे कठिन परीक्षा है।

पंजाब की राजनीति में उठी यह हलचल महज दल-बदल नहीं, बल्कि सत्ता समीकरणों के पुनर्गठन का संकेत है। इस विद्रोह का सबसे गहरा असर पंजाब की सियासत पर पड़ना तय है। राज्यसभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरे (हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी) का पार्टी से अलग होना 'आप' की उस सामाजिक पकड़ को कमजोर करता है, जो विविध वर्गों के प्रतिनिधित्व से बनी थी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



**K**ia India ने भारतीय बाजार में अपनी नई SUV Kia Syros 2026 को लॉन्च कर दिया है। इस बार कंपनी ने ग्राहकों की जरूरतों और फीडबैक को ध्यान में रखते हुए अपने पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाया है। नए मॉडल में HTE, HTE(O), HTK+(O) और HTX(O) जैसे वेरिएंट्स जोड़े गए हैं। इसकी शुरुआती कीमत 8.39 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है, जो कि पहले वाले मॉडल के मुकाबले करीब 27,000 रुपये कम है। खास बात यह है कि अब इसमें ज्यादा ऑटोमैटिक विकल्प मिलते हैं, खासकर डीजल ऑटोमैटिक वेरिएंट्स, जो इसे और आकर्षक बनाते हैं। आइए आपको नई सिरोस की खूबियों के बारे में डिटेल में बताते हैं।

### क्या नया है एक्सटीरियर और डिजाइन में

नई Syros को पहले से ज्यादा स्पोर्टी और रग्ड लुक दिया गया है। इसके फ्रंट में नया बंपर मिलता है, जिसमें बॉडी-कलर्ड एयरो इंसर्ट्स और ग्लॉसी ब्लैक स्किड प्लेट्स के साथ LED फॉग लैम्प्स शामिल हैं। रियर प्रोफाइल को भी अपडेट किया गया है, जहां नया बंपर और LED हाई-माउंटेड स्टॉप लैम्प दिया गया है, जो इसे प्रीमियम टच देता है।

# Kia Syros 2026 स्टाइल, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी का कॉम्बिनेशन

### साइड प्रोफाइल में ग्लॉसी ब्लैक रूफ

रेल्स, ORVMs और बॉडी-कलर्ड गार्निश इसे और स्टाइलिश बनाते हैं। HTX और HTX(O) वेरिएंट्स में 17-इंच स्पोर्टी क्रिस्टल कट अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जिनमें नियोन ब्रेक कैलिपर्स भी मिलते हैं। इसके साथ Magma Red, Ivory Silver Matte और Ivory Silver Gloss जैसे नए कलर ऑप्शन्स इसकी रोड प्रेजेंस को और बेहतर बनाते हैं।

### इंजन और परफॉर्मेंस

इस SUV में 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 118 bhp की पावर और 172 Nm का टॉर्क जेनरेट करता है। वहीं 1.5-लीटर डीजल इंजन 113 hp की पावर और 250 Nm का टॉर्क देता है। ट्रांसमिशन विकल्पों में 6-स्पीड मैनुअल, 7-स्पीड DCT और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स शामिल हैं, जिससे ड्राइविंग अनुभव स्मूद और पावरफुल बनता है।



### हाई-टेक फीचर्स

नई Syros में करीब 30 इंच का ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले दिया गया है, जो केबिन को बेहद प्रीमियम और फ्यूचरिस्टिक बनाता है। इसके अलावा ड्यूल पैन सनरूफ के कारण केबिन में ज्यादा रोशनी और ओपननेस का अहसास मिलता है। फ्रंट और रियर दोनों सीट्स में वेंटिलेशन की सुविधा दी गई है, जिससे लंबी यात्राएं भी आरामदायक रहती हैं। सेकंड-रो सीट्स में 60:40 स्प्लिट के साथ स्लाइड और रिक्लाइन फंक्शन मिलता है, जिससे स्पेस को जरूरत के अनुसार एडजस्ट किया जा सकता है। इसमें 80 से ज्यादा कनेक्टेड कार फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें OTA अपडेट और Kia Connect डायग्नोस्टिक्स शामिल हैं।

### सेफ्टी

सेफ्टी के मामले में यह SUV काफी मजबूत है। इसे 5-स्टार BNCAP रेटिंग मिली है, जो इसकी सुरक्षा क्षमता को दर्शाती है। इसमें 20 से ज्यादा एडवांस सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं, जो ड्राइवर और पैसेंजर्स दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।



### वेरिएंट्स और कीमत

- 2026 Kia Syros टोटल 7 वेरिएंट्स में लॉन्च है, जिनकी कीमत-
- HTE (पेट्रोल MT): 8.40 लाख रुपये
- HTE(O): 9.20 लाख रुपये (पेट्रोल), 10 लाख रुपये (डीजल)
- HTK(EX): 9.80 लाख रुपये (पेट्रोल), 10.60 लाख रुपये (डीजल)
- HTK+: 10.74 लाख रुपये (पेट्रोल MT), 11.94 लाख रुपये (DCT), 11.54 लाख रुपये (डीजल MT), 12.74 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTK+(O): 12 लाख रुपये (पेट्रोल MT), 13.20 लाख रुपये (DCT), 12.80 लाख रुपये (डीजल MT), 14 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTX: 14 लाख रुपये (पेट्रोल DCT), 14.80 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTX(O): 15 लाख रुपये (पेट्रोल DCT), 15.80 लाख रुपये (डीजल AT)
- डीजल ऑटोमैटिक वेरिएंट अब HTK+ से उपलब्ध है, जिसकी कीमत 12.73 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है।

## मॉय फर्स्ट राइड

# एक सफर, जो भीतर से हुआ शुरू



ड्राइवर की सीट तक मेरा सफर एक कार से शुरू नहीं हुआ, यह एक इंसान से शुरू हुआ। मेरी स्कूल प्रिंसिपल, मिसेज सिल्विया पॉल, एक डाइनैमिक पर्सनैलिटी की मिसाल थीं। मेरी इंग्लिश टीचर के तौर पर, उन्होंने हमें सिर्फ ग्रामर ही नहीं सिखाया, उन्होंने हमें प्रेजेंस और पॉजिशन भी सिखाया। उन्हें जिंदगी को इतने ग्रेस और अथॉरिटी के साथ आगे बढ़ते देखना, पहली चिंगारी थी, जिसने मुझे अपना रास्ता और अपनी गाड़ी खुद कंट्रोल करने के लिए प्रेरित किया। हालांकि जिंदगी अच्छे इरादों को भी देर से पूरा करती है। मुझे शुरू करने की हिम्मत जुटाने में बहुत समय लगा। मैं खुशकिस्मत थी कि मेरे दो सब्र वाले मेंटर थे- मेरे पिता और मेरे पति। उन्होंने मुझे फोर-व्हीलर के मैकेनिक्स के बारे में गाइड करने में अनगिनत घंटे बिताए, मुझे इंजन की आवाज सुनना और सड़क का सम्मान करना सिखाया। फिर भी, उनके सपोर्ट के बावजूद, मैं दिल से एक 'को-पायलट' ही रही, अकेले उड़ने के लिए कभी पूरी तरह तैयार नहीं हुई। बारिश और रिजॉल्व यह एक ऐसे दिन बदल गया, जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी।

कॉलेज के एक जरूरी एग्जाम की सुबह थी और मौसम बहुत खराब था। जोरों की बारिश हो रही थी और हालात और भी खराब हो गए थे, मेरे ड्राइवर ने उस दिन छुट्टी ले ली थी। चुनाव आसान थाः घर पर रहकर एग्जाम छोड़ दूं या आखिरकार उन सबक को काम में लाऊं। अचानक आए पक्के इरादे से, मैंने अपनी चाबियां पकड़ीं। मैंने कार 'सेल्फ' की, इंजन चालू हो गया और मेरा दिल तेजी से धड़क रहा था। मजबूत पकड़ के साथ, मैंने कार को पहले गियर में रखा। मैंने 20 km प्रति घंटे की एक जैसी, सावधानी से स्पीड बनाए रखी, वाइपर की रिदम वाली स्वाइप के बीच पूरी तरह से आगे की सड़क पर फोकस किया। मुश्किलों के बावजूद, मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गई। मैंने सड़क पार कर ली थी, लेकिन एक आखिरी, बड़ी रुकावट बाकी थी, पार्किंग लॉट तंग था और मेरा कॉन्फिडेंस डगमगा गया। मेरी मुश्किल देखकर, एक बैचमेट ने मेरी झिझक देखी और मदद के लिए आगे आई। उसने स्टीयरिंग संभाली और बड़ी कुशलता से कार को सही जगह पर ले आया। शुरू में, उसके चेहरे की मुस्कान देखकर मैं शर्म से लाल हो गई। मुझे ऐसा लगा जैसे मैं कोई नया ड्राइवर हूं, जो 'ड्राइवर का नाटक' करते हुए पकड़ा गई हो, लेकिन उसकी बातों ने तुरंत वह एहसास दूर कर दिया। तुम्हें गाड़ी चलाते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उसने प्यार से कहा- "लगे रहो। बाकी तुम धीरे-धीरे सीख जाओगी, लेकिन सबसे मुश्किल काम तो हो ही गया है।" उस दिन, मैंने सिर्फ कॉलेज का एग्जाम ही पास नहीं किया, मैंने आजादी का एक बहुत बड़ा टेस्ट पास किया। मुझे एहसास हुआ कि मेंटर तुम्हें रास्ता दिखा सकते हैं, लेकिन चाबी सिर्फ तुम ही घुमा सकते हो।

**- डॉ. दीपशिखा चौधरी**
मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज, अवध यूनिवर्सिटी

# आस्ट्रेलिया में लॉन्च हुई लकड़ी की इलेक्ट्रिक साइकिल

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन अब इसमें एक ऐसा नया प्रयोग सामने आया है, जो इसे और भी दिलचस्प बना देता है। कल्पना कीजिए एक ऐसी ई-साइकिल की, जो धातु से नहीं, बल्कि लकड़ी से बनी हो और फिर भी स्टाइल, मजबूती और परफॉर्मेंस में किसी से कम न हो। ऑस्ट्रिया की कंपनी Esel ने अपनी नई Esel eUrban लॉन्च कर इस अनोखे कॉन्सेप्ट को वास्तविकता में बदल दिया है। यह साइकिल डिजाइन और टेक्नोलॉजी का ऐसा मेल है, जो बाजार में अलग पहचान बनाने की क्षमता रखता है।

### लकड़ी का फ्रेम, लेकिन मजबूती बरकरार

इस ई-साइकिल की सबसे बड़ी खासियत इसका वुडन फ्रेम है। जहां आमतौर पर साइकिलों में एल्युमिनियम या कार्बन फ्रेम का इस्तेमाल होता है, वहीं eUrban में हॉलो टीक वुड का उपयोग किया गया है। यह फ्रेम देखने में बेहद प्रीमियम लगता है और साथ ही मजबूती व संतुलन का भी पूरा ध्यान रखता है। कंपनी का कहना है कि यह रोजमर्रा के उपयोग के लिए पूरी तरह सुरक्षित और भरोसेमंद है।



### अलग जरूरतों के लिए दो वेरिएंट

इस मॉडल को दो वेरिएंट Basic और Performance में पेश किया गया है। बेसिक वर्जन का वजन लगभग 18.5 किलोग्राम है और इसमें 10-स्पीड गियर सिस्टम मिलता है। वहीं Performance वेरिएंट करीब 2 किलो हल्का है और इसमें 11-स्पीड गियर के साथ कार्बन व्हील्स दिए गए हैं। दोनों विकल्प अलग-अलग यूजर्स की जरूरत और राइडिंग स्टाइल को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं।

### बैटरी और परफॉर्मेंस

eUrban में रियर हब मोटर दी गई है, जो 42 Nm का टॉर्क जनरेट करती है। कंपनी के अनुसार, यह साइकिल एक बार चार्ज करने पर लगभग 80 किलोमीटर तक चल सकती है। बैटरी को फुल चार्ज होने में करीब 4 घंटे का समय लगता है। इस लिहाज से यह शहर के रोजमर्रा के सफर के लिए एक व्यावहारिक विकल्प बन सकती है।



### कीमत और उपलब्धता

Esel eUrban की कीमत प्रीमियम सेगमेंट में रखी गई है। बेसिक वेरिएंट की कीमत करीब 4,700 डॉलर (लगभग 4.39 लाख रुपये) है, जबकि Performance वर्जन लगभग 5,800 डॉलर (करीब 5.41 लाख रुपये) तक जाता है। फिलहाल यह साइकिल भारत में उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका अनोखा कॉन्सेप्ट भविष्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के नए ट्रेंड को जन्म दे सकता है।

### फीचर्स जो बनाते हैं खास

इस ई-साइकिल में ड्यूल-पिस्टन हाइड्रोलिक डिस्क ब्रेक दिए गए हैं, जो बेहतर कंट्रोल और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ कार्बन फोर्क सस्पेंशन राइड को स्मूद बनाता है। अलग-अलग साइज विकल्प उपलब्ध होने से यूजर्स अपनी सुविधा और ऊंचाई के अनुसार सही मॉडल चुन सकते हैं।

# कानूनी रूप से भारी पड़ सकती है गाड़ी की नंबर प्लेट से छेड़छाड़

सड़कों पर चलते हुए अक्सर कुछ लोग नियमों से बचने के लिए ऐसे तरीके अपनाते दिख जाते हैं, जो देखने में छोटे लगते हैं, लेकिन उनके परिणाम बहुत गंभीर हो सकते हैं। खासकर ई-चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करना आजकल आम होता जा रहा है। कोई उस पर टेप चिपका देता है, कोई पेंट कर देता है, तो कोई उसे जानबूझकर ढक देता है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह सिर्फ नियम तोड़ना नहीं, बल्कि कानून के साथ धोखा करना है, जिस पर अब प्रशासन सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।




### वाहन की पहचान

नंबर प्लेट किसी भी वाहन की पहचान होती है। यही वह माध्यम है, जिसके जरिए ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है और किसी दुर्घटना या अपराध की स्थिति में वाहन को ट्रेस किया जाता है। ऐसे में जब कोई व्यक्ति जानबूझकर नंबर प्लेट को छिपाता है, तो वह न सिर्फ कानून का उल्लंघन करता है, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी खतरे में डालता है।

### जानबूझकर की गई धोखाधड़ी

चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट छिपाने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। सबसे आम तरीका है-नंबरों पर काला टेप लगाना या कीचड़ चिपका देना, ताकि कैमरे में नंबर साफ न दिखे। कई बाइक सवार पीछे हेलमेट इस तरह टांग देते हैं कि नंबर प्लेट पूरी तरह ढक जाती है। वहीं, कुछ कार चालक डिक्की पर सामान रखकर नंबर को छिपा देते हैं। इसके अलावा रिफ्लेक्टिव टेप या केमिकल का इस्तेमाल भी किया जाता है, जिससे कैमरे की फ्लैश पड़ने पर नंबर पढ़ा न जा सके। ये सभी तरीके जानबूझकर की गई धोखाधड़ी माने जाते हैं।

### सख्त कानूनी कार्रवाई

ऐसे मामलों में अब सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नंबर प्लेट के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने पर पुलिस भारतीय कानून बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर सकती है। इसमें जुर्माने के साथ-साथ जेल तक की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा, ट्रैफिक पुलिस को यह अधिकार है कि वह ऐसी गाड़ियों को मौके पर ही जब्त कर ले। यदि कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा करते हुए पकड़ा जाता है, तो आरटीओ उसके वाहन का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर सकता है।

### नियम का पालन




ऐसी स्थिति में सबसे बेहतर उपाय यही है कि नियमों का पालन किया जाए। अपनी गाड़ी पर हमेशा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) लगवाएं और यह सुनिश्चित करें कि नंबर प्लेट साफ और स्पष्ट दिखाई दे। उस पर किसी तरह का स्टिकर या सजावट न करें। याद रखें, थोड़ी सी चालाकी आपको बड़ी परेशानी में डाल सकती है। नियमों का पालन न केवल आपको कानूनी मुसीबतों से बचाता है, बल्कि सड़क पर सभी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। इसलिए जिम्मेदार बनें और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं।

### आसान नहीं कैमरों को धोखा देना

तकनीक के इस दौर में कैमरों को धोखा देना आसान नहीं रहा। सड़कों पर लगे आधुनिक एआई कैमरे बहुत ही संवेदनशील होते हैं और नंबर प्लेट में की गई छोटी से छोटी गड़बड़ी को भी पकड़ लेते हैं। अगर आपकी नंबर प्लेट धुंधली या खराब पाई जाती है, तो इसे 'दोषपूर्ण प्लेट' मानते हुए 5,000 रुपये तक का चालान किया जा सकता है। कई मामलों में पुलिस सीसीटीवी के जरिए वाहन मालिक तक पहुंचकर सीधे नोटिस भी भेजती है।

## नायडू को 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को एक मीडिया घराने ने 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिया है। पुरस्कार स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दर्शाता है कि आंध्र प्रदेश में शासन सुधारों और नीतिगत पहलों के चलते राज्य निवेश और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 27 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि . 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505
**किराना–** निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150
**चावल– (प्रति कु0)–**डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन–** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10700–12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000–11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी–** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

### बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम–** सोना पक्के आभूषण 153800, सोना गिन्नी 149800, चांदी (पक्की) 2460 (अनुमानित)

### हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :–** शरबती– 7000–7500 बासमती– 11000–12000 परमल– 3200–3600
**दाल दलहन :–**काला चना– 6500–6700 साबुत चना दाल– 6800 मूंग साबुत– 10000 राजमा– 11000–12200 दाल उड़द– 9000–11500 साबुत मसूर दाल– 7000–7500 मसूर दाल– 9000 1000 उड़द साबुत– 10000 105 काबुली चना– 10000–10500 अरहर दाल– 90000 –11500 लोबिया/करमानी– 1500–2000

# प. एशिया के हालात और कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा

## कंपनियों के नतीजों की भी रहेगी बड़ी भूमिका, शुक्रवार को बंद रहेंगे बाजार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे और कच्चे तेल की कीमतें आने वाले सप्ताह में शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। इस सप्ताह शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आगे बाजार काफी हद तक खबरों पर आधारित और उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान और वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। यदि तेल की कीमतों में स्थिरता या गिरावट आती है तो इससे चिंताओं में कमी आ सकती है, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने या लंबे समय तक व्यवधान रहने से बाजार में फिर से अस्थिरता और मुनाफावसूली देखी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि चौथी तिमाही के नतीजे भी शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के लिए प्रमुख कारक होंगे, जहां निवेशक कंपनियों के प्रदर्शन, भविष्य के मार्गदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों के परिदृश्य पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जिससे महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

- **तनाव बढ़ा तो फिर हो सकती है अस्थिरता और मुनाफावसूली**
- **ऊंची तेल कीमतों से पड़ता है कंपनियों के मुनाफे पर असर**
- **अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर पर रहेगी निवेशकों की नजर**

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव से कच्चे तेल की कीमतों पर सीधा असर पड़ रहा है और ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है। भारत के लिए ऊंची तेल कीमतें सबसे अहम आर्थिक कारक हैं, क्योंकि इससे महंगाई, रुपये और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव पड़ता है। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 1,829.33 अंक (2.33 प्रतिशत) गिरा और निफ्टी 455.6 अंक (1.87 प्रतिशत) नीचे आया।

### टॉप 7 कंपनियों का पूंजीकरण दो लाख करोड़ रुपये घट गया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच देश की शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के कुल बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 1,829 .33 अंक यानी 2 .33 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई निफ्टी 455 .6 अंक यानी 1.87 प्रतिशत नीचे आया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि लगातार दो सप्ताह की तेजी के बाद बाजार में गिरावट आई है, जिस पर भू-राजनीतिक तनाव और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के कमजोर नतीजों का असर पड़ा। आंकड़ों के अनुसार शीर्ष-10 कंपनियों में से सात का कुल बाजार पूंजीकरण 2,05,343 .06 करोड़ रुपये घट गया।

### एचपीसीएल ने कहा- रिसाव के कारण लगी रिफाइनरी में आग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने कहा कि राजस्थान में उसकी संयुक्त उद्यम रिफाइनरी में आग लगने का संभावित कारण रिसाव था। मरम्मत का काम तीन से चार सप्ताह के भीतर पूरा होने की उम्मीद है और 'क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट' (सीडीयू) मई मध्य तक फिर से चालू हो सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित उद्घाटन से एक दिन पहले 20 अप्रैल को एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी की 79,450 करोड़ रुपये की नवनिर्मित रिफाइनरी की मुख्य इकाई के पास भीषण आग लग गई थी। रिफाइनरी की मुख्य इकाई - क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट - में आग संभवतः हीट एक्सचेंजर सर्किट में एक वाल्व या फ्लैंज से हाइड्रोकार्बन रिसाव के कारण लगी थी।

एचपीसीएल ने शेयर बाजार को बताया कि 20 अप्रैल की घटना की विस्तृत जांच से पुष्टि हुई है कि आग हीट एक्सचेंजर स्टैक तक सीमित थी, जिससे छह एक्सचेंजर्स और संबंधित उपकरण प्रभावित हुए। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आग का कारण वैक्यूम रेसिड्यू एक्सचेंजर इनलेट लाइन पर प्रेशर गेज टैपिंग पॉइंट से रिसाव हो सकता है।

## सरकार का रूस से कच्चे तेल आयात के आंकड़े देने से इनकार सीआईसी ने कहा–सही फैसला

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत काम करने वाली पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने कहा कि रूस से भारत में आयात किए जाने वाले कच्चे तेल से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, क्योंकि यह व्यावसायिक और गोपनीय प्रकृति की है।

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस रुख का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश के रणनीतिक और आर्थिक हित प्रभावित हो सकते हैं।

यह मामला सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन से जुड़ा है, जिसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से भारत में आयातित कच्चे तेल का विवरण मांगा गया था।

इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों द्वारा आयात की जानकारी भी मांगी गई थी। इस पर केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि देश के आधार पर और कंपनी के आधार पर कच्चे तेल के आयात का विवरण व्यावसायिक और गोपनीय है, इसलिए इसे आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(डी) और 8(1)(ई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता। हालांकि कुल आयात की मात्रा और उसका मूल्य पीपीएसी की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी ने भी इस फैसले को सही ठहराया। हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता ने कहा कि उसे जानकारी नहीं दी गई और वह यह समझना चाहता है कि इस क्षेत्र में देश किस तरह काम कर रहा है।

## चीन को निर्यात बढ़ाने और आयात कम करना है भारत की रणनीति : अधिकारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**




भारत घरेलू क्षमताओं को मजबूत करके चीन को निर्यात बढ़ाने और अपने आपूर्तिकर्ता आधार में विविधता लाकर आयात निर्भरता कम करने की एक बहुआयामी रणनीति अपना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीजिंग से पूरी तरह से संबंध तोड़ना कठिन है, क्योंकि चीनी कच्चे माल देश के औद्योगिक विकास में सहायक हैं। अधिकारी ने कहा कि भले ही भारत का चीन के साथ पूरी तरह संबंध विच्छेद न हो, लेकिन वह लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने और निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए अपनी क्षमता विकसित कर रहा है।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आगे बताया कि भारत मुख्य रूप से कच्चे माल, मध्यवर्ती और पूंजीगत वस्तुओं का आयात करता है। इनमें ऑटो घटक, इलेक्ट्रॉनिक हिस्से और मोबाइल फोन के पुर्जे, मशीनरी तथा संबंधित हिस्से और सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) शामिल हैं। इनका इस्तेमाल निर्यात के लिए तैयार माल बनाने और घरेलू विनिर्माण को समर्थन देने के लिए किया जाता है। अधिकारी ने कहा कि चीन जो कुछ भी आपूर्ति कर रहा है, वह भारत के उत्पादन की रीढ़ है।

भारत का चीन को निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 के 14.25 अरब डॉलर से लगभग 37 % बढ़कर 2025-26 में 19.47 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, बीजिंग से आयात वित्त वर्ष 2024-25 के 113.44 अरब डॉलर से 16 प्रतिशत बढ़कर 2025-26 में 131.63 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा 2024-25 के 99.2 अरब डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 112.6 अरब डॉलर हो गया है।

### वाणिज्य मंत्री आज करेंगे निर्यातकों संग बैठक

**नयी दिल्ली।** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल देश के निर्यात को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 27 अप्रैल को यहां निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। यह बैठक यहां भारत मंडपम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद की जाएगी।

## 2030 तक यात्री संख्या में भारत होगा फ्लिक्सबस का सबसे बड़ा बाजार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** लंबी दूरी की बस और ट्रेन सेवाएं देने वाली वैश्विक यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी फ्लिक्सबस को उम्मीद है कि 2030 तक यात्री संख्या के मामले में भारत उसका सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। फरवरी 2024 में भारतीय बाजार में प्रवेश करने वाली यह कंपनी इस समय देश में केवल अंतरराज्यीय बस सेवाएं प्रदान करती है। फ्लिक्सबस के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी मैक्स ज्यूमर ने बताया कि कंपनी दिल्ली-देहरादून गलियारे पर अपने परिचालन को और बढ़ाने की योजना बना रही है।

बाजार की क्षमता के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर फ्लिक्सबस के लिए सबसे रणनीतिक वृद्धि बाजारों में से एक है। वैश्विक स्तर पर हमने अकेले 2025 में 9.9 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दीं। हम भारत में विभिन्न मार्गों पर मजबूत और निरंतर मांग देख रहे हैं और आगामी गर्मियों में अपने नेटवर्क के 30 प्रतिशत विस्तार का लक्ष्य रख रहे हैं। भारत में संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ज्यूमर ने कहा कि बाजार के विशाल आकार के लिहाज से यह बेहद दिलचस्प है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बस बाजार है।

**रिपोर्ट** — कोविड महामारी के बाद से महंगे और आलीशान घरों की मांग में आई है तेजी : नाइट फ्रैंक

## शीर्ष आठ शहरों में 23 प्रतिशत घटी सस्ते घरों की बिक्री

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च-2026 के दौरान 50 लाख रुपये से कम कीमत वाले किफायती घरों की बिक्री में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 23 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह घटकर 16,273 इकाई रह गई। रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में इस गिरावट का मुख्य कारण इस मूल्य वर्ग में नई आपूर्ति की कमी बताया गया है।

कोविड महामारी के बाद से महंगे और आलीशान घरों की मांग में तेजी देखी गई है। बिल्डर की ओर से किफायती आवास क्षेत्र में कम परियोजनाएं लाई जा रही हैं और इसकी वजह निर्माण लागत में बढ़ोतरी, विशेष रूप से भूमि की ऊंची कीमतों को बताया जा रहा है। नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष जनवरी-मार्च तिमाही में किफायती आवास खंड में सबसे तेज 23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और सभी आठ प्रमुख शहरों में बिक्री में कमी आई।

आंकड़ों के अनुसार, 50 लाख से एक करोड़ रुपये की श्रेणी में भी 2025 की शुरुआती तिमाही के मुकाबले इस साल 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह घटकर 23,567 इकाई रह गई। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद और कोलकाता की मांग पर आधारित है।

- **किफायती आवास क्षेत्र में कम परियोजनाएं ला रहे हैं बिल्डर**

रिपोर्ट के मुताबिक, इसके विपरीत, एक से दो करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 24,657 इकाई हो गई। दो से पांच करोड़ रुपये की श्रेणी में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16,075 इकाई की बिक्री हुई। वहीं पांच से 10 करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 3,338 इकाई रह गई, जबकि 10-20 करोड़ रुपये की श्रेणी में 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 738 इकाई की बिक्री हुई। 20-50 करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री 80 प्रतिशत बढ़कर 165 इकाई हो गई।



**पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव — महासंग्राम**



## बंगाल से सिंडिकेट और गुंडाराज का अंत करेगी भाजपा : शाह

**कोलकाता, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है तो वह राज्य में गुंडा राज और सिंडिकेट राज का अंत करेगी।

नदिया जिले के तेहट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ही मतदाताओं ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार का सफाया कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के चुनाव में 110 सीटें जीत ली हैं।

शाह ने कहा कि अगर भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो यहां गुंडा राज और सिंडिकेट राज का अंत हो जाएगा। मतदान करने से न डरें, क्योंकि निर्वाचन आयोग ने पर्याप्त व्यवस्था की है। कोई भी आपको वोट डालने से नहीं रोक पाएगा। भाजपा सत्ता में आने के बाद राज्य में छिपे घुसपैठियों की पहचान करेगी और उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता को कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ के बावजूद अचानक हुई भारी बारिश के कारण अपना भाषण छोटा करना पड़ा।



चुनावी रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

# टीएमसी के गुंडे चला रहे सरकार : मोदी

## पश्चिम बंगाल में गरजे प्रधानमंत्री, बोले-तुम वोट दो-मैं महाजंगल राज से मुक्ति दूंगा

**कोलकाता, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल में जबर्दस्त प्रचार किया। उन्होंने कोलकाता में रोड शो किया तो आरामबाग और बनगांव में जनसभाएं कर टीएमसी सरकार पर जमकर हमला बोला। कोलकाता में शाम को रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ उमड़ी थी। लोग मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे तो प्रधानमंत्री दोनों हाथ उठाकर उनका अभिवादन कर रहे थे।

चुनाव प्रचार समाप्त होने से एक दिन पहले, हुगली जिले के आरामबाग में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार राज्य सचिवालय से नहीं बल्कि पार्टी द्वारा संरक्षित गुंडों और अपराधियों द्वारा चलाई जा रही है। सरकार चलाने के लिए टीएमसी की असामाजिक तत्वों पर निर्भरता के कारण अक्सर कलकत्ता उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा है। ममता बनर्जी प्रशासन की विश्वसनीयता 'पूरी तरह से खत्म' हो चुकी है। दावा किया कि केवल भाजपा ही ऐसी सरकार बना सकती है जो राज्य के लोगों को न्याय और सुरक्षा प्रदान करेगी।

उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर महिलाओं को प्रताड़ित करने वाले गुंडों को पनाह देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता-पूर्व दिये गए नारे तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा का जिक्र करते हुए लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह करते हुए कहा कि और मैं आपको तृणमूल के 'महा जंगलराज' से आजादी दूंगा।



उत्तर कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेगा रोड शो किया। **फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती**

### 'मतुआ' को गारंटी

बनगांव में मतुआ समुदाय के बीच पहुंचकर शरणार्थियों को नागरिकता की गारंटी दी। साथ ही घुसपैठ पर कड़ा रुख अपनाते हुए अवैध घुसपैठियों को चार मई के बाद देश छोड़ने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री ने मतुआ समुदाय और बंगलादेश से आए शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत पूर्ण अधिकार देने का आश्वासन दिया। कहा कि मैं स्पष्ट रूप से कहता हूँ, प्रत्येक शरणार्थी को नागरिकता मिलेगी। आपको स्थायी पता, हर आवश्यक दस्तावेज और वे सभी अधिकार मिलेंगे जो प्रत्येक भारतीय नागरिक को मिलते हैं। यह मोदी की गारंटी है।

## ममता ने भवानीपुर में पदयात्रा कर लोगों से की बातचीत

**कोलकाता,एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों पार्टी समर्थकों के साथ पदयात्रा का नेतृत्व किया। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिये प्रचार अब अपने अंतिम दौर में है।

'जोतोई कोरो हमला आबार जीतबे बांग्ला' (चाहे आप कितना भी हमला करें, बंगाल की जीत होगी)गीत की धुन के बीच, बनर्जी ने लैंसडाउन क्रॉसिंग से कालीघाट फायर सर्विसेज स्टेशन तक एक किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों से संवाद भी किया। दीदी-दीदी के नारों के बीच रंगारंग रोड शो के दौरान उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया, उनसे मालाएं स्वीकार कीं और सुरक्षाकर्मियों को उन लोगों को हटाने से रोका, जो उनका पैर छूने के लिये आगे आए थे। इस रोड शो में पुरुलिया का पारंपरिक ढोल और 'छऊ नृत्य' प्रस्तुत किया गया। बनर्जी के साथ उनकी पार्टी और मंत्री पद के सहयोगी फिरहाद हकीम और दक्षिण कोलकाता में पार्टी के कई नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री एक बार फिर भवानीपुर से चुनाव लड़ रही हैं और उनका मुकाबला भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से है।



पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## तृणमूल कार्यकर्ता के घर से करीब 100 देसी बम बरामद

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के तहत 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान से पहले रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के घर से करीब 100 देसी बम बरामद किये हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर रफीकुल इस्लाम के आवास की तलाशी ली गई, जहां से विस्फोटक बरामद हुए।

निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता के पुलिस आयुक्त, सभी उपायुक्त, अधीक्षकों और थाना प्रभारियों (ओपी और आईसी) को कड़ा संदेश दिया गया है कि यदि उनके न्यायाधिकार क्षेत्र में इस तरह के विस्फोटक पाए जाते हैं या किसी व्यक्ति द्वारा डराने-धमकाने की रणनीति अपनाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव आयोग ने प. बंगाल में बढ़ाई निगरानी

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दूसरे और आखिरी चरण में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने काकद्वीप में जमीनी स्तर पर तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया और चुनावी प्रक्रिया में किसी भी तरह की बाधा के प्रति आयोग के 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने पर जोर दिया। श्री अग्रवाल ने अपनी यात्रा के दौरान काकद्वीप के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) के कार्यालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

## मतदाताओं को धमकाने का वीडियो सामने आया, जांच के आदेश

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के चुनाव से पहले डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में बाइक पर सवार कुछ लोगों द्वारा स्थानीय लोगों को धमकाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद निर्वाचन आयोग ने रविवार को जांच के आदेश दिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मामला सामने आते ही निर्वाचन आयोग ने डायमंड हार्बर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग इन मामलों को रोकने के लिए कदम उठा रहा है। राज्य में 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार सोमवार शाम को समाप्त हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि आपराधिक धमकी और गैरकानूनी कृत्यों से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत रविवार को डायमंड हार्बर थाने में मामला दर्ज किया गया।

# रघु राय... तस्वीरों में मानवीय संवेदना का इतिहास लिखने वाले फोटोग्राफर

## अनदेखे को देखने और मनोदशाओं को कैद करने की महारत से दुनिया में मनवाया लोहा

नई दिल्ली, एजेंसी

रघु राय कई दशकों तक भारतीय राजनीति और उसके प्रमुख व्यक्तित्वों के साथ प्रमुख घटनाओं को अपने कैमरे में कैद करने वाले महान फोटोग्राफर थे। देश के समकालीन राजनीतिक इतिहास को जीवंत आयाम देने में उनका कोई सानी नहीं था। अपने समय के सच को पूरी निडरता और सच्चाई के साथ दिखाने वाले इस फोटोग्राफर ने 23 की उम्र में पहली बार कैमरे पर हाथ आजमाया था, तब से लेकर पूरी जिंदगी कैमरा उनके साथ ऐसे रहा, जैसे वह उनके शरीर का कोई अनिवार्य अंग हो। रविवार को उनके निधन के साथ ही प्रेस फोटोग्राफी का एक सुनहरा युग भी खत्म हो गया।

रघु राय की खींची गई तस्वीरें देखकर किसी को भी अनायास ही यह होता है कि अपने व्यू फाइंडर से सच को देख पाने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। व्यू फाइंडर उनकी आत्मा का ही विस्तार था, जिसके जरिए वह अनदेखे को भी देखकर कैमरे में कैद कर लेते थे और उसे अमर जीवंत तस्वीर में बदल देते थे। इसे इत्तफाक ही कहा जा सकता है कि उनका जन्म महात्मा गांधी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के बिगुल फूंकने के मात्र चार महीने बाद 18 दिसंबर 1942 को पंजाब के झंग में हुआ। यहीं वह समय था, जब भारत का इतिहास एक नए अध्याय में प्रवेश करने वाला था और बाद में युवा रघु राय इस नए अध्याय को अपने कैमरे से कैद करने वाले थे। उन्होंने जो तस्वीरें खींचीं, वे भारत की सामूहिक स्मृति में हमेशा के लिए अंकित हो गईं। लोगों को वह एक मनोवैज्ञानिक लगते थे, जो हाथ में कैमरा लिए अपने समय के लोगों की मनोदशाओं को कैद करता चलता था और मानवता का संवेदनशील दस्तावेज तैयार करता दिखता था।



पुरानी यादें : दिल्ली के खारी बावली में भीड़ के बीच तस्वीर लेते रघु राय।

> कैमरे से पलों को कैद करने की सबसे खूबसूरत बात यह है कि यह आपको जीवन और उसकी अनंत परिवर्तनशीलता से रूबरू कराता है। उन्होंने कहा था, 55 से अधिक साल हो गए हैं, लेकिन फोटोग्राफी की सबसे बड़ी ताकत यही है। जीवन और प्रकृति हमेशा बदलते रहते हैं, हमेशा चुनौती देते रहते हैं और यही आपको झकझोर देता है। - रघु राय वर्ष 2023 में दिए एक साक्षात्कार में

### ऐसी फोटोग्राफी... जो विषय के साथ एकाकार कर दे

'म्यूजियो कैमरा' के संस्थापक फोटोग्राफर आदित्य आर्या ने कहा कि रघु राय ने भारतीय पत्रकारिता को ऐसी फोटोग्राफी से परिचित कराया जिसमें आप विषय के साथ एकाकार हो जाते थे। उन्होंने कहा, छाया पत्रकारिता बहुत बदल गई है। वह वाइड एंगल लेंस के साथ घटना के बीचोंबीच होते थे। आज छाया पत्रकार बड़े टेलीफोटो लेंस के साथ 300-400 फुट दूर से काम करते हैं, क्योंकि आपको हस्तियों के करीब जाने की इजाजत नहीं मिलती। उनकी तस्वीरें देखकर समझ आता है कि जब आप घटना के बीच में होते हैं तो सब कुछ कितना अलग दिखता है।

● मानवता के संवेदनशील दस्तावेजों का संग्रह हैं रघु राय की तस्वीरें



अंतिम विदाई के मौके पर रघु राय को श्रद्धांजलि देती उनकी बेटी, पुरवाई राय।

### भोपाल गैस त्रासदी... दुनिया नहीं भूल पाई वो तस्वीर



इतिहास को मानवीय पक्ष देने वाले इस महान फोटोग्राफर की एक अन्य तस्वीर ने पूरी त्रासदी को एक जीवंत प्रतीक में बदल दिया। भोपाल त्रासदी की वह तस्वीर जिसमें एक बच्चा मलबे के नीचे दबा हुआ है, सिर्फ उसका शुष्क चेहरा और अधखुली आंखें दिख रही हैं, आज भी उस भयावह त्रासदी को जैसे अपनी पूरी नग्नता के साथ आंखों के सामने लाकर खड़ा कर देता है। यह तस्वीर आज भी देखने वाले को भीतर तक हिला देती है।

### तस्वीरों में समेटा इंदिरा गांधी का पूरा राजनीतिक करियर



रघु राय 1966 में प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार स्टेट्समैन में मुख्य फोटोग्राफर के रूप में शामिल हुए और मात्र एक साल बाद इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। यह एक ऐसा संयोग था, जिसने हम भारतीयों को इंदिरा गांधी की कई अमूल्य तस्वीरें दीं। रघु राय द्वारा श्रीमती गांधी की खिंची गई ये तस्वीरें इतनी जीवंत और प्रभावी हैं कि केवल इन तस्वीरों के आधार पर गांधी की राजनीतिक करियर का इतिहास गढ़ा जा सकता है। और यह तस्वीर केवल तथ्यों और आंकड़ों का इतिहास नहीं होगा। मानवीय पक्ष का इतिहास होगा। मंच पर खोई हुई सिमटी सी बैठी इंदिरा गांधी की तस्वीर एक ऐसे विरोधाभास को दर्शाता है, जिसमें 'आयरन लेडी' चिंताओं और अव्यक्त भय से घिरी हुई एक साधारण महिला नजर आती है- बेहद मानवीय, सुभेद्य। एक तरफ अपनी कुर्सी पर बैठी और चारों तरफ से पुरुष नेताओं से घिरी हुई इंदिरा गांधी पुरुष वर्चस्व वाली राजनीति को चुनौती देती नजर आती हैं, तो दूसरी तरफ अपने घर में सोनिया गांधी और बच्चों के साथ मुस्कराती हुई बेहद पारिवारिक महिला दिखती हैं। रघु राय की तस्वीरें जितनी जीवंतता से इंदिरा गांधी के भावों को कैद और अभिव्यक्त करती हैं, उतनी जीवंतता से कोई भी इतिहासकार इंदिरा के बारे में नहीं लिख पाएगा। इसलिए रघु राय महज एक फोटोग्राफर नहीं है, एक इतिहासकार हैं, जो इतिहास को तथ्यों से परे ले जाकर मानवीय बना देता है।

### भारत में पद्मश्री... दुनिया भर ने सम्मानों से नवाजा

अपने लंबे करियर में रघु राय ने संडे और इंडिया टुडे जैसी प्रमुख भारतीय पत्रिकाओं के साथ काम किया। टाइम, लाइफ, द न्यूयॉर्क टाइम्स, द इंडिपेंडेंट और द न्यू यॉर्कर जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों में उनके फोटो निबंध छपे। वर्ष 1977 में कार्टियर ब्रेसन की सिफारिश पर वह दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित फोटोग्राफी संस्था मैग्नम फोटोज के सदस्य बने। वर्ल्ड प्रेस फोटो की जूरी में तीन बार और यूनेस्को की अंतरराष्ट्रीय फोटो प्रतियोगिता की जूरी में दो बार उन्होंने सेवाएं दीं। सन् 1972 में बांग्लादेश युद्ध की कवरेज और उसके बाद कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके राय को पद्मश्री से भी नवाजा गया। नेशनल ज्योग्राफिक में प्रकाशित उनके फोटो निबंध ह्यूमन मैनेजमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ इन इंडिया के लिए उन्हें अमेरिका में फोटोग्राफर ऑफ द ईयर का खिताब मिला। फ्रांस सरकार ने 2009 में उन्हें अपने प्रतिष्ठित सम्मान ऑफिसर डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस से विभूषित किया। रघु राय ने रघु रायज इंडिया : रिफ्लेक्शन्स इन कलर एंड रिफ्लेक्शन्स इन ब्लैक एंड व्हाइट और एक्सपोजर : पोर्ट्रेट ऑफ ए कॉरपोरेट समेत कई महत्वपूर्ण किताबें भी लिखीं। 2010 में स्थापित रघु राय फाउंडेशन उनकी 50,000 से अधिक तस्वीरों को संजोए हुए है।

### राहुल गांधी समेत कई हस्तियों ने जताया शोक

राहुल गांधी ने कहा, रघु राय जी के कैमरे ने छह दशकों तक भारत की आत्मा, इसके लोगों, संघर्षों, खुशियों और निर्णायक क्षणों को चित्रित किया। उन्होंने केवल तस्वीरें नहीं खींचीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की स्मृतियों को सहेज कर रखा। उनके परिवार, सहयोगियों और उनके काम से पीढ़ियों तक प्रभावित हुए अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। शशि थरूर ने 'एक्स' पर लिखा कि रघु राय से उनका नाता बचपन तक जाता है, क्योंकि उनके पिता और राय 'द स्टेट्समैन' में सहयोगी थे। उन्होंने कहा, मेरे लिए वह सिर्फ एक वैश्विक नाम नहीं थे, वह उस सौम्य मुस्कान और पैनी नजर वाले इंसान थे जिन्होंने मेरे पिता की पीढ़ी के पत्रकारों को प्रेरित किया।

### लखनऊ की वास्तुकला रघु राय को करती थी आकर्षित



**लखनऊ, अमृत विचार।** दिग्गज फोटोग्राफर रघु राय की ख्याति यूं तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थी लेकिन पुराने लखनऊ की एतिहासिक इमारतों का आर्किटेक्ट उन्हें काफी आकर्षित करता था। रघु राय ने लखनऊ के पुराने और नए दोनों रूपों को अपने कैमरे से दिखाया। पुराने लखनऊ की वास्तुकला और तहजीब को वो इस तरह से दिखाने की कोशिश करते थे कि उसमें शहर का सांस्कृतिक सार झलकता हो। उन्होंने लखनऊ के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के साथ राजनीतिक हस्तियों की तस्वीरें भी मन से खींचीं। रघु राय कभी भी लखनऊ आते थे तो यहां आम लोगों की तस्वीरें भी उतारते थे और यहां की उस झलक को भी कैद कर पाने साथ ले जाते थे जिसमें लखनऊ झलकता हो। एक बार उन्होंने कहा भी था कि हाथ में कैमरा आता है तो वो लखनऊ तलाशने लगता है। इस शहर की तस्वीरें खींचने के लिए मुझे किसी असाइनमेंट की दरकार नहीं होती है। उनकी तस्वीरें मील का पत्थर होती थीं लेकिन उनकी बातचीत के लहजे में कहीं न कहीं लखनऊ झलक ही जाता था।

# पेशे के प्रति ऐसा समर्पण... टॉयलेट ही बना लिया डार्करूम

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अपने कैमरे के लेंस से अयोध्या के आंदोलन को विभिन्न एंगल से कैद करने वाले प्रसिद्ध फोटो जर्नलिस्ट रघु राय का अयोध्या से गहरा नाता रहा है। वह ऐसे समर्पित छायाकार थे, जिन्होंने श्री राम मंदिर आंदोलन के दौरान होटल के एक कमरे को ही डार्क रूम बना लिया। फोटो शूट करने के बाद खुद ही डार्क रूम में फोटो डेवलप करते थे और फिर उसे भेजते थे। उस समय पत्रकारों और छायाकारों के ठहरने के लिए होटल शान-ए-अवध ही शायद एक मात्र स्थान था। न तो आज जैसी सुविधाएं थी और न ही तकनीकी व्यवस्था।



शरद कपूर।

**राममंदिर आंदोलन में अयोध्या बनी थी रघु राय की कर्मस्थली**

होटल के मालिक शरद कपूर बताते हैं कि बात श्री रामजन्म भूमि आंदोलन के शुरुआती दौर की है। रघु राय उनके होटल में एक-दो कमरे किराए पर लेते थे। यहां ठहरते थे। आंदोलन को नजदीक से कवर करने जाते थे। वह बहुत मिलनसार थे। इतने बड़े फोटोग्राफर होने के बाद भी उनमें गर्व नहीं था। पूरी तन्मयता से अपना काम करते थे। करूप कहते हैं, उस दौर में इंटरनेट की सेवा नहीं थी। आंदोलन के दौरान में फोटो खींचने से उसको तैयार करना बड़ा कठिन काम था। पूरे शहर में कर्फ्यू होता था। वह अयोध्या जाते, घूमते, फोटो शूट करके वापस लौटते। उसके बाद रील से फोटो भी स्वयं डेवलप करते थे।

कपूर बताते हैं कि फोटो डेवलप करने के लिए वह कमरे के टॉयलेट को ही चारों और से काला परदा लगाकर डार्क रूम बना लेते थे और फोटो तैयार कर लेते थे। कहते हैं कि ठीकठीक समय तो याद नहीं है लेकिन आंदोलन के शुरुआती वर्षों में कई बार यहां आए और आंदोलन को अपने कैमरे में कैद किया था।

### राजा बिमलेंद्र मोहन से थे आत्मीय संबंध

रघु राय का अयोध्या के राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र से भी आत्मीय संबंध था। राज सदन में उनके साथ बैठते थे। राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के पुत्र व प्रसिद्ध साहित्यकार यतींद्र मिश्र से इस बाबत बात नहीं हो पाई लेकिन वह रघु राय के निधन पर अपने फेसबुक वाल पर लिखते हैं। ...

● रघु अंकल, मंजीत बाबा और पापा की दोस्ती थी। राजसदन में कितनी ही बैठक में जो पिछली सदी के नब्बे के दशक में मैंने देखी सुनी, जब मैं 8 स्टैंडर्ड में पढ़ता था। बाद में जब मैं लेखक बना तो सबसे पहले रघु अंकल ने सुजान सिंह पार्क वाले अपने घर बुलाकर मुझे बहुत प्रोत्साहित किया था। मंजीत बाबा ने अपने पेंटिंग संकलन से आठ छवियां चुनकर उनके प्रिंट और स्लाइड्स दिए थे कि पसंद आए तो अपनी किताबों के कवर पर इस्तेमाल करना। बाद में 'सहित' पत्रिका के दो अंकों पर वही कवर के रूप में प्रयुक्त हुआ। घर में कितनी ही तस्वीरें रघु राय जी ने खींची, तो पहली बार तस्वीरों में उस तरह राजसदन उभरा, जिसकी कल्पना भी उतने सुंदर ढंग से मैं उस किशोर वय में कर नहीं सकता था। पापा के साथ उन सबके खिलखिलाने की अनेक स्मृतियां मन पर अंकित हैं।

**पहले मंजीत बाबा गए, फिर पापा.. और अब रघु राय..**

**प्रणाम रघु अंकल**

# गृह मंत्रालय 22 मई को लद्दाख के मुद्दे पर करेगा नई बैठक

**श्रीनगर।** गृह मंत्रालय ने लद्दाख की लंबे समय से चली आ रही लंबित मांगों को पूरा करने की दिशा में आखिरकार 22 मई को बैठक बुलाने का फैसला किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि यह बैठक प्रमुख हितधारकों के साथ रचनात्मक लोकतांत्रिक बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप एक स्थाई समाधान का मार्ग प्रशस्त करने में मदद करेगी।

● पिछले साल सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी के बाद टूट गई थी वार्ता

उपराज्यपाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को टैग करते हुए लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 22 मई को राजनीतिक बातचीत के लिए बनी उप-समिति की बैठक बुलाने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय ने यह कदम केंद्र शासित प्रदेश में हाल के महीनों में बढ़ी हुई राजनीतिक और सिविल सोसायटी की गतिविधियों की पृष्ठभूमि में उठाया है। जाने-माने पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को विरोध-प्रदर्शन भड़काने के आरोपों में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लिया गया था। अब उन्हें पिछले महीने रिहा कर दिया गया है। उन्होंने रिहाई के बाद केंद्र सरकार से लद्दाख के नेतृत्व के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का आग्रह किया था।

# संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के चारों उम्मीदवारों पर बरसे कड़े सवाल

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने की दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों ने इस सप्ताह दुनिया में शांति बहाल करने, बढ़ती गरीबी रोकने और वैश्विक संकटों से निपटने जैसे मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने इसे नौकरी के लिए दुनिया के सबसे कठिन साक्षात्कारों में से एक बताया।

इन उम्मीदवारों में चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत, अर्जेंटीना के राफेल ग्रोसी, कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल शामिल हैं। इसके अलावा, बाद में अन्य उम्मीदवार भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कार्यकाल एक जनवरी को समाप्त होगा।

# अफसरों को निशाना बनाना चाहता था हमलावर

## ट्रंप ने किया लिखित नोट बरामद होने का दावा, व्हाइट हाउस में बॉलरूम बनाने की मांग की

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि व्हाइट हाउस के संवाददाताओं के संघ (डब्ल्यूएचसीए) के रात्रिभोज समारोह में हथियारों के साथ घुसने की कोशिश करने वाले आरोपी के पास ऐसे लिखित दस्तावेज मिले हैं, जिनमें ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों को निशाना बनाने की बात कही गई थी।

ट्रंप ने यह भी कहा कि इस संदिग्ध के परिवार ने कार्यक्रम से पहले ही कनेक्टिकट पुलिस से संपर्क कर उसके बारे में चिंता जताई थी। उन्होंने यह टिप्पणी फॉक्स न्यूज चैनल को दिए एक साक्षात्कार में की। इस घटनाक्रम के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने रविवार को व्हाइट हाउस परिसर के भीतर एक उच्च सुरक्षा वाला बॉलरूम बनाने का फिर से आह्वान किया। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, यह घटनाक्रम नहीं होता अगर ये कार्यक्रम व्हाइट हाउस में निर्माणाधीन सैन्य रूप से अत्यंत गोपनीय 'बॉलरूम' में हुआ होता। उन्होंने इस मामले (बॉलरूम निर्माण) में अदालती मुकदमा वापस लेने की भी मांग की।

एक संघीय अदालत ने व्हाइट हाउस के पूर्वी विंग में 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से एक भव्य बॉलरूम के निर्माण के प्रयासों पर रोक लगा दी है, जिसमें संसद की मंजूरी की आवश्यकता और संरक्षण कानूनों के उल्लंघन का हवाला दिया गया है। ट्रंप प्रशासन ने अपील दायर की है, जिसकी सुनवाई पांच जून को होने की उम्मीद है। कहा, हमारी सेना, सीक्रेट सर्विस, कानून प्रवर्तन एजेंसियां और अलग-अलग कारणों से पिछले 150 वर्षों से हर राष्ट्रपति यह मांग करते आ रहे हैं कि व्हाइट हाउस के परिसर में एक विशाल, सुरक्षित और संरक्षित बॉलरूम बनाया जाए।



वाशिंगटन डीसी में गोलीबारी की घटना के बाद होटल में पहुंचे सुरक्षाकर्मी।

### दुनिया भर के नेताओं ने कहा- हिंसा अस्वीकार्य

**वाशिंगटन।** विश्व नेताओं ने राहत जताई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत सभी मेहमान सुरक्षित हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने इस घटना को चिंताजनक घटना बताया। एक्स पर लिखा, राहत है कि ट्रंप समेत सभी अतिथि सुरक्षित हैं। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा कि राजनीतिक हिंसा कभी भी उचित नहीं ठहराई जा सकती। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने कहा, दुनिया में कहीं भी हिंसा को कभी बर्दाशत नहीं किया जाना चाहिए। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबॉम, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, वेनेजुएला की राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी घटना की निंदा की।

● **ये सिर्फ ट्रंप नहीं, अमेरिका पर हमला :** इजराइल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने इस घटना को सभी लोकतंत्रों पर हमला बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यह सिर्फ डोनाल्ड ट्रंप पर हमला नहीं था। यह अमेरिका पर हमला था। यह लोकतंत्र पर हमला था, यह सभी लोकतंत्रों पर हमला था।

### रिपब्लिकन और डेमोक्रेट नेताओं का एक सुर... अमेरिका में हिंसा की कोई जगह नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक होटल में हुई गोलीबारी में बाल-बाल बचने के बाद रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक दोनों पार्टी के नेताओं ने एक स्वर में कहा कि अमेरिका में राजनीतिक हिंसा की कोई जगह नहीं है। वरिष्ठ डेमोक्रेट नेता और ट्रंप की प्रमुख आलोचक नैन्सी पेलोसी ने कहा कि यह बड़ी राहत की बात है कि राष्ट्रपति, प्रथम महिला और व्हाइट हाउस संवाददाताओं के रात्रिभोज में मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। मेरा परिवार राजनीतिक हिंसा झेल चुका है, इसलिए घायल अधिकारी और इस घटना से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रही हूं। रिपब्लिकन नेता स्टीव स्कैलीस ने एक्स पर लिखा, हमारे देश में हिंसा की कोई जगह नहीं है। मिशिगन से डेमोक्रेट सांसद श्री थानेदार ने कहा कि राजनीतिक हिंसा कभी स्वीकार्य नहीं हो सकती। डेमोक्रेट नेता सुहास सुब्रमण्यम ने बताया कि वह लॉबी से एस्केलेटर के जरिये नीचे उतर रहे थे, तब सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें गोलीबारी से बचाया।

### गोलियां चलीं तो मेजों के नीचे छिपे होटल में मौजूद लोग

हमलावर ने गोलियां चलानी शुरू कीं तो होटल में मौजूद सैकड़ों लोगों में दहशत फैल गई। वे जान बचाने के लिए मेजों के नीचे छिप गए। जैसे ही लोगों को स्थिति का एहसास हुआ, बॉलरूम में दहशत फैल गई। सैकड़ों पत्रकार सूचनाएं साझा करने के लिए फोन पर जुट गए। किसी को चिल्लाते हुए सुना गया हट जाइए, सर! कुछ लोग निर्देश दे रहे थे कि झुक जाइए। एक कोने से "गॉड ब्लेस अमेरिका" की आवाजें भी सुनाई दीं। इसी बीच ट्रंप को मंच से सुरक्षित बाहर ले जाया गया। इस दौरान वह क्षण भर के लिए संभवतः ठोकर लगने से लड़खड़ाए और सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें तुरंत संभाल लिया। होटल के बाहर नेशनल गार्ड के सदस्य और अन्य अधिकारी इलाके में पहुंच गए जबकि हेलीकॉप्टर ऊपर चक्कर लगा रहे थे। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कहा कि वह और उनकी पत्नी केली दोनों इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा, आज रात वे अपने देश के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। प्रतिनिधि सभा के डेमोक्रेटिक नेता एवं न्यूयॉर्क के सांसद हकीम जेफ्रीज ने कहा, अमेरिका में हिंसा और अराजकता का अंत होना चाहिए।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** - आज अपने काम की दिशा तय करना जरूरी होगा। हर मौके के पीछे भागने के बजाय एक लक्ष्य पर फोकस करें।

**तुला** - आज लोगों के साथ मिलकर काम करने से फायदा मिलेगा। संपर्क आपके काम आएंगे। अकेले सब संभालने की कोशिश न करें।

**वृष** - आज घर और काम के बीच संतुलन बिगड़ सकता है। जो काम टल सकता है, उसे बाद के लिए छोड़ना बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** - आज काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आपको खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। ध्यान बनाए रखें और काम अधूरा न छोड़ें।

**मिथुन** - आज बातचीत आपकी ताकत बनेगी। किसी से सही समय पर की गई बात काम आसान कर सकती है।

**धनु** - आज कुछ नया सीखने या करने का मौका मिलेगा। अपने दायरे से बाहर निकलने की कोशिश करें। यही बदलाव आपको आगे बढ़ाएगा।

**कर्क** - आज पैसों को लेकर सावधानी जरूरी है। कोई खर्च करने से पहले दो बार सोचें। बचत पर ध्यान देंगे तो आगे राहत मिलेगी।

**मकर** - आज किसी स्थिति को लेकर जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से बचें। पहले पूरी जानकारी लें, फिर कदम उठाएं। धैर्य ही फायदा देगा।

**सिंह** - आज आपका आत्मविश्वास ही आपकी पहचान बनेगा। जो सोच रहे हैं, उसे शुरू करने का सही समय है।

**कुंभ** - आज रिश्तों और सहयोग पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

**कन्या** - आज थोड़ा पीछे हटकर स्थिति को समझना बेहतर रहेगा। हर चीज में तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। शांत रहकर लिया गया निर्णय सही रहेगा।

**मीन** - आज काम का दबाव रहेगा, लेकिन सही प्लानिंग से आप सब संभाल लेंगे। काम पर ध्यान दें, सब कुछ एक साथ करने की कोशिश न करें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 27 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, एकादशी 18.15 तक तत्पश्चात द्वादशी।

दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

**नक्षत्र**-पूर्वाफाल्गुनी 09.18 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

### सुडोकू - 131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 |

### सुडोकू -132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 8 | | | 6 | 9 | | |
| | 1 | | | | 4 | 5 | 2 | |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| | 5 | | 7 | | 8 | | | |
| | 9 | | | 2 | | 7 | | |
| | 4 | 9 | 6 | | | | 7 | |
| 6 | | 2 | 5 | | | 1 | | |
| | | | 8 | | | | | |

एस्ट्रोलैब

आयोजकों को 15 से 25 करोड़ रुपये तक में नीलाम होने की उम्मीद

# लंदन में नीलाम होगा जयपुर राजपरिवार का 17वीं सदी का स्मार्टफोन

लंदन/जयपुर, एजेंसी

जयपुर के शाही संग्रह की सबसे बेशकीमती वैज्ञानिक विरासतों में से एक 17वीं शताब्दी का एक विशाल एस्ट्रोलेब (खगोलीय गणना यंत्र) 29 अप्रैल को लंदन के सोथबी नीलामी घर में वैश्विक बोली के लिए तैयार है। पीतल से बने इस अद्भुत यंत्र को विशेषज्ञों ने बहुमुखी क्षमताओं के कारण उस दौर का सुपर कंप्यूटर और प्राचीन स्मार्टफोन करार दिया है।

सोथबी के इस्लामिक एंड इंडियन आर्ट विभाग के प्रमुख बेनेडिक्ट कार्टर ने इस यंत्र को अब तक का सबसे विशाल और दुर्लभ खगोलीय उपकरण बताया है। इसकी ऐतिहासिक जड़ें जयपुर के पूर्व महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय के निजी संग्रह से जुड़ी हैं। महाराजा के निधन के बाद यह उनकी पत्नी और विश्वप्रसिद्ध महारानी गायत्री देवी के पास रहा, जहां से यह कालांतर में एक निजी संग्रह का हिस्सा बन गया। अब पहली बार इसे सार्वजनिक मंच पर प्रदर्शित और नीलाम किया जा रहा है। तकनीकी और वैज्ञानिक दृष्टि से यह यंत्र अपने समय की कला का शिखर है। इसका वजन 8.2 किलोग्राम और ऊंचाई लगभग 46 सेंटीमीटर है, जो सामान्य एस्ट्रोलेब की तुलना में चार गुना बड़ा है।

इसकी दुर्लभता और शाही जुड़ाव को देखते हुए, विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह 1.5 से 2.5 मिलियन पाउंड (लगभग 15 से 25 करोड़ रुपये) के बीच बिक सकता है, जो खगोलीय यंत्रों की नीलामी के पिछले सभी विश्व रिकॉर्ड तोड़ सकता है। इस यंत्र की खूबियों के कारण विश्व भर के संग्रहालय और निजी संग्रहकर्ता इस अनूठी वैज्ञानिक धरोहर को हासिल करने के लिए उत्सुक हैं।

### इतनी खूबियां किसी और खगोलीय यंत्र में नहीं

इस यंत्र की सबसे बड़ी खूबी इसका 'ऑल इन वन' गैजेट होना है। ऑक्सफोर्ड की इतिहासकार डॉ. फेडेरिका गिगेंटे के अनुसार, इसके जरिए 17वीं सदी में खगोलशास्त्री सूर्योदय-सूर्यास्त का समय, तारों की सटीक स्थिति, किसी कुएं की गहराई और इमारतों की ऊंचाई माप सकते थे। इसके अलावा, इसका उपयोग मक्का की दिशा निर्धारित करने और पंचांग की सहायता से सटीक कुंडलियां तैयार करने के लिए भी किया जाता था। सांस्कृतिक रूप से यह यंत्र मुगलकालीन भारत की मिलीजुली विरासत का जीवंत प्रमाण है। इसे 17वीं सदी की शुरुआत में लाहौर (अब पाकिस्तान) के मशहूर लाहौर स्कूल के दो भाइयों कायम मुहम्मद और मुहम्मद मुकीम ने बनाया था। इस यंत्र पर तारों के नाम फारसी में अंकित हैं, जिनके ठीक बगल में उनके संस्कृत नाम देवनागरी लिपि में उकेरे गए हैं, जो उस दौर में विज्ञान और संस्कृति के अद्भुत समन्वय को दर्शाता है। यह एस्ट्रोलेब लाहौर के तत्कालीन प्रशासक आका अफजल के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया था, जो मुगल सम्राट जहांगीर और शाहजहां के शासनकाल में ऊंचे पदों पर तैनात थे। इसमें 94 शहरों के अक्षांश और देशांतर के साथ-साथ 38 तारों के पॉइंटर्स दिए गए हैं, जो आज भी इतने सटीक हैं कि किसी भी खगोलीय पिंड की ऊंचाई की एकदम सही डिग्री बता सकते हैं।





मुझे लगता है कि वैभव सूर्यवंशी मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद को इतनी जोर से मारता है कि उसे देखना बहुत अच्छा लगता है। एक गेंदबाज के तौर पर आपको बिल्कुल स्टीक गेंद डालनी होती है, क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करते, तो गेंद बहुत दूर तक जाता है।
–पैट कमिंस, हैदराबाद के कप्तान


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हल्द्वानी, सोमवार, 27 अप्रैल 2026


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप





- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –380 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान–357 रन
- केएल राहुल दिल्ली–357 रन

## पर्पल कैप





- अंशुल कंबोज चेन्नई –14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद–14 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान–13 विकेट

# कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए लखनऊ सुपर जाएंट्स से अकेले लड़े रिंकू सिंह

## आईपीएल-2026 : दिया 156 रनों का लक्ष्य, मोहसिन ने 5 विकेट लेकर रचा इतिहास

लखनऊ, एजेंसी

मोहसिन खान की तूफानी गेंदबाजी से मुश्किलों में घिरे कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिंकू सिंह के तेजतर्रार अर्धशतक से इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सात विकेट पर 155 रन बनाए।

मोहसिन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 23 रन देकर पांच विकेट चटकाए और सुपर जाएंट्स के शीर्ष और मध्यक्रम को ध्वस्त किया। स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने भी 18 रन देकर एक विकेट चटकाया। नाइट राइडर्स की ओर से रिंकू ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी के दौरान 51 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों से नाबाद 83 रन की पारी खेलने के अलावा कैमरन ग्रीन (34) के साथ पांचवें विकेट के लिए 42 और सुनील नारायण (नाबाद 04) के साथ आठवें विकेट के लिए 30 गेंद में 62 रन की अटूट साझेदारी की। रिंकू और ग्रीन के अलावा कप्तान अजिंक्य रहाणे (10) ही दोहरे अंक में पहुंच गए। सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसे मोहसिन ने बिल्कुल सही साबित करते हुए नाइट राइडर्स का स्कोर चार विकेट पर 31 रन कर दिया। मोहसिन ने दूसरे ओवर में ही टिम सीफर्ट (00) को मुकुल चौधरी के हाथों कैच करा दिया। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मोहम्मद शमी पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन मोहसिन की गेंद को एडेन मारक्रम को कैच दे बैठे। अंगकृष रघुवंशी (09) इसके बाद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण आउट हुए।

नाइट राइडर्स की टीम पावर प्ले में तीन विकेट पर 31 रन ही बना सकी। मोहसिन ने रोवमैन पावेल (01) को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराके नाइट राइडर्स को चौथा झटका दिया। कैमरन ग्रीन ने नौवें ओवर में जॉर्ज लिंडे पर दो छक्कों के साथ टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। ग्रीन ने मोहसिन पर भी छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर भाग्यशाली रहे जब गेंद दिग्वेश राठी और प्रिंस यादव के बीच में गिर गई। ग्रीन हालांकि एक गेंद बाद पंत को कैच दे बैठे। मोहसिन ने अगली गेंद पर अनुकूल रॉय (00) को भी आयुष बडोनी के हाथों कैच कराके करियर में पहली बार पांच विकेट हासिल किए और सुपर जाइंट्स का छह विकेट पर 73 रन किया। रिंकू सिंह ने अंतिम ओवर में लगातार चार छक्कों के साथ टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।



नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह। एजेंसी

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

**155/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का मारक्रम बो मोहसिन | 10 |
| टिम सीफर्ट का चौधरी बो मोहसिन | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड | 09 |
| कैमरन ग्रीन का पंत बो मोहसिन | 34 |
| रोवमैन पावेल का पंत बो मोहसिन | 01 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 83 |
| अनुकूल का बडोनी बो मोहसिन | 00 |
| रमनदीप सिंह का मार्श बो लिंडे | 06 |
| सुनील नारायण नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त**: 08, **विकेट पतन**: 1-3, 2-16, 3-27, 4-31, 5-73, 6-73, 7-93

**गेंदबाजी**: शमी 4-0-34-0, मोहसिन खान 4-1-23-5, प्रिंस 4-0-24-0, दिग्वेश 4-0-46-0, लिंडे 2-0-18-1, मारक्रम 2-0-9-0

**23** रन सिर्फ दिए मोहसिन खान आधी टीम को पैवेलियन भेजने में

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

## लखनऊ-कोलकाता मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण रघुवंशी आउट



**लखनऊ।** कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान 'क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने' के लिए आउट दे दिया गया। इक्कीस साल के रघुवंशी आईपीएल इतिहास में इस तरह आउट होने वाले सिर्फ चौथे बल्लेबाज हैं। इस तरह आउट होने वाले सभी बल्लेबाज भारतीय हैं। नौ रन पर आउट होने वाले रघुवंशी इस फैसले से खुश नहीं थे और उन्होंने मैदान पर मौजूद अंपायरों से इस बारे में बहस भी की लेकिन मुंबई के इस विकेटकीपर बल्लेबाज को आखिरकार अपने खिलाफ दिए गए फैसले के कारण पवेलियन लौटना पड़ा। प्रिंस यादव के पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर रघुवंशी ने गेंद को मिड ऑन की तरफ हल्के से धकेला और एक रन लेने के लिए दौड़ पड़े। हालांकि कुछ कदम दौड़ने के बाद कैमरन ग्रीन ने उन्हें वापस लौटने के लिए कहा। वापस मुड़ते समय वह पिच पर 'डेंजर जोन' में भी चले गए और इसी दौरान वह मोहम्मद शमी की फेंकी हुई गेंद के रास्ते में आ गए। क्रीज में पहुंचने के लिए कूदते हुए गेंद उनके शरीर से टकरा गई। तीसरे अंपायर रोहित पंडित ने शमी और लखनऊ सुपर जाएंट्स की उस अपील को मान लिया जिसमें रघुवंशी पर 'क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने' का आरोप था और नाइट राइडर्स के इस बल्लेबाज को आउट घोषित कर दिया। इसके बाद रघुवंशी ने गुस्से में अपना हेलमेट जमीन पर पटका और तब नाइट राइडर्स के मुख्य कोच अभिषेक नायर को टीम के डगआउट के पास चौथे अंपायर से बहस करते हुए देखा गया। ऐसा पहला मामला आईपीएल 2013 में सामने आया था जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को नाइट राइडर्स की तरफ से मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलते हुए 72 रन के स्कोर पर क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने के कारण आउट घोषित कर दिया गया था। आईपीएल 2019 के एलिमिनेटर मैच में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलते हुए अमित मिश्रा इस तरह से आउट होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। आईपीएल 2024 में चेन्नई की तरफ से राजस्थान के खिलाफ रविंद्र जडेजा क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने के कारण आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी बने।

**हाईलाइट**

### मैच के दौरान तबीयत खराब होने के बाद स्वियातेक हटीं

**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक शनिवार को यहां अमेरिकी खिलाड़ी एन ली के खिलाफ एक अज्ञात बीमारी के कारण मैच के बीच से हटने से मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब ली 7-6(4), 2-6, 3-0 से आगे चल रही थी। मैड्रिड में 2024 की चैंपियन स्वियातेक ने निर्णायक सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया। वह कोर्ट पर लौटीं, लेकिन ली ने अपनी सर्विस बरकरार रखी जिसके बाद उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने गुरुवार को अपने दूसरे दौर के पहले मैच में डारिया स्निगुर को सीधे सेटों में हराया था। इस तरह से विश्व में 34वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली ने शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की दूसरी जीत दर्ज की।

### भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग।** दीप्ति शर्मा (नाबाद 36 रन/ पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से शिकस्त दी। यह पांच मैचों की सीरीज में भारत की पहली जीत है। दीप्ति शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को दीप्ति शर्मा के कहर का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 14 रनों से मुकाबला हार गई। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रन बनाए।

### उबर कप : भारत की क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद जगी

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

# हार से आहत दिल्ली का सामना संतुलित आरसीबी से

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाने के बावजूद हार से आहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अगर सोमवार को यहां आईपीएल के मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की संतुलित टीम के खिलाफ वापसी करनी है तो उसे अपने पिछले प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। पंजाब किंग्स ने रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके छह विकेट से जीत दर्ज की जिससे दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुरी तरह से हिल गई है। इस मैच में उसके गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। दिल्ली की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अब उसका मुकाबला आरसीबी जैसी एक और मजबूत टीम से है जो सात मैच में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

दिल्ली ने अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। केएल राहुल की अगुवाई वाले उनके शीर्ष क्रम ने लगातार तेज शुरुआत दी है, जबकि नितीश राणा और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों ने बीच ओवरों में लय बनाए रखने में मदद की है। उसके गेंदबाज हालांकि अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पा रहे हैं। विशेषकर डेथ ओवरों में उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार। एजेंसी

### कई अहम पहलू बढ़ाएंगे मैच का रोमांच

दिल्ली और आरसीबी के बीच होने वाले मुकाबले में कुछ पहलू महत्वपूर्ण होंगे। आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अहम साबित होगा। इसके अलावा बीच के ओवरों में उसके बल्लेबाजों और आरसीबी के स्पिन गेंदबाजों के बीच मुकाबला मैच के परिणाम का फैसला कर सकता है। आखिरी ओवरों में सारी निगाहें दिल्ली के गेंदबाजों पर टिकी होंगी, जिन पर पंजाब के खिलाफ मिली करारी हार के बाद खुद को साबित करने का दबाव होगा। वहीं आरसीबी के अनुभवी गेंदबाज मैच का रुख मोड़ने की कोशिश करेंगे। अब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में यह मुकाबला दो अंकों से भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। यह दिल्ली के धैर्य की परीक्षा है और बेंगलुरु के लिए अपनी श्रेष्ठता साबित करने का अवसर है।

- 264 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बावजूद पंजाब से हार गई थी दिल्ली

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स**: अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन और कुलदीप यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु**: रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, और विहान मल्होत्रा।

# साई सुदर्शन की शानदार पारी से गुजरात ने चेन्नई को बुरी तरह रौंदा

चेन्नई, एजेंसी

गुजरात टाइटंस ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (87 रन) के अपने घरेलू मैदान पर लगाए गए अर्धशतक की मदद से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आठ विकेट से शिकस्त दी।

गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों के दबदबे के बावजूद सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद 74 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जिससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम सात विकेट पर 158 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटंस के लिए कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि अरशद खान को 43 रन देकर दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार को एक एक विकेट मिला। सलामी बल्लेबाज सुदर्शन (46 गेंद, चार चौके, सात छक्के) और जोस बटलर (नाबाद 39 रन) की पारियों से गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर जीत हासिल की। सुदर्शन 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए और चौथी गेंद पर बटलर ने छक्का जड़कर टीम को आसान जीत दिलाई। सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल (33 रन, 23 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) ने अच्छी शुरूआत की। गिल के आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर (30 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने मिलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। सुदर्शन और गिल ने पावरप्ले में 55 रन बना लिए थे जबकि सीएसके का स्कोर तीन विकेट पर 28 रन था। शुभमन गिल सातवें ओवर में नूर अहमद की गेंद पर आउट हुए जब सतर्क विकेटकीपर संजू सैमसन ने उनके स्टंप उखाड़ दिए।

गुजरात टाइटंस ने 10 ओवर में एक विकेट पर 82 रन बना लिए थे। सुदर्शन ने अपनी पारी के दौरान कुद दर्शनीय शॉट लगाए और अकील हुसैन की गेंद पर आउट होने से पहले टीम को जीत तक पहुंचा दिया। इससे पहले गायकवाड़ 60 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और चार छक्के जमाकर फॉर्म में लौटे। उनके अलावा शिवम दुबे ने 22 रन का योगदान दिया और जेमी ओवरटन ने अंत में छह गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 18 रन की उपयोगी पारी खेली।

सिराज और रबाडा ने चिलचिलाती गर्मी में चेपॉक स्टेडियम की उछाल भरी पिच पर शानदार गेंदबाजी की। सिराज ने पहले ओवर में शानदार शुरूआत करते हुए महज एक रन दिया। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले संजू सैमसन (11 रन) जल्द आउट हो गए। कप्तान गायकवाड़ ने तीसरे ओवर में सिराज पर कवर और फाइन लेग पर दो शानदार चौके लगाकर हाथ खोले। पर चौथे ओवर में सीएसके को दोहरे झटके लगे।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते साई सुदर्शन। एजेंसी

**चेन्नई सुपर किंग्स**

**158/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का बटलर बो रबाडा | 11 |
| रुतुराज गायकवाड़ नाबाद | 74 |
| उर्विल पटेल का होल्डर बो रबाडा | 04 |
| सरफराज खान का बटलर बो सिराज | 00 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का गिल बो सुथार | 02 |
| शिवम दुबे बो अरशद | 22 |
| कार्तिक शर्मा का होल्डर बो रबाडा | 15 |
| जेमी ओवरटन का शाहरूख बो अरशद | 18 |
| अकील हुसैन नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त**: 12, **विकेट पतन**: 1-21, 2-25, 3-26, 4-37, 5-96, 6-122, 7-143

**गेंदबाजी**: सिराज 4-0-23-1, रबाडा 4-0-25-3, सुथार 3-0-22-1, होल्डर 4-0-22-0, अरशद 4-0-43-2

- सीएसके को 158 रनों पर रोक 20 गेंद रहते पाया लक्ष्य
- कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए

**गुजरात टाइटंस**

**162/2** (16.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का ब्रेविस बो हुसैन | 87 |
| शुभमन गिल स्टं सैमसन बो नूर | 33 |
| जोस बटलर नाबाद | 39 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त**: 02, **विकेट पतन**: 1-58, 2-155,

**गेंदबाजी**: अकील हुसैन 3.4-0-46-1, अंशुल कंबोज 3-0-16-0, जेमी ओवरटन 2-0-28-0, गुरजपनीत 3-0-36-0, नूर अहमद 4-0-29-1, शिवम दुबे 1-0-7-0

**प्रेरणादायी**

**सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन ने बताया अपनी सफलता का राज**

# जब भारतीय टीम में नहीं था, तब घरेलू क्रिकेट में मेहनत की

नई दिल्ली, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने खुलासा किया कि भारतीय टीम से लगभग दो साल तक बाहर रहने पर निराश होने के बजाय उन्होंने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता लाने के लिए अपने खेल में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया।

किशन ने इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला और टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में वापसी की। इससे पहले उन्होंने घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी संभव हो पाई। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 500 से अधिक रन बनाए। उनकी कप्तानी में झारखंड में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलने वाले किशन ने कहा जब मैं भारतीय टीम से बाहर था तो मैंने खुद से कहा कि मैं इसको लेकर रोना नहीं रो सकता या उदास नहीं हो सकता। किसी भी खिलाड़ी के लिए ऐसा करना सबसे आसान होता है। इससे शायद कुछ लोगों की सहानुभूति मिल जाए, शायद आपको अच्छा भी लगे, लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा राष्ट्रीय टीम में वापसी करने का एकमात्र तरीका रन बनाना था। मैं बस अपने खेल में सुधार करना चाहता था और जितना हो सके उतने रन बनाना चाहता था, भले ही इसका मतलब किसी भी अन्य बल्लेबाज से ज्यादा छक्के लगाना हो।



किशन ने कहा कि राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के दौरान खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और भी बढ़ गई और इसी लगन ने उन्हें घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा लगातार रन बनाने से ही आप टीम में वापसी कर सकते हैं। यदि एक सत्र में 300 रन काफी नहीं हैं तो 400 रन बनाएं। अगर यह भी काफी नहीं है तो 500 रन बनाएं। आखिर क्रिकेट ही हमारी रोजी-रोटी है। किशन ने कहा जब आप टीम से बाहर होते हैं तो आपको इसकी अहमियत समझ आती है और आप हर मैच का सम्मान करने लगते हैं। आपके अंदर अच्छा प्रदर्शन करने और जीत हासिल करने की ललक जाग उठती है। मेरा भी यही लक्ष्य था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं।

### तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर बनाया सामंजस्य

ईशान किशन ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में कहा कि इससे उन्हें पारी को गति देने और आखिर तक बल्लेबाजी करने का आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा इतने वर्षों तक तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में खेलने के बाद अगर आप अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा लेते हैं तो फिर आप आखिर तक बल्लेबाजी करने और बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करते हैं। मैं चीजों को सरल बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ करते हुए कहा वह सुपरस्टार बन सकता है।